राजधानी ••
वर्ष 17 | अंक 165 | पृष्ठ : 16
मूल्य : साढ़े तीन रुपये
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
सोमवार, 23 सितंबर 2019

LOVED IN 70 COUNTRIES

BAJAJ | THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN

त्यौहार आया
समय से पहले!

घर लाइए
THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN

₹7200/-* तक की बचत

₹6000/-* तक की छूट + 5 फ्री सर्विसेस + 5 साल की फ्री वॉरंटी



नया C110 | नया PLATINA H GEAR 110 | 2019 इडिशन् pulsar 150 | 2019 इडिशन् pulsar 220F | 2019 इडिशन् DOMINAR 400

बचत

₹3200/-* | ₹3700/-* | ₹4200/-* | ₹5000/-* | ₹7200/-*

आकर्षक बचत Avenger, V और Discover पर भी उपलब्ध

कोई छुपा ख़र्च नहीं! कम डाउन पेमेंट की शुरूआत ₹3526/-# या ₹0/-* प्रोसेसिंग फ़ीस

Call 7219821111 | For Institutional / Bulk orders, please send an e-mail to corporatesales@bajajauto.co.in | OFFER VALID TILL 8TH OCTOBER, 2019

*नियम व शर्तें लागू. Dominar 400 के लिए ₹7200/- की बचत और ₹6000/- की छूट राशि. अधिक जानकारी के लिए विज़िट करें www.bajajauto.com/festiveoffer. स्कीम CT100 KS को छोड़कर CT, Platina, Pulsar, Discover, V, Avenger और Dominar के सभी मॉडल्स पर मान्य है. स्कीम केरल, मिजोरम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, नागालैंड, सिक्किम और श्रीनगर में उपलब्ध नहीं है. फ़ायनांस की उपलब्धता फ़ायनांसर के संपूर्ण विवेकाधीन. बजाज ऑटो बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी या सभी प्रस्तावों को संशोधित या वापस लेने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखते हैं. #CT100 ES के लिए डाउन पेमेंट राशि. अतिरिक्त DCC चार्जेस लागू.

BAJAJ FINANCE LTD - AF

Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd. DELHI: • **CENTRAL DELHI: Karol Bagh** BAGGALINK BAJAJ 23550011 /9910399106 • **NORTH DELHI: Pitampura** BAGGALINK BAJAJ 9910399107 • **Budh Vihar, Rohini** BAGGALINK BAJAJ 9910399108 • **Rithala** BAGGALINK BAJAJ 9910399115 • **G.T. Karnal Road** BAGGALINK BAJAJ 9910399172 • **Najafgarh** BAGGALINK BAJAJ 9910399235 • **Narela** JS BAJAJ 9711998152 • **Burari** JS BAJAJ 9711998154 • **Bawana** JS BAJAJ 9711998155 • **Peeragarhi** JS BAJAJ 7290017525 • **Wazirpur** SWADESHI BAJAJ 43304444 • **Inderlok** SWADESHI BAJAJ 9250211933 • **WEST DELHI: Dwarka** DEWAN BAJAJ 9313382111 • **Uttam Nagar, Metro Pillar No.718** DEWAN BAJAJ 9313382555/444 • **Tilaknagar** DEWAN BAJAJ 9136222340 • **Mundka** JS BAJAJ 9711998153 • **Raja Garden** SWADESHI BAJAJ 40044444 /9210600907 • **SOUTH DELHI:** • **Mahipalpur** BAGGALINK BAJAJ 9910399119/239 • **Lajpat Nagar-II** DEWAN BAJAJ 46648000 • **Green Park** DEWAN BAJAJ 26192874 • **Chattarpur** DEWAN BAJAJ 9773755060 • **Okhla** TCS BAJAJ 8285119020 • **EAST DELHI** • **Shahdara** RAJIV BAJAJ 9818880088 • **Bhajanpura** RAJIV BAJAJ 9717770007 • **Near Dilshad Garden Metro Station** RAJIV BAJAJ 9971812222 • **2nd Pushta, Usmanpur** RAJIV BAJAJ 9958770101 • **South Ganesh Nagar** GLOBAL BAJAJ 9319420888/9319431888.

मार्ग

amarujala.com अमर उजाला

नई दिल्ली
सोमवार, 23 सितंबर 2019

नौकरी के लिए आवेदन करते वक्त रेज्यूमे के साथ कवर लेटर देता है पर्सनल टच...

कवर लेटर का होता है असर

नौकरी ढूंढने के लिए रेज्यूमे तो तैयार कर लिया, परंतु, क्या आपने इसका कवर लेटर बनाया? दरअसल, कवर लेटर रिक्रूटर को आपके बारे में जानने और आपके रिज्यूमें को ठीक से पढ़ने के लिए प्रेरित करता है। यदि आपको कवर लेटर लिखना नहीं आता है, तो इंटरनेट पर इसके सैंपल को देख सकते हैं। पर, कभी भी किसी सैंपल कवर लेटर की नकल नहीं करें। अपने शब्दों में कवर लेटर लिखें, और इस बात का उल्लेख जरूर करे कि आप इसे क्यों लिख रहे हैं और आपको नौकरी देने से कंपनी को क्या लाभ होगा।



योग्यताओं का करें उल्लेख

कवर लेटर उस व्यक्ति को संबोधित करते हुए लिखें, जिससे कंपनी में आपको नौकरी के संदर्भ में मिलना हो। यदि आपके मन में नाम को लेकर किसी तरह का संदेह है, तो कंपनी में फोन करके स्पष्ट कर लें कि कवर लेटर किसे संबोधित करते हुए लिखा जाए। कवर लेटर की ओपनिंग पाठक को आकर्षित करने वाली होनी चाहिए। यह भी कहा जा सकता है कि कवर लेटर सेल्स लेटर हैं, यानी इसके द्वारा आप सामने वाले व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। कवर लेटर में अपनी योग्यताओं का उल्लेख करें। यह छोटा और प्वाइंट -टू-प्वाइंट होना चाहिए।

जॉब वॉच


क्लर्क के पदों पर बंपर भर्ती

भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) ने क्लर्क के कुल 7,871 पदों पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। योग्य उम्मीदवार इन पदों के लिए समय से आवेदन कर सकते हैं। हालांकि इसमें आवेदन करने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 01 अक्टूबर, 2019 तक है...

- **पद का नाम :** असिस्टेंट (क्लर्क)
- **कुल पद :** 7,871
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी भी विषय से स्नातक
- **आयु सीमा:** अधिकतम 30 वर्ष (1 सितंबर, 2019 के अनुसार)
- **आवेदन शुल्क:** SC/ST/PwDB वर्ग के लिए - 85 रुपये एवं जीएसटी तथा अन्य वर्ग के लिए 510 रु. और जीएसटी
- **आवेदन प्रक्रिया:** इच्छुक और योग्य उम्मीदवार पात्रता संबंधी समस्त जानकारी को ध्यान से पढ़ने के पश्चात ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें एवं आवेदन पत्र के प्रिंटआउट को आगामी चयन प्रक्रिया के लिए अपने पास सुरक्षित रख लें।
- **आवेदन की अंतिम तिथि:** 01 अक्टूबर, 2019
- **वेबसाइट:** www.licindia.in
- **नोट:** उम्मीदवार कृपया ऑनलाइन आवेदन ही करें। अन्यथा फॉर्म स्वीकार नहीं किया जाएगा।

बुजुर्गों की सेवा में पाएं रोजगार

भारत में बुजुर्गों की स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान ने वृद्धों की देखभाल के लिए कई तरह के पाठ्यक्रम संचालित किए हैं...



स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार से लोगों की आयु में वृद्धि हुई है। इससे दुनियाभर में साठ वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों की संख्या बढ़ी है। समाज के इस वर्ग की जिंदगी को सम्मानजनक, सुविधाजनक एवं सुरक्षित बनाना समाज की जिम्मेदारी है। अगर इस कार्य में वरिष्ठ नागरिकों के लम्बे अनुभव और ज्ञान के लाभ के साथ-साथ जॉब भी मिल जाए तो क्या कहना! बदलती पारिवारिक संरचना व जीवनशैली के कारण वरिष्ठ लोगों की स्थिति में भी अंतर आया है। 2011 की जनगणना के अनुसार बुजुर्गों की संख्या करीब 104 मिलियन थी। साथ ही आश्रित बुजुर्गों का प्रतिशत 14.2 प्रतिशत था। स्वाभाविक है कि इनकी संख्या आज के समय में और बढ़ गई होगी। इस स्थिति को समझते हुए उनके विकास के लिए काम किया जाना जरूरी है। इसी के चलते केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तहत आने वाला राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डिफेंस) ने भारत में बुजुर्गों के प्रति आदर-सम्मान की परंपरा को अधिक मजबूत बनाने के एवं वयोवृद्धों की देखभाल के लिए कई तरह के पाठ्यक्रम संचालित किए हैं।



आज देश की कुल जनसंख्या में वृद्धजनों की हिस्सेदारी 8 फीसदी से ज्यादा है और बदलते सामाजिक दौर में इनके सामने कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याएं आ रही हैं। ऐसे में आज के युवा इनके कल्याण से जुड़े सरकारी संस्थानों, एनजीओ, सिविल सोसाइटी संस्थानों के साथ मिलकर अपने करियर के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों को भी निभा सकते हैं...

माला कपूर शंकरदास, एसो. प्रोफेसर, मैत्रयी कॉलेज (DU) एवं INPEA एशिया प्रमुख

प्रमुख संस्थान

- राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान www.nisd.gov.in
- इंदिरा गांधी ओपन यूनिवर्सिटी www.ignou.ac.in
- ए.डी.एल. इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल http://adnmedical.org
- अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन www.aihe.in
- एनआईएमएस यूनिवर्सिटी https://de.nimsuniversity.org

पाठ्यक्रम

- सर्टिफिकेट कोर्स इन जेरिएट्रिक केयर (6 माह)
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन इनग्रेटेड जेरिएट्रिक केयर (एक वर्ष)
- बेसिक इसु इन जेरिएट्रिक केयर (1 माह कोर्स)
- ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन थीम
- एक/दो दिवसीय प्रोग्राम

सर्टिफिकेट कोर्स इन जेरिएट्रिक केयर (6 माह) सहित सभी पाठ्यक्रमों (कोर्स) को बुजर्गों की विशेष देखभाल को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। प्रशिक्षणार्थी ताकि वृद्धजनों के साथ कार्य करने के अच्छे से अच्छे तरीकों की जानकारी प्राप्त कर सकें। इसके अलावा कई अन्य संस्थान भी हैं, जो बुजुर्गों की देखभाल से संबंधित कोर्सों का संचालन करते हैं। इनमें इग्नू, एनआईएमएस यूनिवर्सिटी इत्यादि के नाम प्रमुख हैं, जिसमें एमबीबीएस योग्यताधारी भी अपने करियर को धार दे सकते हैं।

रोजगार के अवसर

पाठ्यक्रम को पूरा करने के बाद प्रशिक्षणार्थी गैर-सरकारी संस्थानों (राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय), सरकारी संस्थानों और व्यावसायिक क्षेत्रों में अपना करियर हेल्थ वर्कर, सोशल वर्कर, नर्सिंग असिस्टेंट आदि के रूप में बना सकते हैं। बुजुर्गों के वेलफेयर के लिए काम करने वाली एक गैर- सरकारी संस्था के शीर्ष अधिकारी का कहना है कि इस कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त करने से छात्रों को काम करने की व्यवहारिक जानकारी मिलती है। पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा इन इंटिग्रेटेड जेरिएट्रिक केयर-शहरी और ग्रामीण दोनों परिवेशों में वृद्ध व्यक्तियों की बढ़ती हुई जरूरतों को पूरा करने के लिए है। प्रबंधकीय स्तर पर वयोवृद्ध देखभालकर्मियों की जरूरत हमेशा रहती है। इसके लिए एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इस

15-20

हजार रुपये प्रतिमाह तक मिल सकता है शुरुआती वेतन

पाठ्यक्रम में छह विषय सम्मिलित हैं। वृद्धवस्था देखभाल, वृद्धावस्था स्वास्थ्य, वृद्धावस्था देखभाल प्रबंधन, सामाजिक नीति एवं नियोजन, वृद्धावस्था देखभाल परामर्श तथा वृद्धावस्था देखभाल अनुसंधान है। इसमें सैद्धांतिक सत्र व्यावहारिक सत्र, इंटर्नशिप और शोध प्रबंध भी शामिल है। इसके अलावा वृद्धाश्रम देखभाल से जुड़े अलग-अलग टॉपिक पर विद्यार्थी सेमिनार करते हैं। सफल प्रशिक्षणार्थी सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में कार्यक्रम प्रबंधक, मानव संसाधन विकास प्रबंधक, सामुदायिक संगठनों में सलाहकार, अस्पतालों में कल्याण अधिकारी के रूप में करियर बना सकते हैं।

चयन प्रक्रिया

सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम के लिए मैट्रिक पास उम्मीदवार की आयु कम से कम अठारह वर्ष होनी चाहिए, जबकि एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा के लिए उम्मीदवार के स्नातक होने के साथ-साथ उसकी आयु बीस वर्ष या उससे अधिक होना अनिवार्य है। दोनों पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए चयन अखिल भारतीय आधार पर आयोजित सामान्य योग्यता परीक्षा (सीएटी) और इसके बाद सामूहिक चर्चा एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया जाता है।

कल का पंचांग

विक्रमी संवत 2076

02 आश्विन मास शाके 1941

आश्विन मास 08 प्रविष्टे, 24 मुहर्रम हिजरी 1441, आश्विन कृष्ण पक्ष दशमी 16.42 तक उपरांत एकादशी, पुनर्वसु नक्षत्र 10.30 तक उपरांत पुष्य नक्षत्र, परिध योग 15.41 तक उपरांत शिव योग, विष्टि (भद्रा) करण 16.42 तक उपरांत बव करण, चंद्रमा कर्क राशि में दिन रात।

सूर्योदय : 06.14 सूर्यास्त : 18.12

- आज : आश्विन कृष्ण पक्ष नवमी
- कल : दशमी श्राद्ध, शरद ऋतु, सूर्यदक्षिणायने, दक्षिणगोले।
- राहुकाल : दिन में 15.00 से 16.30 तक

आपका राशिफल

मेष राजनीतिक क्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति से संतुष्ट रहेंगे।

वृषभ मानसिक तनाव से बचें। अध्ययन में रुचि रहेगी। विरोधी से सचेत रहें।

मिथुन मानसिक सुख शांति में वृद्धि होगी। करियर में उन्नति संभव है।

कर्क साहस में कमी रहेगी। व्यवसाय में अल्प लाभ होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

सिंह स्वविवेक से कार्य सिद्धि होगी। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव रहेगा।

कन्या सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

तुला मानसिक चिंतन बना रहेगा। कानूनी मामले की चिंता रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा।

वृश्चिक हठवादिता से बचें। आर्थिक दबाव बना रहेगा। यात्रा में कष्ट होगा।

धनु कार्य विशेष में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

मकर सुख शांति में वृद्धि होगी। व्यवसाय में लाभ बढ़ेगा। घर में आनंद रहेगा।

कुंभ उत्साह में वृद्धि होगी। नौकरी में नया पद भार संभव है।

मीन मन प्रसन्न रहेगा। महत्वपूर्ण योजना सफल होगी। नौकरी प्राप्ति संभव है।

सुडोकू

	8					5	6	
4			2				9	7
		2	6			4		
			1	3		2	5	
2								6
	1	7		6	2			
		4			8	9		
8	2				1			4
	3	5					2	

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।



आपका आज जन्मदिन है

23 सितंबर : तनुजा

इस मूलांक के जातक व्यवहार कुशल, बुद्धिमान एवं परिश्रमी होते हैं। 23वें वर्ष से प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होते हैं। ये जातक एक ही कार्य या आजीविका से संतुष्ट नहीं होते। इस वर्ष जीवन में एक सुखद मोड़ आएगा। सामाजिक मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक क्षेत्र में उन्नति होगी। विरोधी परास्त होंगे। विदेश यात्रा के अवसर मिलेंगे। राजनीतिक संबंधों का लाभ मिलेगा। व्यावसायिक स्थिति में सुधार आयेगा। -पं. विनोद त्यागी

आज की फिल्में

स्टार गोल्ड सेलेक्ट एचडी: 12:49 सोनाली केबल, 02:49 हवा हवाई, 04:48 भाग जोनी, **जी सिनेमा :** 01:53 द रिटर्न ऑफ राजू , 04:46 डेरिंग पुलिसवाला, 08:00 जानवर, **बी4यू :** 12:00 कीमत, 04:11 बादशाह, 07:55 आखिरी गुलाम।

बिंदास

ENTERTAINMENT PROMOTIONAL FEATURE

लौट आए सिनेमा के सबसे बड़े बाहुबली



दुनिया भर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पांच फिल्मों में से दो के निर्देशक जेम्स कैमरॉन को लोग सिनेमा में उनके तकनीकी योगदान की वजह से जानते हैं। स्पेशल इफेक्ट्स के वह महारथी हैं। कैमरा कैसे काम करता है, इस चक्कर में अपनी पहली शॉर्ट फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्होंने पूरा कैमरा ही खोल डाला था। समंदर की एक खास तलहटी तक एक ही बार में जा पहुंचने वाले वह इकलौते इंसान भी हैं।

'टाइटैनिक' और 'अवतार' जैसी फिल्मों से दुनिया के कोने कोने में अपनी पहचान बनाने वाले जेम्स कैमरॉन की पहली फिल्म थी 'टर्मिनेटर' और कम लोगों को ही पता होगा कि ये फिल्म कैमरॉन ने अपने एक सपने को आधार बनाकर लिख डाली थी।

इसी फिल्म से उनका रिश्ता मशहूर हॉलीवुड सुपरस्टार अर्नाल्ड श्वार्जेनेगर से बना। टर्मिनेटर दरअसल भविष्य की दुनिया का एक रोबोट है। सीरीज की पहली फिल्म में जॉन कोनोर की मां सारा कोनोर को मारने के लिए एक रोबोट भविष्य से वर्तमान में भेजा जाता है ताकि वह मां ही न बन सके।

सिनेमा की सबसे बड़ी शख्सियतों में शुमार सितारे जेम्स कैमरॉन और अर्नाल्ड श्वार्जेनेगर एक साथ इस साल एक नवंबर को परदे पर फिर लौट रहे हैं। ये संगम हो रहा है टर्मिनेटर सीरीज की नई फिल्म 'डार्क फेट' के लिए जिसे कैमरॉन ने अपने साथियों के साथ बहुत ही करीने से इस तरह लिखा है कि ये इस सीरीज की पहले की दो फिल्मों की कहानियों का सिरा सीधे इस नई फिल्म से बांधती है। 'टर्मिनेटर' सीरीज दुनिया भर की सबसे लोकप्रिय फिल्म सीरीज में से रही है।

टर्मिनेटर: डार्कफेट में होगा कैमरॉन और श्वार्जेनेगर का साथ

कैमरॉन का ऑस्कर करिश्मा

जेम्स कैमरान दुनिया के उन चंद निर्देशकों में से भी हैं जिनकी फिल्मों को करियर शुरू करने के दो साल बाद ही ऑस्कर पुरस्कारों के लिए चुना जाने लगा। कैमरॉन की फिल्मों को अब तक कुल 41 ऑस्कर नामांकन हासिल हुए हैं और इनमें से उनकी फिल्मों ने 21 ऑस्कर पुरस्कार जीते हैं। जेम्स कैमरॉन की फिल्म 'टाइटैनिक' ने कुल 11 ऑस्कर पुरस्कार जीते थे, जो एक रिकॉर्ड है।

वॉर की रिलीज से पहले साथ नहीं दिखेंगे ऋतिक-टाइगर



यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म 'वॉर' में गुरु और चेले बने ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ की दुश्मनी परदे से निकलकर असल जिंदगी में भी असर दिखाने वाली है। मेकर्स का दावा है कि आज से पहले किसी भी हिंदी फिल्म में इस तरह का एक्शन देखने को नहीं मिला है। और फिल्म के अंदर दोनों की जैसी दुश्मनी नजर आ रही है, वह अब प्रमोशन के दौरान भी शुरू हो गई है। फिल्म की रिलीज से पहले टाइगर श्रॉफ और ऋतिक रोशन कहीं भी अब एक साथ नजर नहीं आएंगे।

सूत्र बताते हैं कि 'वॉर' की विपणन रणनीति को इसी तरह से तैयार किया गया है। इरादा ये है कि ऋतिक और टाइगर की पर्दे पर निभाई दुश्मनी की झलक प्रमोशन में भी देखने को मिले। निर्माताओं ने यह तय किया है कि दोनों सितारों की फिल्म के प्रचार के दौरान कोई भी मुलाकात नहीं होगी। फिल्म निर्माता ये भी चाहते हैं कि दर्शक ऋतिक और टाइगर को पहली बार एक साथ सीधे फिल्म में ही देखें। इस बारे में फिल्म के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने कहा कि 'वॉर' में हिंदी फिल्म जगत के दो एक्शन सुपरस्टार नजर आने वाले हैं। हम चाहते हैं कि दर्शक पहली बार दोनों को एक साथ सबसे पहले सिर्फ सिनेमाघरों में ही देखें। इसीलिए स्क्रीन पर दोनों की जो केमिस्ट्री है वह फिल्म के प्रमोशन के दौरान भी जारी रहेगी। इस दौरान वह कहीं भी एक साथ नजर नहीं आएंगे।

फिल्म ही नहीं प्रचार में भी नजर आएगी दोनों की दुश्मनी



जनहित में जारी

डिजिटल रिव्यू: द फैमिली मैन (वेब सीरीज)
कलाकार: मनोज बाजपेयी, प्रियमणि, शारिब हाशमी, नीरज माधव, दर्शन कुमार, श्रेया धन्वतरि आदि। **सृजक:** राज निदिमोरू और कृष्णा डीके, **ओटीटी:** अमेजन प्राइम वीडियो
रेटिंग: ***1/2

ये जासूस कतई फिल्मी नहीं है

ओटीटी पर इन दिनों मौसम जासूसी का है। नेटफ्लिक्स की सीरीज 'द स्पाई' के बाद प्राइम वीडियो ने पेश किया है 'द फैमिली मैन।' नेटफ्लिक्स पर शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज की पहली वेब सीरीज 'बार्ड ऑफ ब्लड' भी जल्दी आने वाली है, जिसमें इमरान हाशमी जासूस बने हैं। पर अभी बात बनारस के श्रीकांत तिवारी की जो मुंबई में जासूस बनकर



रह रहे हैं और उनकी फैमिली ने उनकी बैंड बजा रखी है। 'द फैमिली मैन' का मुख्य आकर्षण हैं श्रीकांत तिवारी का किरदार कर रहे मनोज बाजपेयी। लेकिन इस किरदार तक आने से पहले कहानी शुरू होती है कोच्चि के समंदर पर तैरती एक बोट से, जिस पर मौजूद तीन लोगों को कोस्टगार्ड पकड़कर खुफिया एजेंसी के हवाले करने वाली है। और ये जिम्मेदारी लेने से पहले श्रीकांत की फैमिली दिखती है। दो बच्चे हैं जो माता-पिता को वैसे ही पका रहे हैं, जैसे इन दिनों के बच्चे हर दूसरे घर में करते दिखते हैं। बीवी को अपना पति फालतू कामों में व्यस्त दिखता है। राज निदिमोरू और कृष्णा डीके कोई 16 साल से सिनेमा बना रहे हैं। 'शोर इन द सिटी' और 'गो गोवा गॉन' ने उन्हें शोहरत दिलाई। पिछले साल की स्लीपर हिट 'स्त्री' के वह लेखक और निर्माता हैं। 'द फैमिली मैन' इस निर्देशक जोड़ी की हिंदी सिनेमा के दर्शकों के लिए ऐसी पेशकश है जिस पर ओटीटी के देशी शौकीन गुमान कर सकते हैं।

7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण
amarujala.com

रिश्तों की नई इबारत
हाउडी मोदी

अमर उजाला

राजधानी •• वर्ष 17 | अंक 165 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : साढ़े तीन रुपये
नई दिल्ली | सोमवार, 23 सितंबर 2019



अमेरिका की धरती पर ह्यूस्टन के एनआरजी स्टेडियम में रविवार को भारत-अमेरिका की दोस्ती और रिश्तों की नई इबारत लिखी गई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मौजूदगी में, दुनिया के सामने पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 हटाने पर मजबूती से भारत की बात रखी। दोनों नेताओं ने एक स्वर से आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक जंग और गरीबी व बेरोजगारी के खिलाफ मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

पाकिस्तान पर अमेरिका से वार

भारत के फैसलों से उन्हें दिक्कत, जिनसे अपना देश नहीं संभल रहा...ये वो हैं जो आतंक को पालते-पोसते हैं : मोदी

संकल्प : अमेरिका में 9/11 हो या मुंबई में 26/11, साजिशकर्ता कहां पाए जाते हैं...आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का वक्त, ट्रंप इसमें साथ

अनुच्छेद 370 : हमेशा के लिए अलविदा कहा, हम असंभव को बना रहे हैं संभव

विश्वास : भारत अब समस्याएं टाल नहीं रहा, उनसे टकरा रहा है

विशेष प्रतिनिधि

ह्यूस्टन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एनआरजी स्टेडियम में जोश और जज्बे से भरपूर 50 हजार भारतीयों और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मौजूदगी में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले से बौखलाए पाकिस्तान पर करारा वार किया। पीएम मोदी ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान पर तंज कसते हुए कहा, कुछ लोग ऐसे हैं, जिन्हें भारत के फैसलों से दिक्कत है। ये वे लोग हैं, जिनसे अपना देश संभल नहीं रहा है। जो अशांति चाहते हैं, आतंक के समर्थक हैं, आतंक को पालते-पोसते हैं, उनकी पहचान सिर्फ आप ही नहीं, पूरी दुनिया अच्छे से जानती है। इन लोगों ने भारत के प्रति नफरत को ही अपनी राजनीति का केंद्र बना लिया है।

पाकिस्तान का नाम लिए बगैर 50 मिनट के संबोधन में मोदी ने कहा, अमेरिका में 9/11 हो या भारत में 26/11, उसके साजिशकर्ता कहां पाए जाते हैं? उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ विश्व बिरादरी से आगे आने से अपील की। कहा, समय आ गया, जब आतंकवाद और उसे बढ़ावा देने वालों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाए। ट्रंप मजबूती से इसमें हमारे साथ हैं। इस पर ट्रंप समेत पूरे स्टेडियम ने खड़े होकर तालियां बजाईं।

>> अमेरिका में वंदेमातरम : 11

वेलफेयर के साथ फेयरवेल को भी महत्व

मोदी ने कहा, हम जितना वेलफेयर पर ध्यान देते हैं, उतना ही फेयरवेल को भी महत्व देते हैं। अनुच्छेद 370 देश के सामने 70 साल से बड़ी चुनौती था, जिसे देश ने फेयरवेल दे दिया। इससे जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोग विकास व समान अधिकारों से वंचित थे। आतंकवाद और अलगाववाद बढ़ाने वाली ताकतें लाभ उठा रही थीं। मैं आग्रह करता हूं कि हिंदुस्तान के सभी सांसदों के सम्मान में खड़े हों। इस पर दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाईं।

पूरे स्टेडियम ने खड़े होकर किया हमारे सांसदों का सम्मान

दो बड़े लोकतंत्र की दोस्ती का दिन...आज इतिहास बनते दुनिया देख रही है। ट्रंप ने रिश्तों को नई ऊंचाइयां दी हैं। ट्रंप आज इन रिश्तों की धड़कन सुन सकते हैं। – **नरेंद्र मोदी**

अद्भुत...अमेरिका भारत से प्रेम करता है। मोदी के नेतृत्व में दुनिया एक मजबूत भारत को देख रही है। हम सुरक्षा के खतरे को देश में नहीं आने देंगे। – **डोनाल्ड ट्रंप**

मुश्किलों का अंबार मेरे हौसलों की मीनार है

पीएम ने शेर पढ़ते हुए कहा, वो जो मुश्किलों का अंबार है, वही तो हमारे हौसलों की मीनार है। भारत अब चुनौतियों को टाल नहीं रहा है, बल्कि उनसे टकरा रहा है। समस्याओं के पूर्ण समाधान पर ध्यान दे रहा है। भारत अब असंभव को संभव कर रहा है। पुरानी मान्यताओं को जड़ से खत्म कर रहा है। हम निवेश का माहौल बना रहे हैं। कॉरपोरेट टैक्स में भारी कमी करने का फैसला लिया है। बड़े पैमाने पर एफडीआई आया है। आप भी भारत आएं और निवेश करें।

बन रही नई हिस्ट्री और केमिस्ट्री

पीएम मोदी ने उत्साहित भीड़ को देख कहा कि ये दृश्य अकल्पनीय है। विशालता और भव्यता टेक्सास के स्वभाव में है। आज एक नया इतिहास और भारत व अमेरिका के बीच परवान चढ़ते रिश्तों का नया रूप देख रहे हैं। यहां नई हिस्ट्री और केमिस्ट्री बन रही है। राष्ट्रपति ट्रंप का यहां आना, मेरे लिए, भारत के लिए और अमेरिका में रह रहे भारतीयों और 130 करोड़ भारतीयों का सम्मान है।



हाथों में हाथ... एक-दूसरे का हाथ थाम ह्यूस्टन के एनआरजी स्टेडियम में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। दोनों देशों की दोस्ती को दर्शाने के लिए पहली बार ट्रंप प्रशासन ने भाषण मंच से राष्ट्रपति की मुहर हटाकर भारत-अमेरिकी ध्वज प्रतीक अंकित किए थे।

मोदी बोले-अबकी बार ट्रंप सरकार

पीएम मोदी ने अमेरिका की धरती पर ट्रंप की जीत के लिए आह्वान किया। उन्होंने नारा दिया, 'अबकी बार ट्रंप सरकार'। पीएम मोदी ने कहा, ट्रंप किसी परिचय के मोहताज नहीं है। अरबों लोग ट्रंप के हर शब्द का अनुसरण करते हैं। दुनिया की राजनीति में ट्रंप का बड़ा वजूद है। मुझे ट्रंप में हमेशा अपनापन दिखता है।

अक्तूबर में भारत आएंगे डोनाल्ड ट्रंप

ट्रंप अक्तूबर में भारत आ रहे हैं। उन्होंने अपने भाषण में मोदी से पूछा, मुंबई में नेशनल बास्केटबॉल लीग की पहली बार शुरुआत होने जा रही है। क्या मैं उसे देखने के लिए आमंत्रित हूं? याद रखिएगा, मैं आ सकता हूं। बाद में, मोदी ने कहा, ट्रंप आर्ट ऑफ द डील में माहिर हैं। मैं उनसे सीख रहा हूं। मोदी ने उन्हें सपरिवार भारत आने का न्योता दिया।

इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ हम साथ : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाउडी मोदी में पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा कि भारत और अमेरिका दृढ़ता के साथ कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ खड़े हैं। दोनों देश जानते हैं कि अपने नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए हमें सीमाओं की रक्षा करनी होगी। साथ ही कहा, अपने देश में गैर-कानूनी प्रवासियों पर कार्रवाई करते हुए पीएम मोदी भारतीय प्रवासियों के हित देख रहे हैं। इस पर पीएम मोदी और भारतीय-अमेरिकियों ने खड़े होकर उनका समर्थन किया।

समृद्धि व सुरक्षा के लिए हम साथ : ट्रंप ने कहा, भारत-अमेरिका ऐसे महान लोकतंत्र हैं, जो अपने नागरिकों की समृद्धि व सुरक्षा के लिए साथ खड़े हैं। उन्होंने खुद को भारत का विश्वासपात्र मित्र बताया। कहा, पीएम मोदी कमाल का काम कर रहे हैं और यह दोनों देशों के हित में है।

भारतीय-अमेरिकियों ने हमारे मूल्यों की रक्षा की : ट्रंप ने कहा कि भारतीय अमेरिकी समुदाय के 40 लाख लोगों ने अमेरिकी संस्कृति को न केवल समृद्ध किया, बल्कि हमारे मूल्यों की रक्षा की है। उन्हें अमेरिकी नागरिक के रूप में देखना गर्व की बात है। आपका धन्यवाद।

संविधानों के तीन सुंदर शब्द... ट्रंप ने भारत-अमेरिका के संविधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों एक जैसे तीन सुंदर शब्दों 'वी द पीपल...' से शुरू होते हैं। यह दर्शाता है कि दोनों देश न्याय और अपने नागरिकों के प्रति समर्पित हैं। दोनों देश अपने नागरिकों के लिए लड़ते भी हैं और उनकी रक्षा भी करते हैं।

>> संपादकीय : अमेरिका में भारत

नए रक्षा समझौते होंगे सैन्य सहयोग बढ़ेगा

ट्रंप ने बताया कि भारत और अमेरिका नवंबर में साझा सैन्य अभ्यास 'टाइगर ट्रायंफ' करने जा रहे हैं। जल्द नए रक्षा समझौते भी होंगे। एक दशक में इस क्षेत्र में 1800 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ है। अमेरिका स्पेस फोर्स बनाने जा रहा है, जिसमें भारत का अहम सहयोग होगा। भारत को पिछले वर्ष कच्चे तेल व ऊर्जा का निर्यात भी 400 प्रतिशत बढ़ा है।

तीन दिन में निपटा लें काम 26 से चार दिन बंद रहेंगे बैंक

दो दिन हड़ताल...शनिवार और रविवार को रहेगी छुट्टी

नई दिल्ली। बैंकों से जुड़ा कोई कामकाज हो तो इस सप्ताह के शुरुआती तीन दिनों में ही निपटा लीजिए। 26 सितंबर से चार दिन तक बैंक में कोई कामकाज नहीं होगा।



दरअसल, बैंककर्मियों की संस्था ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन सरकारी बैंकों की विलय प्रक्रिया का विरोध कर रही है। इसके तहत बृहस्पतिवार, 26 और शुक्रवार, 27 सितंबर को देशव्यापी हड़ताल के दौरान सभी ग्राहक सेवाएं बंद रहेंगी। 28 को महीने का आखिरी शनिवार होने से बैंक बंद रहेंगे। 30 सितंबर को बैंकों का अर्द्धवार्षिक समापन होगा, लेकिन इस दौरान ग्राहक सेवाएं बहाल रहेंगी। ब्यूरो

चरित्र पर शक में इंजीनियर ने पत्नी के किए दर्जन भर टुकड़े

सेप्टिक टैंक में डाले शव के टुकड़े, पुलिस के सामने खुद कुबूला अपराध

नई दिल्ली। प्रेम नगर इलाके में शनिवार रात एक युवक ने चरित्र पर संदेह करते हुए पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। पेशे से हार्डवेयर इंजीनियर आशु (35) ने हत्या के बाद पत्नी सीमा (30) के शव के एक दर्जन टुकड़े कर घर के पीछे बने सेप्टिक टैंक में डाल दिया। हालांकि, रविवार सुबह करीब सात बजे उसने खुद थाने पहुंचकर अपराध कुबूल लिया।



पुलिस गिरफ्त में इंजीनियर।

पुलिस ने मूलतः हरदोई (यूपी) निवासी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सड़क बनने से घर नीचा होने के बाद आशु पत्नी और तीन बेटियों के साथ उसी गली में किराए पर रह रहा था। शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे वह तीनों बेटियों को किराये के मकान में छोड़कर पत्नी के साथ अपने पुराने घर आया। यहां दोनों के बीच झगड़े के बाद उसने वारदात को अंजाम दिया। ब्यूरो

>> मोबाइल पर बात करने से हुआ था शक : पेज 4

- **एक सप्ताह में पेट्रोल डेढ़ रुपये महंगा**

नई दिल्ली। सऊदी संकट के छह दिन में पेट्रोल की कीमत 1.59 रुपये व डीजल 1.31 रुपये प्रति लीटर बढ़ गई है। इतनी कम अवधि में यह वृद्धि 2017 में प्रतिदिन समीक्षा लागू होने के बाद सबसे ज्यादा है।

9



B

- **चोटिल पुनिया फाइनल से हटे, रजत से संतोष**

नूर-सुल्तान (कजाखस्तान)। युवा पहलवान दीपक पुनिया (86 किग्रा) का विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में गोल्डन हैट्रिक का सपना अधूरा रह गया। 20 वर्षीय दीपक खिताबी मुकाबले में चोट के चलते नहीं उतरे। इससे उन्हें रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा।

सिर्फ 2.5% कॉलेज कराते हैं पीएचडी

एआईएसएचई रिपोर्ट 2018-19 : देश में 1.69 लाख पीएचडी कर रहे

नई दिल्ली। देश में सिर्फ 2.5 प्रतिशत कॉलेजों में पीएचडी के अवसर उपलब्ध हैं। देश में उच्च शिक्षा का हाल बताने वाले एक सर्वे में इसका खुलासा हुआ है।

शिक्षा के अखिल भारत सर्वे (एआईएसएचई) के अनुसार देश में 1,69,170 विद्यार्थी पीएचडी कर रहे हैं। इनमें विज्ञान के छात्रों की संख्या सर्वाधिक है। इसके बाद इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी का नंबर है। जबकि, सबसे ज्यादा पोस्ट ग्रेजुएट समाज विज्ञान व प्रबंधन में तैयार हो रहे हैं। एजेंसी

>> चार फीसदी कॉलेजों में तीन हजार छात्र : पेज 12



सबसे ज्यादा पोस्ट ग्रेजुएट समाज विज्ञान और प्रबंधन क्षेत्रों में

78% निजी कुल कॉलेजों में

इस वार्षिक सर्वे (2018-19) के अनुसार कुल कॉलेजों में 77.8% प्राइवेट कॉलेज हैं। इनमें से केवल 13.5% ही विशुद्ध रूप से सरकारी अनुदान से चल रहे हैं, बाकी प्राइवेट फंड पर हैं। सर्वे में 962 विश्वविद्यालय, 38,179 कॉलेज और 9,190 अन्य उच्च शिक्षण संस्थान शामिल हुए थे।

आंध्र प्रदेश, यूपी में सबसे ज्यादा प्राइवेट कॉलेज : आंध्र प्रदेश और यूपी में 88 प्रतिशत कॉलेज प्राइवेट और गैर-अनुदानित हैं। तमिलनाडु में संख्या 87 प्रतिशत है, लेकिन असम में केवल 16 प्रतिशत ही ऐसे कॉलेज हैं।

फरार अलकायदा आतंकी जमशेदपुर से गिरफ्तार

रांची। झारखंड के जमशेदपुर में तीन साल से फरार अलकायदा आतंकी को गिरफ्तार किया गया है। झारखंड पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने मोहम्मद कलीमुद्दीन मुजाहिरी को शनिवार को टाटानगर रेलवे स्टेशन के पास से धर दबोचा। पुलिस ने रविवार को इसकी सूचना दी। कलीमुद्दीन युवकों को जिहाद व आतंकी गतिविधियों के लिए तैयार करता था।



मोहम्मद कलीमुद्दीन

जमशेदपुर निवासी कलीमुद्दीन की संपत्ति पुलिस पहले ही जब्त कर चुकी है। पुलिस के मुताबिक, अलकायदा के सक्रिय आतंकी कलीमुद्दीन के खिलाफ 2016 में ऑर्म्स एक्ट, आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। आतंकी गतिविधियों के सिलसिले में उसने सऊदी अरब, अफ्रीका, बांग्लादेश, आसनसोल, कोलकाता, गुजरात, मुंबई और यूपी की भी यात्रा की। वह युवकों को ट्रेनिंग के लिए पाकिस्तान समेत अन्य देशों के आतंकी कैंपों में भेजता था। एजेंसी

'उधार' के विमान से अमेरिका पहुंचे इमरान खान

फीके स्वागत के लिए सोशल मीडिया पर हुए ट्रोल, नहीं पहुंचा कोई अमेरिकी अधिकारी, पाकिस्तानी अफसरों ने किया स्वागत

न्यूयॉर्क। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान शनिवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस सलमान से 'उधार' में मिले विमान से संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 74वें वार्षिक सत्र में भाग लेने के लिए पहुंचे। इमरान को उस समय भारी बेइज्जती का सामना करना पड़ा, जब एयरपोर्ट पर कोई भी अमेरिकी अधिकारी उनकी अगवानी को नहीं पहुंचा। अपने इस फीके स्वागत के लिए उन्हें सोशल मीडिया पर अपने ही देशवासियों की तरफ से जमकर ट्रोल होना पड़ा।

इमरान अमेरिका जाने से पहले सऊदी अरब पहुंचे थे। वहां से उन्हें कमर्शियल फ्लाइट से न्यूयॉर्क पहुंचना था। लेकिन सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस ने उन्हें अपने निजी विमान से अमेरिका भिजवाया। उनके स्वागत को वहां पाकिस्तानी अफसर और यूएन में पाकिस्तान की राजदूत मलीहा लोधी मौजूद थीं। एजेंसी



न्यूयॉर्क हवाईअड्डे पर इमरान के स्वागत के दौरान ढाई फुट के कालीन की तस्वीर हुई वायरल।

इस्लामाबाद। न्यूयॉर्क में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान को रिसीव करने के लिए किसी भी अमेरिकी अधिकारी के नहीं पहुंचने से उनके रेलमंत्री शेख रशीद भड़क गए हैं। रशीद ने रविवार को अमेरिका को खरी-खोटी सुनाते हुए कहा कि कश्मीर के मामले में अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। एक चीन ही है, जिसकी दोस्ती पर यकीन किया जा सकता है। एजेंसी

भड़के पाकिस्तानी रेलमंत्री अमेरिका को सुनाई खरी-खोटी

पीएम मोदी से की तुलना

पाकिस्तानी पत्रकार नायला इनायत ने प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के वीडियो को टैग करते हुए इमरान के स्वागत का वीडियो शेयर किया है। दोनों के स्वागत में फर्क के अंतर का मुद्दा उठाया। सोशल मीडिया पर कालीन को मलीहा के घर का 'डस्ट कारपेट' बताया गया।

आज ट्रंप से मुलाकात

इमरान खान की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सोमवार को मुलाकात होनी है। इसके बाद 27 सितंबर को इमरान संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करेंगे। इसी दिन प्रधानमंत्री मोदी को भी महासभा को संबोधित करना है।

तीसवीं पुण्य स्मृति



अनिल अग्रवाल

जन्म-30.01.1953 अवसान-23.09.1989

आपूर्यमाणमचलप्रतिष्ठं समुद्रमापः प्रविशन्ति यद्वत्।
तद्वत्कामा यं प्रविशन्ति सर्वे स शान्तिमाप्नोति न कामकामी।

(श्रीमद्भगवद्गीता 2/70)

जिस प्रकार सब ओर से अचल प्रतिष्ठा वाले समुद्र के प्रति नाना नदियों के जल उसको चलायमान न करते हुए भी उसमें समा जाते हैं, उसी प्रकार स्थिर बुद्धि पुरुष के प्रति सम्पूर्ण कामनाएं, बिना किसी प्रकार का विकार उत्पन्न किये उसमें समा जाती हैं और वह पुरुष परम शान्ति को प्राप्त करता है।

अपनी विलक्षण प्रतिभा और अथक परिश्रम से **अमर उजाला** को गति देने वाले **अनिल अग्रवाल** की तीसवीं पुण्यतिथि पर उनकी अमर स्मृति को श्रद्धा सुमन। उनकी प्रखर मेधा, भाव भरी स्नेहशीलता, प्रगतिशील कर्मनिष्ठा और स्वाध्यायपूर्ण उद्यमशीलता आज भी **अमर उजाला** परिवार के लिए प्रेरणा बनी हुई है, बनी रहेगी।

अमर उजाला परिवार

तापमान
29.8° अधिकतम | 23.7° न्यूनतम

- सूर्योदय सुबह 6:10
- सूर्यास्त शाम 6:17

आज का पूर्वानुमान
आसमान में बादल छाये रहेंगे। गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। मौसम सुहाना रहने से गर्मी से राहत मिलेगी।

आज के कार्यक्रम

सुबह 11 बजे : स्पोर्ट्स इंडिया इंटरनेशनल एक्सपो का आयोजन
प्रगति मैदान हॉल नंबर-11 में साउथ ईस्ट एशिया का सबसे बड़े तीन दिवसीय स्पोर्ट्स इंडिया इंटरनेशनल एक्सपा का शुभारंभ होगा।



- **सुबह 11 बजे :** आर्टिजन आर्ट गैलरी, प्यारेलाल भवन आईटीओ पर आर्ट एंड आर्ट राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी लगाई जाएगी।
- **शाम 6:30 बजे :** कमानी सभागार, मंडी हाउस में साहित्य कला परिषद द्वारा तीन दिवसीय ठुमरी महोत्सव का आयोजन होगा।



रंग-बिरंगी तितलियों से गुलजार होने लगे बॉयोडायवर्सिटी पार्क

व्हाइट अरब व पेटेंट लेडी प्रजाति की तितलियां भी बढ़ा रही हैं सातों पार्कों की रौनक

नई दिल्ली। यमुना बॉयोडायवर्सिटी पार्क रंग-बिरंगी तितलियों से गुलजार होने लगा है। वर्षों से नदारद व्हाइट अरब व पेटेंट लेडी प्रजाति की तितलियां भी दिल्ली के सातों बायोडायवर्सिटी पार्क की रौनक बढ़ा रही हैं। तितलियों पर मुग्ध होकर हिमालय रेंज के पक्षी भी इन दिनों पार्क में पहुंचने लगे हैं। इनमें मुख्य रूप से दुग्धराज, रेड ब्रेस्टेट और भरडिटेर फ्लाई कैचर पक्षी शामिल हैं। हालांकि, यमुना किनारे आम तौर पर दिखने वाली ब्लू टाइगर, ट्रेनिड एगफ्लाई इन पार्कों से रुठ गई हैं।





पुरुषोत्तम वर्मा

दल्लि विकास प्राधिकरण के यमुना डायवर्सिटी पार्क इन दिनों तितलियों का बसेरा बनते जा रहे हैं। इनके रखरखाव और मुख्य भोजन के लिए कंजरवेटरी का भी निर्माण किया गया है। दिल्ली में अमूमन 115 तितलियों की प्रजाती देखने को मिलती हैं।

पार्क के इंचार्ज फैयाज कुदसर ने बताया कि रविवार को सातों बायोडायवर्सिटी पार्क में विशेषज्ञों की टीम ने तितलियों की प्रजातियों की गिनती की। करीब दो घंटे के निरीक्षण में 19 से लेकर 49 प्रजातियों की तितलियां अलग-अलग पार्कों में देखीं गईं।

दो घंटे के निरीक्षण में अलग-अलग जगह देखीं गईं लगभग 49 प्रजातियों की तितलियां

सबसे खास बात यह है कि व्हाइट अरब व पेटेंट लेडी प्रजाति की तितलियां जो अमूमन नहीं दिखतीं, उन्हें भी देखा गया। उन्होंने बताया कि तितलियां पारिस्थितिकी तंत्र में खाद्य श्रृंखला का हिस्सा होती हैं। यह पक्षियों का भोजन होती हैं। इन पर मुग्ध होकर सूखे जंगलों में रहने वाले, हिमालय क्षेत्र के अप्रवासी स्थलीय पक्षी पार्कों में पहुंचते हैं। इससे पार्कों की रौनक और भी अधिक बढ़ जाती है। अक्सर देखा गया है कि लोगों में भी इन्हें देखने का क्रेज रहता है।

हिमालयी रेंज के पक्षी भी पार्कों में पहुंचने लगे



किस पार्क में कितनी प्रजातियां दिखीं

कीट वैज्ञानिक मोहम्मद फैजल ने बताया कि यमुना बायोडायवर्सिटी पार्क में तितलियों की 42 प्रजातियां देखी गईं। सबसे ज्यादा 49 प्रजातियां अरावली बायोडायवर्सिटी पार्क में दिखीं। इनके अलावा नीला हौज में 30, नॉर्दन रिज में 34, तिलपत वैली में 28, तुगलकाबाद बायोडायवर्सिटी पार्क में 42 और दक्षिणी दिल्ली बायोडायवर्सिटी पार्क में 19 तितलियों की प्रजातियां नजर आईं।

1 से शुरू होगा कूड़े के पहाड़ हटाने का काम

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश पर दिल्ली की तीनों लैंडफिल साइट्स से कचरा हटाने में सभी नौ फर्म एक अक्तूबर से जुट जाएंगी। गाजीपुर, भलस्वा और ओखला लैंडफिल साइट्स पर एकत्रित करीब 2.8 करोड़ टन कचरे और मलबे को फेंकने के लिए जमीन नहीं मिल पा रही है। इस वजह से शुरुआती दौर में कचरे को अलग अलग किया जाएगा। इस कचरे की वजह से आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सेहत पर पड़ रहे असर को देखते हुए एनजीटी ने इसे हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

गाजीपुर में जमा है सबसे ज्यादा कूड़ा : तीनों लैंडफिल साइट्स में सर्वाधिक 140 लाख टन कचरा गाजीपुर में इकट्ठा हो चुका है। उत्तरी दिल्ली के भलस्वा में लैंडफिल साइट पर 85-90 लाख टन जबकि ओखला से 55 लाख टन कचरा एकत्रित है।

निस्तारण हर माह 55 लाख रुपये होंगे खर्च : तीनों लैंडफिल साइट के लिए जारी टेंडर के बाद नौ फर्म को कूड़े को अलग-अलग करने सहित सभी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। कचरे को अलग अलग करने के लिए ट्रॉमल (मशीन) का उपयोग किया जाएगा। माना जा रहा है कि तीनों साइट्स के लिए कुल नौ मशीनें चाहिए। कर्मियों सहित एक मशीन पर प्रतिमाह करीब 6.29 लाख रुपये का खर्च आएगा।



एनजीटी ने तीनों लैंडफिल साइट्स से कचरा हटाने के दिए हैं निर्देश

पुलिस कर्मियों की मौत के बाद दो थाने शिफ्ट करने का आग्रह

छह साल में गाजीपुर थाने में तैनात दो पुलिसकर्मियों की फेफड़ों के संक्रमण से मौत हो चुकी है। इसका हवाला देते हुए गाजीपुर और भलस्वा थानों को कम प्रदूषित क्षेत्रों में शिफ्ट करने का आला अधिकारियों से आग्रह किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, भौगोलिक कारणों और लोगों को पहुंचने में होने वाली परेशानियों की वजह से थानों को कहीं और शिफ्ट करने के लिए जमीन नहीं दी जा सकती है। एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि दिल्ली-यूपी बॉर्डर पर थाने के लिए जमीन पर विवाद होने की वजह से फिलहाल इसे शिफ्ट नहीं किया जा सका है।

स्वास्थ्य मंत्री सतेंद्र जैन के घर में चोरी

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के सरस्वती विहार स्थित चार मंजिला मकान में चोरों ने हाथ साफ कर दिया। दो मंजिलों पर सारा सामान बिखरा पड़ा था। स्वास्थ्य मंत्री ने ट्वीट कर घटना की जानकारी दी और कहा कि चोरों में दिल्ली पुलिस का डर नहीं रहा। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसएफएल की टीम को मौके पर बुला लिया गया था। अभी स्वास्थ्य मंत्री ने शिकायत नहीं दी है। बाहरी जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सतेंद्र जैन का सरस्वती विहार इलाके में 125 गज का मकान है। इस चार मंजिला मकान में कोई नहीं रहता है। घर में पूरा सामान भी नहीं था। शिकायत मिलने के बाद ही पता लग पाएगा कि घर से क्या-क्या सामान गया है।



घर में चोरी के बाद बिखरा सामान।

रविवार शाम किसी ने मंत्री को उनके घर में चोरी होने की सूचना दी। स्वास्थ्य मंत्री सतेंद्र जैन ने करीब साढ़े नौ बजे ने ट्वीट कर घर में चोरी होने की शिकायत की। स्थानीय रानी बाग थाने में भी जानकारी दी गई। पुलिस टीम घर के सभी कमरों से फिंगर प्रिंट उठवा रही है। जांच में पुलिस ने पाया कि दो मंजिलों पर कमरों में सामान बिखरा पड़ा है। शुरुआती जांच में बाथरूम में लगी टॉटिया तक गायब मिली हैं। मंत्री के घर से कितना सामान चोरी हुआ है, इसकी जानकारी रविवार देर रात तक नहीं मिल पाई थी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आर एस सागर ने बताया कि पुलिस छानबीन में जुटी है।

दिल्ली कैंट से धौलाकुआं तक 4 किमी घटी दूरी

आवागमन के लिए खोला गया फ्लाईओवर, सिग्नल फ्री होने के कारण सरपट निकल सकेंगे

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। धौलाकुआं फ्लाईओवर का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसे आवागमन के लिए खोल दिया गया है। फ्लाईओवर के शुरू होने के बाद दिल्ली कैंट से धौला कुआं जाने वाले वाहन अब सरपट निकल सकेंगे। सिग्नल फ्री रूट होने के कारण इस रूट पर वाहन चालकों का चार किमी का सफर कम हो गया है। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक फिलहाल कुछ जगहों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ने से जाम की स्थिति बन रही है इसे जल्द ही दूर कर दिया जाएगा।

दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन फ्लाईओवर से क्रिबी प्लेस होते हुए धौलाकुआं तक पहुंचने के लिए फिलहाल तीन रास्ते हैं। इसके अलावा मध्य दिल्ली या रिंग रोड और करोल बाग के लिए भी तीन रास्ते हैं। कैंट से सीधे कनॉट प्लेस या चाणक्यपुरी, आरएमएल के लिए किर्बी प्लेस से तीन रास्ते हैं। इन रास्तों से निकलते वक्त वाहन चालकों को जाम की स्थिति से गुजरना पड़ता है।

वैकल्पिक रास्तों पर बसों का रूट डायवर्ट होने से और बेहतर होगा यातायात प्रबंधन

प्रदूषण भी होगा कम : रोजाना इस रूट से आवागमन करने वालों का कहना है कि पुराने डायवर्ट किए गए रूट पर कुछ बसें चलाई जानी चाहिए। इससे एक ही मार्ग पर वाहनों का बोझ नहीं बढ़ेगा, जिससे जाम की स्थिति से भी बचना संभव होगा। इससे न केवल जाम नहीं लगेगा, बल्कि लोग कम समय में गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। वाहनों से होने वाला प्रदूषण भी कम होगा।



नवनिर्मित धौलाकुआं फ्लाईओवर से गुजरते वाहन। अमर उजाला

Divisa
स्वस्थ एवं उज्ज्वल त्वचा के लिए
आयुर्वेदिक फेसवॉश
Available in: 5 Variants • 2 Sizes (115ml & 50ml)
Paraben Free
Alcohol Free
Steroids Free
Silicon Free
Mineral Oil Free
Roop Mantra
CUCUMBER
Ayurvedic Medicinal Facewash
Helpful to control blemishes & pimples, purifying the skin
24x7 Helpline : 0171-3055111
Website : www.roopmantra.com
www.facebook.com/roopmantra
Available at all medical & general stores

जूट और कपड़े के थैले अपनाने की अपील

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। प्लास्टिक और पॉलिथीन पर पाबंदी के लिए तीनों निगम क्षेत्रों में लोगों से जूट और कपड़े के बैग अपनाने की अपील की जा रही है। जागरूकता अभियान चलाने के साथ कुछ वार्डों में कपड़े और जूट के बैग भी वितरित किए जा रहे हैं। हालांकि अब भी रोजमर्रा के कार्यों में प्लास्टिक, पॉलिथीन का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने प्लास्टिक कचरे के संकलन और निष्पादन के लिए 40 केंद्र चिह्नित किए हैं। तीनों नगर निगम क्षेत्रों में पॉलिथीन की थैलियों का इस्तेमाल रोकने के लिए व्यापारियों, स्टॉकिस्ट और दुकानदारों पर कार्रवाई की जा रही है। अकेले दक्षिणी निगम के चार जोन में एक सप्ताह में 35 क्विंटल से अधिक पॉलिथीन जब्त की। दक्षिणी निगम स्थायी समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि मुख्य और साप्ताहिक बाजारों में पर्चे बांटे जा रहे हैं।

लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की जानकारी देने के साथ दूसरे विकल्प का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं उत्तरी निगम स्थायी समिति की पूर्व अध्यक्ष वीणा विरमानी ने बताया कि प्लास्टिक के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत कपड़े के थैले बांटे गए हैं।

तीनों नगर निगम प्लास्टिक पॉलिथीन के खिलाफ चला रहे जागरूकता अभियान



स्वच्छता ही सेवा अभियान

पूर्वी दिल्ली नगर निगम की ओर से 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत नागरिक संगठनों, दुकानदारों और ग्राहकों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। इसके तहत विश्वास नगर, कृष्णा नगर व गीता कॉलोनी क्षेत्र में प्लास्टिक को इकट्ठा किया गया, जबकि आईपी एक्सटेंशन में लोगों को कपड़े के थैले बांटे गए।



हादसा

दक्षिणी दिल्ली के लाडो सराय इलाके के दिल्ली हाट की प्रथम मंजिल पर रविवार को भीषण आग लग गई। पुलिस के मुताबिक शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। आग से कोई हताहत नहीं हुआ। अमर उजाला

मौसम के रंग बच्चों ने ई-बाइक पर खूब की मस्ती; बड़ों ने भी बोटिंग का आनंद लिया, सुबह से शाम तक लगा रहा आवागमन

खुशनुमा मौसम का लुत्फ उठाने इंडिया गेट पर उमड़ी भीड़

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। रुक रुक हुई हल्की बारिश से खुशनुमा हुए मौसम का लुत्फ उठाने रविवार शाम बड़ी संख्या में लोग इंडिया गेट पहुंचे। ई-बाइक की सवारी करते बच्चों ने खूब मस्ती की, वहीं बड़ों ने बोटिंग का आनंद लिया। छुट्टी के दिन पार्क में परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताया।

मौसम में अचानक आए बदलाव को देखते हुए लोगों ने घर से बाहर घूमने का प्रोग्राम मनाया। इंडिया गेट पर पहुंचे लोगों ने इस दौरान भुट्टा, भेल पूरी और मूंगफली का स्वाद भी चखा। साकेत से आए राहुल, अमित ने बताया कि वैसे तो अक्सर फुर्सत मिलने पर वह अपने दोस्तों के साथ इंडिया गेट पर आते हैं। लेकिन, रविवार को मौसम में आए बदलाव को देखकर घर से बाहर निकले। प्रांजल, दिलीप और प्रियांशु ने कहा कि ऐसे मौसम में घूमने की बात ही अलग है। नीदरलैंड निवासी पॉल ने बताया पिछले कुछ दिनों के मुकाबले रविवार को काफी अच्छा मौसम रहा। सुहावना मौसम में हर तरफ मस्ती का आलम दिखा। सुबह से शाम तक लोगों का आवागमन लगा रहा।



मौसम सुहाना होने के बाद इंडिया गेट के पास मस्ती करते युवा। विवेक निगम

इस सप्ताह हो सकती है हल्की बारिश

नई दिल्ली। रविवार को राजधानी में दिनभर आसमान में बादल छाए रहने से मौसम सुहाना रहा। मौसम विभाग के अनुसार, इस सप्ताह भी दिल्ली में हल्की बारिश के आसार बने रहेंगे। रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री कम 29.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम सामान्य से एक डिग्री कम 23.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सोमवार से लेकर शनिवार तक दिल्ली का अधिकतम तापमान 31 से 33 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। इस दौरान आसमान में बादल छाए रहेंगे और गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना भी रहेगी। यानी दिल्लीवालों को इस सप्ताह उमस वाली गर्मी परेशान नहीं करेगी। ब्यूरो

अनधिकृत कॉलोनियों के मुद्दे पर सरकार को घेरा


'दिल्ली बचाओ, भाजपा लाओ' अभियान 22 विधानसभा क्षेत्रों में शुरू, कहा- दिल्ली में भाजपा सरकार बनते ही पक्की होंगी सभी कच्ची कॉलोनियां

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के मुद्दे पर दिल्ली सरकार पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए भाजपा ने 'दिल्ली बचाओ, भाजपा लाओ' अभियान लांच किया। इस अभियान के तहत भाजपा के दिग्गज नेताओं ने 22 विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान शुरू किया। अनधिकृत कॉलोनियों में पहुंचकर भाजपा नेताओं ने लोगों को बताया कि कॉलोनियां नियमित करने के नाम पर दिल्ली सरकार उन्हें गुमराह कर रही है। सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार पहले से ही इस मुहिम में जुटी हुई है। दिल्ली में भाजपा की सरकार बनते ही सभी कच्ची कॉलोनियां पक्की होंगी।

बिजवासन और छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा कि अनधिकृत कालोनियां नियमित होकर रहेंगी। 2015 में अरविंद केजरीवाल ने अपने घोषणा पत्र के 56वें प्वाइंट में कहा था कि अनधिकृत कालोनियों को नियमित करेंगे। वहां अस्पताल, स्कूल, सीवर, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं देंगे, लेकिन पांच साल बाद भी स्थिति नहीं सुधरी। केंद्र सरकार की नीतियों की वजह से दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रित हुआ है। कच्ची कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं देने के लिए केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाए है। बुराड़ी, करावल नगर और मुस्तफाबाद में हुई जनसभा में प्रदेशाध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि केजरीवाल सरकार नहीं चाहती कि अनधिकृत कालोनियां नियमित हों। अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित कराने के लिए शहरी विकास मंत्रालय ने 2015 में दिल्ली सरकार से रिपोर्ट मांगी तो मुख्यमंत्री ने इसके लिए दो साल का समय मांगा, लेकिन अभी तक रिपोर्ट नहीं मिली मुख्यमंत्री कुछ करना चाहते हैं तो सभी अनधिकृत कॉलोनियों में कम से कम बाउंड्री करा दें।

जनकपुरी और मटियाला विधानसभा क्षेत्र में हुई सभा में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के मामले में दिल्ली सरकार झूठ व भ्रम फैला रही है। केंद्र सरकार के निर्णय से ही दिल्ली की कच्ची कॉलोनिया नियमित होंगी। कार्यक्रम संयोजक व प्रदेश महामंत्री कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि केंद्र सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर कॉलोनियों को नियमित करने का ऐतिहासिक निर्णय ले लिया है।



मुस्तफाबाद में जनसभा को संबोधित करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मनोज तिवारी। अमर उजाला

केजरीवाल सरकार और कांग्रेस दोनों ने दिया धोखा

नरेला और रिठाला विधानसभा क्षेत्र में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विजय गोयल ने कहा कि केजरीवाल सरकार चाहती तो यह कॉलोनियां काफी पहले नियमित हो सकती थीं। कांग्रेस और केजरीवाल सरकार दोनों ने मिलकर धोखा दिया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रजिस्ट्री खोलने की बात कहकर पांच साल से धोखा दे रहे हैं। बिजली, पानी, सड़कें और सीवर की समस्या सरकार ने हल नहीं कीं। वोट बैंक की राजनीति के लिए केंद्र सरकार ने उपराज्यपाल की अध्यक्षता में जो कमेटी बनाई है, उसके कामों का श्रेय मुख्यमंत्री लेना चाहते हैं। उत्तरी दिल्ली एमसीडी स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन जयप्रकाश ने कहा कि दिल्ली सरकार डेंगू के मामले में भी झूठ बोल रही है। पांच साल में एक दिन सफाई करके सीएम जनता को बेवकूफ बनाना चाहते हैं।

ई-रिक्शा चालकों ने आप के खिलाफ किया प्रदर्शन



जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करते ई-रिक्शा चालक। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर दिल्ली ई-रिक्शा एकता मंच ने रविवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। ई-रिक्शा चालकों ने दिल्ली सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया और जमकर नारेबाजी की। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी वहां पहुंचे और उनकी मांगों का समर्थन किया।

प्रदर्शन की अगुवाई दिल्ली ई-रिक्शा एकता मंच के अध्यक्ष मोहम्मद अकबर राईन ने की। विरोध प्रदर्शन में मनोज तिवारी बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे और उन्होंने ई-रिक्शा चालकों की समस्याओं के निवारण का आश्वासन दिया। उन्होंने ई-रिक्शा चालकों की मांगों को पूरा नहीं करने पर आम आदमी पार्टी की सरकार की नीतियों का विरोध किया और आश्वासन दिया कि वह उनकी मांगों को पूरा कराने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर उन्होंने प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने की अपील करते हुए पोस्टर लांच किया। विरोध में प्रदर्शन में मोहम्मद अकबर ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार ने ई-रिक्शा चालकों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के वादे किये थे, लेकिन कोई वादा पूरा नहीं किया गया। मांग की गई कि ई-रिक्शा फिटनेस व सर्विस टैक्स माफ किया जाए। पूरी दिल्ली में प्रतिबंधित 236 मार्गों पर ई-रिक्शा चलाने की अनुमति दी जाए। नए ई-रिक्शा का परमिट दिया जाए और दिल्ली में ई-रिक्शा चार्जिंग के लिए चार्जिंग स्टेशन और पार्किंग की व्यवस्था की जाए। सभी मेट्रो स्टेशनों और रेलवे स्टेशनों पर ई-रिक्शा पार्किंग की सुविधा होनी चाहिए।

दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने किया मांगों का समर्थन



पोस्टर लांच करते मनोज तिवारी।

डेंगू को हराने के लिए बनना होगा चैंपियन

मुख्यमंत्री ने 10 दोस्तों को किया फोन

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। डेंगू से निपटने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अनोखी मुहिम शुरू की। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अपने घर की जांच करने के बाद 10 दोस्तों को फोन करें। उनसे भी अपने घर की जांच करने के लिए कहें, ताकि यह पता चल सके कि कहीं डेंगू का लार्वा तो नहीं पनप रहा।

रविवार को मुख्यमंत्री ने सुबह दस बजे अपने घर में जमा पानी को लेकर जांच की। इस दौरान गमले व अन्य जगह जमा साफ को पानी बदला। इसके बाद 10 हफ्ते 10 बजे 10 मिनट अभियान के तहत दिल्ली के चैंपियन ट्विटर पर एक वीडियो साझा की, इसमें मुख्यमंत्री अपने घर की जांच करते नजर आए। इसके बाद उन्होंने दस दोस्तों को फोन कर उन्हें भी घर में जमा साफ पानी की जांच करने के लिए प्रेरित किया। उनसे यह भी कहा कि वह भी अपने दस दोस्तों को इसके लिए प्रेरित करें। इस तरह से एक चेन बनाने का संदेश मुख्यमंत्री ने दिया। मुख्यमंत्री की अपील पर बड़ी संख्या में लोग डेंगू के खिलाफ अभियान में शामिल हुए। इससे संबंधित फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किए। मुख्यमंत्री ने बताया कि डॉक्टरों ने आशंका जताई थी कि इस साल डेंगू पांव पसार सकता है। इसी कारण यह महाभियान शुरू किया गया है। जिसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने घर की चेकिंग के बाद दस दोस्तों को फोन कर हमें डेंगू के खिलाफ चैंपियन बनना है। व्हाट्सऐप ग्रुप पर भी इसकी सूचना देनी है। ताकि ग्रुप से जुड़े लोग भी अपने घर की जांच के लिए प्रेरित हो सकें।

सीएम केजरीवाल ने दोस्तों से भी अपने-अपने घरों की जांच करने के लिए कहा

लोगों ने सराहा उपराज्यपाल भी जुड़े

मुख्यमंत्री का डेंगू के खिलाफ अभियान सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा है। दिल्ली के चैंपियंस हैशटैग ने ट्विटर पर रविवार को काफी ट्रेंड किया। लोगों ने ट्विटर समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इस अभियान की सराहना की। सरकार के इस अभियान से दिल्ली के उपराज्यपाल, डीडीए, दिल्ली पुलिस भी जुड़ चुके हैं।



अपने आवास पर गमले को साफ करते सीएम अरविंद केजरीवाल। अमर उजाला

भाजपा का ढिंढोरा पीटना दिखावा : सौरभ

अमर उजाला ब्यूरो

आप प्रवक्ता ने कहा- अनधिकृत कालोनियों पर भाजपा की नीयत ठीक नहीं

चुनाव नजदीक देखकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष लोगों से दिखा रहे हैं हमदर्दी

नई दिल्ली। अभियान पर आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों को लेकर भाजपा का ढिंढोरा पीटना मात्र दिखावा है। भाजपा की नीयत अनधिकृत कॉलोनियों को पक्का करके लोगों को मालिकाना हक देने की नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सचमुच दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों को पक्का करना चाहती तो केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी एक महीने का वादा करने के बाद छह महीने का वक्त नहीं मांगते।

भारद्वाज ने कहा कि अब तक दिल्ली की जनता के मन में असमंजस था कि अनधिकृत कॉलोनियों को पक्का करने की जिम्मेदारी दिल्ली सरकार की है या केंद्र सरकार की।

पांच मूलभूत सुविधाओं नालियों, सड़कों, सीवर, बिजली और पानी की व्यवस्था करना दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। दिल्ली सरकार ने अपने हिस्से का काम पूरा किया। दिल्ली का चुनाव नजदीक देखकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मनोज तिवारी इस मुद्दे पर हमदर्दी दिखाने का ढोंग कर रहे हैं। सौरभ भारद्वाज ने मनोज तिवारी के बयान कि 6 महीने के भीतर दिल्ली की सभी कॉलोनियों को पक्का कर दिया जाएगा, पर भी सवाल उठाते हुए कहा है कि भाजपा जनता के साथ धोखा कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि 4 महीने बाद विधानसभा के चुनाव को देखकर तो मनोज तिवारी ऐसा बयान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली में कांग्रेस की सरकार थी तो वह भी इसी प्रकार के झूठ का सहारा लेती थी।

चोरी के शक में विधवा को मकान मालिक ने पीट-पीटकर मार डाला

महरौली में किराए पर रहती थी महिला, चार आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। महरौली में किराए पर रह रही विधवा को चोरी के शक में इतना पीटा गया कि भाई के घर जाकर उसकी मौत हो गई। आरोप मकान मालिक और उसके परिजनों पर है। महरौली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर मकान मालिक, उसकी पत्नी, बेटे और नौकरानी को गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट ने सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

दक्षिण जिला डीसीपी अतुल कुमार ठाकर के अनुसार, कैटरिंग का काम करने वाले महेश जिंदल (51) ने शनिवार सुबह पुलिस को सूचना दी कि उसकी बहन मंजू गोयल (44) की तीन-चार लोगों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी है। पुलिस को महेश ने बताया कि उसे बहन के मकान मालिक सतीश पाहवा ने शनिवार सुबह सवा आठ बजे फोन करके बुलाया था। वह पहुंचा तो उसकी बहन मंजू को सतीश पाहवा और उसके परिजनों ने पकड़कर ग्राउंड फ्लोर पर बैठा रखा था। मंजू के शरीर पर चोटें थीं, जिनसे खून निकल रहा था। मंजू सतीश पाहवा के घर में तीसरी मंजिल पर रहती थी। उसके जीजा की पांच-छह वर्ष पहले बीमारी से मौत हो गई थी। मंजू के दोनों बच्चे रेवाड़ी में दादी के पास रहते हैं। यहां मंजू गोयल अकेली रहती थीं और लोगों के घरों में खाना बनाकर गुजारा करती थी। महेश जिंदल का आरोप है कि उसकी बहन को मकान मालिक सतीश पाहवा, उसके बेटे पंकज पहवा, उसकी पत्नी और अन्य ने पीटा है। बहन की हालत देखकर वह उसे अपने घर गुरुग्राम ले गया। वहां मंजू दूध-ब्रेड खाकर सो गई। मंजू गोयल करीब 11:30 बजे जागी और छाती व पेट में दर्द की शिकायत की। महेश ने पास में रहने वाले डॉक्टर को बुलाया।

डॉक्टर दवा व इंजेक्शन देकर चला गया। मंजू का दर्द कम नहीं हुआ और वह बेसुध हो गई तो डॉक्टर को रात साढ़े सात बजे फिर बुलाया गया। डॉक्टर ने मंजू को मृत घोषित कर दिया। मंजू का शव पोस्टमार्टम के लिए एम्स में रखवा दिया है।



मंजू गोयल। (फाइल फोटो)

मेडिकल बोर्ड से कराया जाएगा पोस्टमार्टम

दक्षिण जिला डीसीपी अतुल कुमार ठाकुर का कहना है कि मंजू गोयल के शव का मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराया जाएगा, ताकि मृत्यु की वजह पता चल सके। हालांकि, मंजू के शव के ऊपर चोटों के निशान पाए गए हैं।

कुछ महीने पहले ही किराए के मकान में गई थी

पति की मौत के बाद मंजू गोयल काफी समय तक अपने भाई महेश जिंदल के घर में रह रही थी। मंजू कुछ महीने पहले ही सतीश पाहवा के घर में किराए पर रहने आई थी। वह चार मंजिला मकान में चौथी मंजिल पर अकेली रहती थी। आढ़त का काम करने वाले सतीश पाहवा और उसके परिजनों ने पैसे चोरी करने की बात कहकर मंजू की पिटाई करना शुरू कर दिया था।

'बच्चों का फिट रहना जरूरी'

नई दिल्ली। बचपन से फिट रहने के प्रति सजग रहेंगे तो पढ़ाई के साथ खेल में भी बच्चे देश का नाम रोशन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने की बात करते है। केंद्र सरकार ने फिट इंडिया अभियान की शुरुआत भी की है। यह बातें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने प्रथम रोबोटिक संस्थान द्वारा दिल्ली के द्वारका में आयोजित सम्मान समारोह में कहीं। संस्थान के चेयरमैन प्रथम जैन व टीना जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर दक्षिणी दिल्ली एमसीडी की नेता सदन कमलजीत सहरावत उपस्थित रहीं। ब्यूरो

केजरीवाल दुनिया को बताएंगे, कैसे किया प्रदूषण कम

डेनमार्क के कोपेनहेगन में सी-40 क्लाइमेट समिट में शामिल होने का मिला निमंत्रण

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। राजधानी में 25 प्रतिशत प्रदूषण कम करने के लिए किए गए प्रयास की जानकारी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विदेशों में भी देंगे। 9 से 12 अक्तूबर के बीच डेनमार्क के कोपेनहेगन में आयोजित होने वाले सी-40 क्लाइमेट समिट में मुख्यमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है।

दुनिया को प्रभावित करने वाले जलवायु संकट पर विचार-विमर्श करने के लिए मुख्यमंत्री न्यूयार्क, लंदन, पेरिस, लॉस एंजिल्स और बर्लिन आदि स्थानों के नेताओं के साथ बैठक में शामिल होंगे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार की तरफ से किए गए प्रयास की जानकारी साझा करेंगे। बताएंगे कि कैसे भारत की राजधानी दिल्ली में प्रदूषण को 25 प्रतिशत तक कम करने में सफलता मिली। चार साल पहले तक दिल्ली दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल थी। दिल्ली सरकार के अनुसार, मुख्यमंत्री बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए सरकार की ओर से किए गए प्रयास पर भी प्रकाश डालेंगे। प्रदूषण कम होने के पीछे जेनरेटर सेट का चलन दिल्ली में बंद करना है। औद्योगिक प्रदूषण भी कम हुआ है, जिसकी मुख्य वजह 95 प्रतिशत इंडस्ट्री सीएनजी में शिफ्ट होना है। दो थर्मल पावर प्लांट को बंद करने के साथ ही सरकार के प्रयास से निर्माण स्थलों से होने वाले प्रदूषण में कमी देखने को मिली। दिल्ली में हरियाली का दायरा बढ़ा है।

दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री कैलाश गहलोत ने इसे भारत के लिए गर्व का विषय बताया है। मुख्यमंत्री वायु प्रदूषण के समाधान के रूप में ऑड ईवन योजना के बारे में भी बताएंगे।

9 से 12 अक्तूबर के बीच होगा कार्यक्रम, कई देशों के नेता होंगे शामिल



प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में कीर्तन

नई दिल्ली। गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में तालकटोरा गार्डन में राग तरंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में रागी जत्थों ने कीर्तन किया। प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि गुरु की रहमत से 550वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। 12 अक्तूबर को 550 रागी जत्थे एक साथ इंडिया गेट पर कीर्तन करेंगे। ब्यूरो

10वीं के छात्र की हत्या, 3 धरे

नई दिल्ली। मध्य दिल्ली के नबी करीब थाना इलाके में रविवार दोपहर दसवीं कक्षा के छात्र की धारदार हथियार घोंपकर हत्या कर दी गई। छात्र के ऊपर धारदार हथियार से कई वार किए गए। उसके सीने, पेट और पैरों पर घाव के निशान मिले हैं। छात्र अपने परिवार का इकलौता बेटा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नबी करीम थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में रविवार शाम को दो नाबालिगों समेत तीन को पकड़ा है। मध्य जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मां रेनू, पिता संजय और छोटी बहन गुनगुन के साथ नबी करीम के लक्ष्मणपुरी में रहने वाला निखिल गोल मार्केट स्थित केंद्रीय विद्यालय में 10वीं में पढ़ता था। संजय एक विज्ञापन एजेंसी में काम करते हैं। परिजनों ने बताया कि निखिल किसी प्रोजेक्ट के लिए प्रैक्टिकल का सामान लेने के लिए रविवार दोपहर घर से निकला था। इसके बाद कलावती अस्पताल के पास निखिल घायलावस्था में पड़ा मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मध्य जिला पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरुआत जांच में किसी बात को लेकर छात्रों में आपस में झगड़ा होने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने इस मामले में दो नाबालिगों समेत तीन को पकड़ा है।

आरोपियों में दो नाबालिग भी शामिल, परिवार का इकलौता पुत्र था छात्र

रेहड़ी-पटरी वालों के समर्थन में उतरी कांग्रेस

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस ने रेहड़ी-पटरी वालों के समर्थन में दिल्ली सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी का कहना है कि रेहड़ी-पटरी वालों का रोजगार छीना जा रहा है। सड़क से हटाकर उन्हें वैकल्पिक जगह मुहैया नहीं कराई जा रही है। पार्टी ने इसे लेकर अगले महीने से आंदोलन की चेतावनी दी है। पार्टी के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार और भाजपा रेहड़ी-पटरी वालों को राजनीति के तहत परेशान कर रही हैं। कांग्रेस की सरकार ने रेहड़ी-पटरी संरक्षण अधिनियम के तहत आबादी के ढाई प्रतिशत रेहड़ी-पटरी वालों के साथ टाउन वेंडिंग कमेटी बनाकर जगह आवंटित करने को कहा था। बाद में आप ने अपनी समर्थक यूनियनों को टाउन वेंडिंग कमेटी में शामिल कर लिया। यादव ने कहा कि 10 अक्तूबर को दिल्ली सरकार और भाजपा की पोल खोलने के लिए सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेगी। ब्यूरो

महापौर ने पुस्तक बाजार से खरीदी किताब, सुनी समस्याएं



दरियागंज में दुकानदारों की समस्या सुनते महापौर। अमर उजाला

नई दिल्ली। दरियागंज पुस्तक बाजार के दुकानदारों ने उत्तरी दिल्ली नगर निगम की ओर से अरुणा आसफ अली मार्ग पर महिला हाट में जगह देने के लिए महापौर अवतार सिंह का आभार प्रकट किया है। रविवार को महापौर ने वहां से पुस्तक खरीदी। महापौर ने पुस्तक बाजार के दुकानदारों से मुलाकात कर मौजूदा सुविधाओं के बारे में जाना। उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। ब्यूरो

अपराध | पहली पत्नी के परिजनों के दर्ज कराए मामले वापस लेने की कर रहा मांग, सोशल मीडिया पर पोस्ट किया वीडियो

होटल की 8वीं मंजिल पर चढ़ खुदकुशी की धमकी

अमर उजाला ब्यूरो

होटल के नीचे सुसाइड नोट छोड़ा, पुलिस और दमकल अधिकारी समझाने में जुटे

नई दिल्ली। हरिनगर इलाके में रविवार दोपहर करीब तीन बजे एक युवक होटल की 8वीं मंजिल पर जा चढ़ा और वहां से कूदने की धमकी देने लगा। होटल प्रबंधन ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस और दमकल कर्मी वहां पहुंचे और युवक को नीचे उतरने के लिए समझाने में जुट गए। बावजूद वह मानने को तैयार नहीं है। खबर लिखे जाने तक युवक नीचे नहीं उतरा था।

पुलिस के अनुसार, युवक करीब तीन बजे होटल की छत पर पहुंच गया और वहां से कूदने की धमकी देने लगा। कर्मचारियों ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह किसी की कुछ भी सुनने को राजी नहीं हुआ। युवक बार-बार कह रहा था कि उसे साजिश के तहत फंसाया गया है। वह जिंदा रहेगा तो उसे पुलिस पकड़ लेगी।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि युवक टिकटॉक पर वीडियो बनाता है। इमारत के नीचे एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें युवक ने अपना नाम संदीप उर्फ अरमान मलिक बताया है। उसने पूरे होशोहवास में होने का दावा करते हुए लिखा है कि उसकी मौत का जिम्मेदार उसकी पहली पत्नी और उसकी दो बहनें हैं। युवक ने एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इसमें उसने कहा है कि पहली पत्नी के परिवारवालों ने उसे फंसाने के लिए झूठे मामले दर्ज करा रखे हैं। जब तक वह मामले खत्म नहीं होते, तब तक वह नीचे नहीं उतरेगा।

इधर, युवक को 8वीं मंजिल से कूदने की कोशिश करता देखकर वहां सैकड़ों लोगों का जमावड़ा लग गया। भीड़ बढ़ते देख पुलिस ने होटल की ओर जाने वाली सड़क पर वाहनों की आवाजाही रोक दी। साथ ही लोगों को वहां से चले जाने के लिए कहा। दिन ढलने के बाद भीड़ कुछ कम हुई। देर रात तक पुलिस युवक को नीचे उतरने के लिए मनाने के प्रयास में जुटी थी।



आठवीं मंजिल पर चढ़कर धमकी देता युवक। (वीडियो फुटेज)



एटीएम काटने वाले 4 बदमाश गिरफ्तार

मैदान गढ़ी थाना पुलिस की कार्रवाई, गैस कटर से काटते थे मशीन, 5 वारदात का खुलासा

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दक्षिण जिले की मैदानगढ़ी थाना पुलिस ने गैस कटर से एटीएम को काटकर ले जाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पांच आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं, जो गैस कटर से एटीएम को काटकर ताबड़तोड़ वारदात कर रहे थे। आरोपी हाल ही में मैदानगढ़ी में 28.89 लाख रुपये से भरा एटीएम काटकर ले गए थे। रिमांड पर लिए आरोपियों से पुलिस ने दो लाख 15 हजार रुपये बरामद किए हैं। खास बात यह थी कि यह गिरोह उन एटीएम पर धावा बोलता था, जहां सिक्योरिटी गार्ड नहीं होता था। नकाब लगाकर आरोपी एटीएम को नीचे से काटकर ले जाते थे और फिर कहीं दूसरे स्थान पर उससे रुपये निकालते थे।

दक्षिण जिला डीसीपी अतुल कुमार ठाकुर के अनुसार, अज्ञात बदमाश 14 व 15 सितंबर की रात असोला, मैदानगढ़ी स्थित आईसीआईसीआई बैंक शाखा के एटीएम को गैस कटर से काटकर ले गए थे। उसमें 28.89 लाख रुपये थे। मैदानगढ़ी थानाध्यक्ष कुमार कुंदन व स्पेशल स्टाफ प्रभारी पीके झा की देखरेख में 30 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की टीम बनाई गई थी। एटीएम के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला गया, जिससे कार की पहचान हुई। जांच में ये भी पता लगा कि मेवात में रहने वाले कुछ बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मांडी रोड पर बदमाशों की घेराबंदी कर दी। डेरा मोड़ से कार को रुकने का इशारा किया तो चालक ने दौड़ा दी। पुलिसकर्मियों ने खरक गांव के पास पकड़ लिया। उसमें सवार बदमाश नूंह (हरियाणा) निवासी अलीजान उर्फ पहलवान, अमीर और अख्तर हुसैन उर्फ राहिल उर्फ राहुल को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद शमशाद और मोहम्मद वसीम को भी दबोच लिया। आरोपियों के खिलाफ दिल्ली और हरियाणा में 15 मुकदमे दर्ज हैं। इनके पास से दो लाख 15 हजार रुपये, तीन कार, लोडेडे तमंचा और 41 कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों ने फतेहपुरबेरी, महेन्द्र पार्क, मुंडका, गाजीपुर और ज्योति नगर में एटीएम भी एटीएम काटने की वारदात की हैं।



दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में एटीएम काटने वाले बदमाश। अमर उजाला

आरोपियों पर पहले से दर्ज हैं कई मामले

हरियाणा के नूंह निवासी अलीजान (32) के खिलाफ के खिलाफ रॉबरी, डकैती, आर्म्स एक्ट, हत्या का प्रयास व पुलिस टीम पर हमला करने के 11 मामले दर्ज हैं। अख्तर हुसैन (47) के खिलाफ चोरी के दो, चोट पहुंचाने और हत्या के मामले दर्ज हैं। अमीर (22) के खिलाफ के खिलाफ चोट पहुंचाने के दो व रॉबरी की साजिश रचने के मामले दर्ज हैं। शमशाद (21) पर आर्म्स एक्ट का एक मामला दर्ज है। चांदनहौला, दिल्ली निवासी मोहम्मद वसीम (39) के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं है।

स्कूटी सवार बदमाश ने चेन लूटी सड़क पर दूर तक घिसटी महिला

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के सदर बाजार इलाके में स्कूटी सवार बदमाश ने कारोबारी की पत्नी से सरेराह चेन झपट ली। वारदात के दौरान महिला एक कार की चपेट में आने से बाल-बाल बची थी। घटना के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस ने पीड़िता को कोर्ट-कचहरी का डर दिखाकर टरका दिया। इससे सदर बाजार के कारोबारियों में रोष है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मामले की जांच कराने की बात कह रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक पीड़िता परिवार के साथ सदर बाजार इलाके में रहती हैं। उनके पति सदर बाजार इलाके में ही कारोबार करते हैं। घटना 16 सितंबर सुबह साढ़े सात बजे की है। पीड़िता जिम से अपने घर पैदल लौट रही थीं। रास्ते में स्कूटी सवार युवक ने उनके गले से चेन तोड़ ली। इस दौरान महिला काफी दूर तक घिसटती चली गई और सामने से आ रही कार के सामने सड़क पर गिरीं। गनीमत रही कि चालक ने कार को रोक लिया। इस बीच आरोपी फरार हो गया। पीड़िता ने 100 नंबर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने थाने लाकर उनसे अजीब सवाल पूछे। बाद में उसे कोर्ट कचहरी का डर दिखाकर शिकायत लेकर वापस भेज दिया। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई नहीं की।



सीसीटीवी फुटेज में दिख रही है वारदात।

व्यस्त सदर बाजार में संगीन वारदात के बाद भी पुलिस ने नहीं की कोई सुनवाई

लोन खत्म करने के नाम पर दो करोड़ की ठगी

साहिबाबाद। शालीमार गार्डन में एक डॉक्टर से लोन खत्म करने के नाम पर करीब दो करोड़ की ठगी करने का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर साहिबाबाद थाने में फाइनेंस कंपनी के अधिकारी समेत छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

शालीमार गार्डन निवासी डॉ. हरषु गुप्ता का क्षेत्र में ही अस्पताल है। उनके पति सुभाष गुप्ता भी डॉक्टर हैं। 2016 साल में डॉ हरषु गुप्ता ने एक फाइनेंस कंपनी से 1.87 करोड़ रुपये का लोन लिया था। इस दौरान उन्होंने फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों को 10 चेक दिए थे। लोन पास होते ही खाते में तीन चेक लगाकर ब्याज के रुपये निकाले गए। कुछ समय बाद निजी कारणों से डाक्टर ने लोन खत्म कर दिया। ब्यूरो

एसआई ने ठीक से बैठने को कहा तो बदमाश ने पीटा

कोर्ट परिसर में कुर्सी पर पैर फैलाकर बैठा था अपराधी, बाद में पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। रोहिणी अदालत में ठीक से बैठने की नसीहत देने पर एक बदमाश ने सब इंस्पेक्टर की जमकर धुनाई कर दी। आसपास मौजूद लोगों ने एसआई को बचाया और सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सब इंस्पेक्टर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। उसके बयान पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, वारदात 18 सितंबर की है। शालीमार बाग थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर शेखर किसी काम से जोरगक के समय रोहिणी अदालत गया था। उधर, पुलिस एक बदमाश हरसिमरन उर्फ बादल को कोर्ट में पेश करने के लिए लाई थी। बादल कोर्ट परिसर में कुर्सी पर पैर फैलाकर बैठा हुआ था। बादल के पास पहुंचकर शेखर ने उसे ठीक तरीके से बैठने की नसीहत दी। यह सुनते ही बादल आग-बबूला हो गया और शेखर के साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर बदमाश ने सिपाही को झटका देकर अपना हाथ छुड़ाया और शेखर से मारपीट करने लगा। वहां शोर-शराबा होने पर लोग पहुंचे और एसआई को बादल के कब्जे से छुड़ाया। शेखर ने अपनी शिकायत में कहा है कि बदमाश बादल ने मारपीट के दौरान उसे हत्या कराने की भी धमकी दी थी। ब्यूरो

दिल्ली मेट्रो के कर्मी को नशा सुंघा लूटा

दातागंज (बदायूं)। दिल्ली मेट्रो के कर्मचारी से दो लोग नशा देकर नकदी और मोबाइल लूट ले गए। राहगीरों को वह बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी गई है।


दातागंज के गांव नौनी टिकन्ना का गजराज दिल्ली मेट्रो में कर्मचारी है। शनिवार को वह दिल्ली से घर आ रहा था। देर शाम दातागंज बस स्टैंड पहुंचा। यहां से गांव जाने को सवारी न मिलने पर पैदल ही गांव की ओर जा रहा था। होश में आने पर गजराज ने बताया कि रास्ते में उसे दो लोग मिले। इन लोगों ने रूमाल से उसे नशा सुंघा दिया। इससे वह बेहोश हो गया। इसके बाद उसके पास मौजूद साढ़े पांच हजार रुपये और मोबाइल लूट ले गए। राहगीरों ने उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचाया। ब्यूरो

मोबाइल पर अधिक बातें करने से था शक

पत्नी की हत्या कर शव के टुकड़े करने का मामला : दुनिया उजाड़कर लगा रहा कई आरोप

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रेमनगर इलाके में शनिवार रात पत्नी की हत्या मामले की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आशु अपनी पत्नी के अक्सर मोबाइल पर बात करने से उसके चरित्र पर शक करता था। पुलिस पूछताछ में आशु ने बताया कि सीमा का फोन हर समय व्यस्त मिलता था। ऐसे में उसे शक था कि वह किसी से बातचीत करती है। उसने काल डिटेल जांच करने की कोशिश की लेकिन फोन लॉक होने की वजह से ऐसा नहीं कर पाया। इससे उसका शक और बढ़ गया। इसी बात पर दोनों में अक्सर मारपीट होने लगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आशु ने अपनी पत्नी पर कई संगीन आरोप लगाए हैं।



प्रेमनगर में वारदात के बाद जमा लोगों की भीड़। अमर उजाला

सास को भी फोन कर दी घटना की जानकारी : सीमा के भाई संतोष ने बताया कि आशु ने रात साढ़े दस बजे फोन कर सीमा की हत्या किए जाने की बात कही और फोन बंद कर दिया। आशु की बात सुनकर उसकी सास चमेली देवी सन्न रह गई लेकिन उसे लगा कि दामाद उसके साथ मजाक कर रहा है। ऐसे में उसने घर के अन्य सदस्यों को दामाद के फोन के बारे में कुछ भी नहीं बताया। सुबह बेटी के पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने चमेली देवी के परिवार वालों को सारी बात बताई।

मायके वाले ने करार दिया दहेज हत्या

सीमा के परिजनों ने दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया कि आशु उनकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। वह अक्सर मायके से उसे नकदी व सामान लाने के लिए कहता था। मना करने पर उससे मारपीट करता था। उधर, पड़ोसियों ने बताया कि उन लोगों ने सीमा को घर आते हुए देखा था लेकिन हत्या किए जाने के समय कोई चीख नहीं सुनी।

न्यूज डायरी

21 करोड़ के प्रतिबंधित ड्रग संग आस्ट्रेलियाई धरा

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ के जवानों ने 21 करोड़ रुपये कीमत के 7 किलो प्रतिबंधित ड्रग एम्फैटेमिन के साथ आस्ट्रेलियाई नागरिक मोहम्मद उमर तुरै को पकड़ा है। उसे कस्टम विभाग के हवाले कर दिया गया है। सीआईएसएफ के प्रवक्ता हेमेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार सुबह टर्मिनल तीन पर सर्विलांस टीम विदेशी यात्रियों के सामान की जांच कर रही थी। एक्सरे मशीन में एक यात्री के बैग में कुछ संदिग्ध चीज दिखी। तलाशी में बैग के तले में काले रंग का पाउच मिला। इसमें 7 किलो सफेद पाउडर था। मोहम्मद उमर तुरै को हिरासत में लेकर कस्टम विभाग को सूचना दी गई। कस्टम अधिकारियों ने जांच के बाद बताया कि पाउडर प्रतिबंधित एम्फैटेमिन ड्रग है। मोहम्मद उमर तुरै ड्रग की खेप को लेकर एयर इंडिया की फ्लाइट से मेलबोर्न जा रहा था।



टीएम कृष्णा ने कर्नाटक संगीत गायन से बांधा समा



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की ओर से रविवार को कनाट प्लेस के सेंट्रल पार्क में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'आवाम की आवाज' में प्रसिद्ध कर्नाटक संगीत गायक टीएम कृष्णा ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। टीएम कृष्णा के साथ जोगप्पा, ट्रांस म्यूजिक संगीतकारों के पारंपरिक समुदाय के सदस्यों ने संगीत वादन से प्रस्तुति को और भी आनंदित बना दिया।

संत राजिंदर सिंह का जन्मोत्सव मनाया

नई दिल्ली। सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष परम संत राजिंदर सिंह जी महाराज का 73वां जन्मोत्सव 'अंतर्राष्ट्रीय ध्यान-अभ्यास दिवस' के रूप में मनाया गया। इस मौके पर हुए कार्यक्रम में दिल्ली और आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। संत राजिंदर सिंह जी महाराज ने वीडियो सत्संग के माध्यम से बताया कि आज का दिन हम विश्व के कोने-कोने में 'अंतर्राष्ट्रीय ध्यान-अभ्यास दिवस' के रूप में मना रहे हैं। ब्यूरो

नंदू के इशारे पर मांगी थी 35 लाख की रंगदारी

कैर-मित्रराऊं रोड पर मुठभेड़ का मामला, कारोबारी के प्रोविजनल स्टोर पर की थी फायरिंग

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। द्वारका जिले के कैर-मित्रराऊं रोड पर शनिवार रात हुई मुठभेड़ के बाद पकड़े गए नंदू गैंग के तीन बदमाश कारोबारियों से उगाही कर रहे थे। आरोपियों ने ढांसा रोड स्थित प्रोविजनल स्टोर चलाने वाले कारोबारियों से 35 लाख की रंगदारी मांगी थी। रुपये नहीं देने पर स्टोर में गोलीबारी की थी। पूछताछ में बदमाशों ने खुलासा किया है कि कपिल सांगवान के कहने पर रंगदारी मांगकर गिरोह के लिए फंड इकट्ठा कर रहे थे।

जिला पुलिस उपायुक्त ऐंटो अल्फोंस ने बताया कि 21 जून की रात बाइक सवार बदमाशों ने ढांसा रोड स्थित प्रोविजनल स्टोर में गोलीबारी की थी और स्टोर मालिक से 35 लाख की रंगदारी मांगी थी। 30 जून को बदमाशों ने फिर से स्टोर में घुसकर कारोबारी के भाई को धमकी दी और रुपये का इंतजाम करने के लिए कहा। जांच में पुलिस को पता चला कि घटना को विक्की यादव ने अंजाम दिया है। विक्की तिहाड़ जेल में बंद दीपक धनकड़ के ग्रुप का बदमाश है। दीपक धनकड़ गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग के लिए काम करता है।

निरीक्षक नवीन कुमार के नेतृत्व में स्पेशल स्टाफ की टीम उस पर निगरानी बढ़ा दी। 21 सितंबर को सिपाही कुलभूषण और संदीप को सूचना मिली कि विक्की अपने दो सहयोगियों के साथ कैर-मित्राराऊं रोड पर आने वाला है। बाइक से आए बदमाशों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने पुलिस पर गोली चला दी, जो सिपाही कुलभूषण के बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। जवाबी फायरिंग में विक्की के पैर में गोली लग गई और उसके बाद पुलिस ने नजफगढ़ निवासी विक्की, नवीन और गुरुग्राम निवासी दीपक को गिरफ्तार कर लिया। विक्की को अस्पताल में भर्ती कराया। बदमाशों के पास से दो पिस्टल और आठ कारतूस मिले।

बदमाशों ने बताया कि गैंगस्टर कपिल सांगवान के कहने कारोबारियों से रंगदारी मांगी थी। इसके लिए सांगवान ने ही हथियार मुहैया कराए थे। बदमाश पहले फोन से कारोबारियों को धमकी देते थे। रुपये नहीं देने पर दुकान के बाहर गोलीबारी करते थे।

तिहाड़ जेल में हुआ था गठजोड़

तीनों बदमाश तिहाड़ जेल में ही गिरोह में शामिल हुए थे। मूलतः दरभंगा बिहार का रहने वाला विक्की 2014 में चोट पहुंचाने के मामले में तिहाड़ जेल गया था। विक्की जेल में बंद नंदू के लिए काम करने वाले दीपक धनकड़ से जुड़ गया। नंदू अपने गिरोह में नए लड़कों की भर्ती करता है, जो गिरोह के लिए फंड इकट्ठा करते हैं। 2017 में विक्की हत्या के प्रयास के मामले में जेल में बंद हुआ। 2019 अप्रैल में जेल से निकलने के बाद उगाही करने लगा। नवीन विक्की के पड़ोस में रहता था। इसलिए दोनों एक-दूसरे को जानते थे। 2017 में नवीन दुष्कर्म के मामले में जेल में था, जहां विक्की ने उसे अपने गिरोह में शामिल कर लिया। वहीं, दीपक का भाई हिमांशु विक्की का दोस्त है। हिमांशु हत्या के प्रयास में जेल में बंद है। हिमांशु ने दीपक को विक्की से मिलवाया। उसके बाद विक्की ने उसे अपने गैंग में शामिल कर लिया।

मुठभेड़ के बाद 25 हजार का इनामी आसिफ धरा

नई दिल्ली। शाहदरा जिले के सीमापुरी इलाके में पुलिस ने 25 हजार के इनामी बदमाश आसिफ उर्फ आशू उर्फ नूर आलम (40) मुठभेड़ के बाद दबोचा है। पुलिस ने काबू करने का प्रयास किया तो आसिफ ने तीन गोलियां चलाईं। एक गोली एएसआई की बुलेट प्रूफ जैकेट पर भी लगी। पुलिस ने दो जवाबी गोलियां चलाकर उसे दबोचा। उसके पास से दो पिस्टल, 22 कारतूस, तीन खोखे और एक बाइक बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक, 25 फरवरी को उसने अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वह हाथ नहीं आया तो यूपी पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम रखा था।

शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त अमित कुमार ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब 2 बजे एएसआई सुखबीर, हरेंद्र, हवलदार अमित और राजू सैनी की टीम ने एक सूचना के बाद 70 फुटा रोड सीमापुरी के पास पिकेट लगाई। इस बीच आए बाइक सवार आसिफ को पुलिस ने रोकने का प्रयास करने किया तो उसने पिस्टल निकालकर पुलिस पर गोली चला दी। एक गोली सुखबीर की बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। जवाब में सुखबीर ने भी गोली चलाई। हवलादार अमित ने उसे काबू कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने 25 फरवरी 2019 को गरिमा गार्डन, साहिबाबाद में पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। सास और साली केस की पैरवी कर रही थीं, इसलिए वह उनकी भी हत्या की योजना बना रहा था। ब्यूरो

साहिबाबाद में 25 फरवरी को किया था पत्नी का कत्ल

25 करोड़ की जीएसटी चोरी में लेखाकार को जमानत

जांच एजेंसी ने दिल्ली के आजादपुर इलाके से किया था गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। अदालत ने 25 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी के मामले में आरोपी लेखाकार को जमानत दे दी है। लेखाकार पर अपने सह आरोपी की कंपनियों के लिए फर्जी बिल जारी करने का आरोप है जिससे टैक्स चोरी किया जा सके। पेशे से अकाउंटेंट आरोपी को एक अगस्त को आजादपुर इलाके से हिरासत में लिया गया था। इस मामले में मुख्य आरोपी पर 19 मुखौटा कंपनियां खोल कर सरकार को 25 करोड़ का चूना लगाने का आरोप है।

पटियाला हाउस अदालत के मुख्य महानगर दंडाधिकारी मनीष खुराना ने आरोपी विकास सिंह के वकील शैलेन्द्र कुमार गुप्ता की दलीलों पर सहमति जताते हुए 50 हजार के निजी मुचलके व इतनी ही राशि के जमानती की शर्त पर जमानत प्रदान की है। उसे जांच में सहयोग करने और बिना अनुमति विदेश नहीं जाने की हिदायत दी है।

सह आरोपी की कंपनियों के लिए फर्जी बिल जारी करने का लगाया गया है आरोप

जमानत याचिका पर जिरह करते हुए अधिवक्ता शैलेन्द्र गुप्ता ने कोर्ट को बताया कि उनका मुवक्किल सिर्फ एक कर्मचारी है और उसका जीएसटी चोरी से कोई लेना देना नहीं है। वह केवल अपने नियोक्ता सब्बन व अन्य लोगों के निर्देश के मुताबिक बही खातों का हिसाब किताब रखता है। उसके खिलाफ जांच पूरी हो चुकी है। अभियोजन पक्ष ने याचिका का विरोध करते कहा की जांच एजेंसी ने दिल्ली के आजादपुर इलाके में एक इमारत में छापेमारी की थी। जहां से 19 फर्जी कंपनियों के दस्तावेज बरामद हुए थे जिनसे करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी का खुलासा हुआ था।

प्लास्टिक का प्रयोग न करने की ली शपथ

गढ़मुक्तेश्वर। नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार रविवार सुबह करीब पौने आठ बजे गंगानगरी ब्रजघाट पहुंचे। यहां पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने जल संरक्षण के तहत चल रहे कार्यक्रमों के सही ढंग से क्रियान्वयन का निर्देश दिया। इसके बाद स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत राजीव कुमार ने अधिकारियों के साथ मिलकर श्रमदान किया। जिन्होंने गंगा तट पर कूड़ा एकत्र कर डस्टबिन में डाला।

इस दौरान उन्होंने सभी लोगों से जीवन में स्वच्छता और सफाई को अपनाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई मानव जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। अपने आसपास फैली गंदगी को दूर कर सभी लोगों को देश को स्वच्छ बनाने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने सभी को पर्यावरण और जल संरक्षण समेत स्वच्छता अभियान में भागीदारी के साथ ही प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ भी दिलाई। ब्यूरो

शिमला में चिट्टा तस्कर गर्लफ्रेंड के साथ गिरफ्तार

हरियाणा के झज्जर के रहने वाले हैं दोनों, दिल्ली से लाते थे नशा

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला। हरियाणा के झज्जर के रहने वाले एक युवक को चिट्टे के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी (25) के साथ उसकी गर्लफ्रेंड को भी हिरासत में लिया गया है। इनके पास से 8.51 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। इन्हें रविवार को आनंदपुर से तारादेवी मंदिर की ओर जाने वाली सड़क के पास बने एक मकान से पकड़ा गया। यह यहां कुछ समय से किराये के कमरे पर रह रहे थे। इन पर आरोप है कि यह छात्रों को चिट्टे की सप्लाई करते थे। यह चिट्टा दिल्ली से लेकर आकर यहां बेचते थे। एसआईयू ने गुप्त सूचना के आधार पर इन्हें धर दबोचा आरोपियों के खिलाफ थाना बालूंगज में मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

आनंदपुर-तारादेवी मंदिर मार्ग पर बने एक मकान में किराये के कमरे में रहते थे दोनों

बताया जा रहा है कि आरोपी काफी समय से शिमला में चिट्टे की सप्लाई का काम कर रहा था। नशे के दलदल में धंस चुके छात्र इनके आसान शिकार रहते थे। यह इन्हें 10 मिली ग्राम चिट्टा 1000 हजार से 1500 सौ के बीच बेचते थे। चिट्टा खत्म होने के बाद वह फिर से दिल्ली जाते और वहां से चिट्टा लेकर वापस लौट जाते। इसी दौरान आरोपी ने एक घर में अपना ठिकाना बना लिया। इनकी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना एसआईयू की टीम को मिली। इस पर एसआईयू इंचार्ज सुशील कुमार ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने की योजना बनाई। रविवार को एसआईयू टीम के हेडकांस्टेबल सुशील, कांस्टेबल अजय कुमार, कांस्टेबल रमन कुमार और महिला कांस्टेबल तृप्ता ने आरोपी को चिट्टे के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अपनी गर्लफ्रेंड के साथ किराये के कमरे में रह रहा था। आरोपी की गर्लफ्रेंड की चिट्टे की तस्करी में कितनी संलिप्तता है एसआईयू इस बात की जांच कर रही है। यह भी हरियाणा के छज्जर की रहने वाली ही है।

इस संबंध में एसपी शिमला ओमापति जमवाल ने कहा कि चिट्टा के आरोप में चिराग हाउस से एक युवक और युवती को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 8.51 ग्राम चिट्टा मिला है। ये आरोपी हरियाणा के छज्जर के रहने वाले हैं। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगामी छानबीन अमल में लाई जा रही है।



मोदी शुगर मिल प्रबंधक पर रिपोर्ट

मोदीनगर। मोदी शुगर मिल द्वारा किसानों का बकाया गन्ना भुगतान समय से नहीं करने के मामले में सहकारी गन्ना विकास समिति की ओर से प्रबंध निदेशक उमेश कुमार मोदी सहित मिल के तीन अधिकारियों के विरुद्ध धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ब्यूरो



दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे : उद्घाटन के लिए जगह चिन्हित

30 सितंबर को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे उद्घाटन

गाजियाबाद। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे के तीसरे चरण का उद्घाटन कार्यक्रम 30 सितंबर को होना है, जिसे लेकर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) कार्यक्रम की तैयारियों में लगी है। अथॉरिटी के अधिकारियों ने पिलखुवा स्थित राजपूताना रेजीमेंट इंटर कालेज में कार्यक्रम करने का सुझाव दिया है। अथॉरिटी अधिकारियों ने कहा है कि यह जगह आयोजन व पार्किंग के हिसाब से उपयुक्त है। यहां कार्यक्रम होने पर डायवर्जन की भी जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि वाहन एविलेटेड रोड से गुजर जाएंगे।

एनएचएआई ने जगह चिन्हित कर जिला प्रशासन को जानकारी दे दी है। अब प्रशासनिक स्तर से सुरक्षा व अन्य मानकों के हिसाब से सहमति मिलते ही अंतिम रूप से कार्यक्रम स्थल पर मोहर लग जाएगी। संभावना है कि प्रशासन की ओर से मंगलवार तक कार्यक्रम स्थल पर अपनी रिपोर्ट दे दी जाएगी। ध्यान रहे कि एक्सप्रेसवे के तीसरे चरण में डासना से हापुड़ के बीच करीब 22.30 किलोमीटर लंबी छह लेन रोड बनकर तैयार है। ब्यूरो

Medical Helpline
शराब छुड़वाएं
शराब छुडवायें वो भी सिर्फ 7 दिनों में,
अगर आप सभी जगह की दवाई खिला कर
थक चुके हैं तो एक बार संपर्क करें।
दुर्गा आयुर्वेदा 9917617243

जीके-2 के नामी रेस्तरां में तीन युवतियों से छेड़छाड़

एक पीड़ित युवती ने फेसबुक पर पोस्ट डालकर बयां किया दर्द, पुलिस ने कई घंटे थाने में बैठाए रखा

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली के पॉश इलाके ग्रेटर कैलाश-दो में तीन युवतियों के साथ छेड़छाड़ होने व उनके ऊपर अश्लील फब्तियां कसने का मामला सामने आया है। आरोप है कि रेस्तरां में युवतियों पर फब्तियां कसी गईं और अश्लील इशारे किए। पीड़ित एक युवती ने फेसबुक पर अपने दर्द को बयां किया है। युवती रात में सीआर पार्क थाने पहुंची। आरोप लगाया कि उसे व उसकी सहेलियों को कई घंटे थाने में बैठाए रखा गया। दक्षिण जिला पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। दो आरोपियों की पहचान कर ली गई है।

दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ग्रेटर कैलाश-2 के एम-ब्लाक में साइडकार रेस्तरां है। शनिवार रात तीन युवतियां वहां खाना खाने गई थीं। रेस्तरां में कुर्सियां इस तरह रखी हुई है कि दो मेज की कुर्सियों के पीछे जगह बहुत कम है। पीछे कुर्सी पर बैठे आरोपी युवक ने अपना हाथ पीछे किया तो युवती के सिर पर लग गया। इस बात पर युवतियां व आरोपी तीन युवकों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि युवकों ने अश्लील बातें कहीं और अश्लील इशारे किए। आरोपियों ने युवतियों को साउथ दिल्ली की नौकरानी कहा। इतना कुछ होने पर भी किसी ने युवतियों की मदद नहीं की।

इसके बाद युवतियां सीआर पार्क थाने पहुंची। युवती ने आरोप लगाया कि वह थाने में चार से पांच घंटे बैठी रहीं, मगर पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। एक युवती ने अपनी व सहेलियों के साथ हुई घटना को फेसबुक पर पोस्ट किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दो आरोपियों की पहचान हो गई है। एक युवक का नाम प्रणव है, जबकि दूसरे का नाम मोहित है। दोनों गुरुग्राम के रहने वाले हैं। इनके पिता बिल्डिंग निर्माण का काम करते हैं। रविवार देर शाम तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका था। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी जल्द गिरफ्त में होंगे।

02 आरोपियों की पहचान का पुलिस अधिकारियों ने किया दावा

सीआर पार्क थाना पुलिस ने छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर लिया है। दो आरोपियों की पहचान कर ली गई है।

अतुल कुमार ठाकुर, डीसीपी, दक्षिण जिला

रिटायर अफसरों को निशाना बना रहे ठग

जीवन बीमा की पॉलिसी के जरिए बिछाते हैं जाल

धीरज बेनीवाल

नई दिल्ली। राजधानी में जालसाजों व ठगों का ऐसा गिरोह काम कर रहा है जो ऊंचे पदों से रिटायर अधिकारियों को निशाना बना रहा है। उन्हें बीमा का मोटा लाभ दिलाने का झांसा देकर ठगी की जाती है। ताजा मामला भारतीय सेना से रिटायर कर्नल जीए खान से जुड़ा है। पूर्व में दिल्ली सरकार से रिटायर सचिव स्तर के अधिकारी रमेश शर्मा भी इनके निशाने पर आ चुके हैं। 2015 में सामने आए इस मामले में दिल्ली पुलिस ने करीब 20 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। लेकिन अब तक सिर्फ तीन शातिरों को गिरफ्तार किया जा सका है और उन्हें भी कोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

ताजा मामले में सेना से रिटायर कर्नल जीएम खान ने बताया कि उनके साथ 1.02 करोड़ रुपये की ठगी की गई। उन्हें फोन पर आर्मी ग्रुप इंश्योरेंस फंड (एजीआईएफ) में उनके बीमा संबंधी कई जानकारियां दी गईं। इसके बाद 30-40 लाख रुपये का फायदा होने का झांसा दिया गया। झांसे में आने पर उन्होंने एक करोड़ से ज्यादा धनराशि ठगों के खाते में ट्रांसफर कर दी। शक होने पर एजीआईएफ में जांच की और ठगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। ठग अभी पुलिस की गिरफ्तार से दूर हैं।

पुराने केस में आरोपी को जमानत

पूर्व में सामने आए मामले में पटियाला हाउस अदालत के सीएमएम मनीष खुराना ने सुदेश कुमार बिधूड़ी को एक लाख रुपये के निजी व एक लाख रुपये के जमानती मुचलके पर जमानत प्रदान की है। उसे दिल्ली पुलिस ने आर्थिक अपराध शाखा की सितंबर 2015 में दर्ज एफआईआर के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। इससे पहले मुख्य आरोपी रवि को 13 सितंबर 2018 को जमानत मिल गई थी। कोर्ट के समक्ष रिटायर अधिकारी रमेश शर्मा ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि उन्हें 7.92 लाख रुपये का चूना लगाया था। उनके जैसे सैकड़ों लोगों से यह गिरोह ठगी कर चुका है।

1.02 करोड़ की ठगी की गई है सेवानिवृत्त कर्नल से

7.92 लाख रुपये दिल्ली के सचिव स्तर के अफसर से ठगे थे

दिल्ली सरकार से रिटायर सचिव स्तर के अधिकारी भी बन चुके हैं शिकार

ऐसे बिछाते हैं जाल

सूत्रों की माने तो ठगों का यह गिरोह रिटायर हो चुके लोगों की बंद पड़ी पॉलिसी का विवरण पैसा देकर निकलवाते हैं और उसका इस्तेमाल अपने शिकार को फंसाने में करते हैं। इसके लिए यह ठग कंपनी खोलकर कॉल सेंटर चलाते हैं। इन कंपनियों से कॉल कर पीड़ित को उसकी पॉलिसी से संबंधित अहम जानकारियां दी जाती हैं ताकि वह शख्स इनके झांसे में आ जाए।

खास खबर

एलआईसी अधिकारी ने दर्ज कराया था केस

भारतीय जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक टीसी सुशील कुमार ने अक्तूबर 2015 में पुलिस आयुक्त को लिखित शिकायत देकर कहा था कि यह ठग बंद पड़ी पॉलिसी को सरेंडर करने के एवज में मोटे फायदे, मुफ्त उपहार का लालच देते थे। इसके लिए कैश या चेक से राशि लेते थे और गायब हो जाते थे। दिल्ली पुलिस ने सुशील की शिकायत पर वैल्यू एड ऑन सिक्योरिटीज, द विजन लॉयल्टी एडीशन, डेविस क्लब नाम की कई कंपनियों को नामजद किया था। एक कंपनी का नाम तो एलआईसी के नाम पर ही रखा हुआ था।

अक्षरधाम मंदिर के पास दिनदहाड़े मुठभेड़, फायरिंग से मची भगदड़

पुलिस पर बदमाशों ने पहले चलाई गोली, पुलिस ने भी झोंका फायर, बदमाश फरार

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। अक्षरधाम मंदिर के पास रविवार सुबह पुलिस की कार सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। बदमाश पुलिस पर गोली चलाकर भागे। जवाब में पुलिस ने भी एक गोली चलाई। दोनों ओर से चली गोली किसी को लगी नही वहां अफरा-तफरी मच गई। बदमाश पुश्ता रोड होते हुए गीता कॉलोनी की ओर भागे। पुलिस ने पीछा किया, लेकिन बदमाश कार समेत फरार हो गए। मंडावली थाने में हत्या की कोशिश, सरकारी काम में बाधा और ड्यूटी के दौरान हमला करने समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त जसमीत सिंह ने बताया कि सवारियों को कार में लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले बदमाशों के आने की सूचना पर पुलिस ने अक्षरधाम मंदिर मेट्रो स्टेशन के पास पिकेट लगाई। पुलिस ने 10:45 बजे सफेद मारुति सियाज कार को रुकने का इशारा किया। इसमें चालक समेत चार युवक थे। इनमें एक ने पुलिस पर गोली चलाई और चालक कार लेकर पुश्ता रोड से भागा। पुलिस ने भी एक गोली चलाई। रविवार होने के कारण अक्षरधाम मंदिर के पास भीड़ थी। गोली चलते ही वहां भगदड़ मच गई। पुलिस ने गीता कॉलोनी फ्लाईओवर तक बदमाशों का पीछा किया, लेकिन वे गच्चा देकर फरार हो गे। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए। बदमाशों की तलाश में दबिश दी जा रही है।



घटना स्थल पर तैनात पुलिसकर्मी।

- कार में सवार थे चार बदमाश, रोकने पर हुए हमलावर
- सवारियों को लिफ्ट देकर लूटने वालों की थी तलाश
- रविवार होने से मंदिर के आस-पास थी भीड़ लोगों में दहशत

युवक की संदिग्ध हालात में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। करावल नगर इलाके में 10 सितंबर को ऑटो पार्किंग को लेकर हुए झगड़े में घायल युवक की शनिवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त पवन (32) के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि हमले के बाद से पवन घायल था। इसी वजह से उसकी मौत हो गई। परिजन हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग रहे हैं। वहीं, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के मुताबिक, पवन अपनी मां अजीता देवी और एक बहन के साथ गली नंबर-2, प्रेम नगर, करावल नगर में रहता था। वह ऑटो चालक था। पवन के जीजा रिंकू ने बताया कि 10 सितंबर की रात पवन ऑटो लेकर आ रहा था। इस दौरान कुछ युवकों से ऑटो खड़ा करने को लेकर उसका झगड़ा हो गया। युवकों ने उस पर ईंट-पत्थर से हमला किया। इसके बाद पवन को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां अगले दिन उसकी छुट्टी कर दी गई। इधर, पवन की तबीयत लगातार खराब रही। आरोप है कि पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता करा दिया। शनिवार को अचानक पवन का स्वास्थ्य खराब हुआ तो परिजन नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पिटाई से मौत होने का आरोप लगाया है।

10 सितंबर को ऑटो खड़ा करने को लेकर कुछ युवकों ने कर दी थी पिटाई



लोकनृत्य ने मोहा

आईएनए दिल्ली हाट में आयोजित झारखंड कारीगर महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। रविवार शाम कलाकारों ने झारखंड के लोकनृत्य की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। जी.पाल

झारखंड के हस्तशिल्प ने लोगों का मन मोहा

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। आईएनए दिल्ली हाट में रविवार को झारखंड कारीगर महोत्सव 2019 का आगाज हुआ। यहां प्रदर्शित उत्पादों ने दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने हस्तशिल्प उत्पादों की खरीदारी की और लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व झारखंड के व्यंजनों का लुत्फ उठाया। यह महोत्सव 30 सितंबर तक चलेगा।

झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के झारक्राफ्ट विभाग की ओर से आयोजित महोत्सव की शुरुआत में झारखंड दिवस मनाया गया। विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक और महोत्सव प्रभारी मनोज महतो ने बताया कि आयोजन का उदेश्य झारखंड के कलाकारों और कारीगरों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है।

आईएनए दिल्ली हाट में कारीगर महोत्सव का आगाज

झारखंड के उद्योग सचिव के रवि ने किया उद्घाटन

महोत्सव का उद्घाटन झारखंड के उद्योग सचिव के. रवि ने किया। उन्होंने हस्तशिल्प उत्पाद तैयार करने वाले कारीगरों की कला को सराहा और उनके बेहतर भविष्य के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। महोत्सव में दर्शकों के लिए हस्तशिल्प एंड हैंडलूम के 75 स्टाल हैं। झारखंड के विभिन्न व्यंजनों की भी व्यवस्था है। इस महोत्सव में कलाकार झारखंड के पाइका, छाउ, मुंडारी और संथाली आदि परंपरागत लोक नृत्य और गीत से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं।

मदर डेयरी टैंकर के चालक को लूटा

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर इलाके में शनिवार रात करीब 11:30 बजे बाइक सवार बदमाशों ने मदर डेयरी टैंकर के चालक को पिस्टल दिखा लूट लिया।

पुलिस के मुताबिक, परिवार के साथ मंडावली में रहने वाला सुभाष दो साल से मदर डेयरी में टैंकर चालक है। शनिवार रात वह लक्ष्मी नगर से टैंकर लेकर करावल नगर गया था। महालक्ष्मी विहार में रास्ता तंग होने के कारण सुभाष नीचे उतरा व रास्ता देखने लगा। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक पहुंचे और पिस्टल निकालकर सुभाष के पेट पर लगा दी। उसकी जेब में रखे दूध सप्लाई के 25 हजार रुपये और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। ब्यूरो



खेल के दौरान ऊंचाई से गिरे बच्चे की मौत

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। नजफगढ़ इलाके में डेढ़ साल के बच्चे की ऊंचाई से गिरने से मौत हो गई। घटना के समय बच्चा अपने भाई के साथ खेल रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस लापरवाही का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार मृत बच्चे की शिनाख्त विजय के रूप में हुई है। वह अपने पिता इंद्रपाल, मां ममता और बड़े भाई अजय के साथ नजफगढ़ इलाके में रहता था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार शाम वह घर के बाहर अपने भाई के साथ खेल रहा था। इसी दौरान वह ऊंचाई वाले स्थान से गिरकर बेहोश हो गया। उसके सिर में गंभीर चोट आई।

पुलिस ने लापरवाही का मामला दर्ज कर जांच शुरू की

घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उसे पास के अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पूछताछ में परिजनों ने ऊंचाई से गिरने की बात कही। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस का कहना है कि लापरवाही का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

डीयू: लटक सकती हैं स्थायी नियुक्तियां

ओबीसी पदों की दूसरी किस्त जारी होने से फिर बनाना होगा रोस्टर

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। डीयू में ओबीसी पदों पर स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया लटक सकती है। यूजीसी द्वारा कॉलेजों को भेजे गए पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि ओबीसी कोटे के पदों को जल्द से जल्द भरा जाए। इससे पहले हाल ही में शिवाजी कॉलेज, मैत्रीय कॉलेज, खालसा कॉलेज, कालिंदी आदि कॉलेजों ने अपने यहां स्थायी नियुक्तियों के लिए विज्ञापन निकाले थे। यूजीसी के सर्कुलर के आने के बाद विश्वविद्यालय के विभागों और कॉलेजों को फिर से रोस्टर बनाना पड़ेगा।

दिल्ली यूनिवर्सिटी की एकेडेमिक काउंसिल के पूर्व सदस्य प्रो. हंसराज ने बताया है कि यूजीसी सर्कुलर आने के बाद जिन कॉलेजों ने स्थायी नियुक्ति संबंधी पदों के विज्ञापन दिए हैं, अब उन सभी कॉलेजों को रोस्टर फिर से बनाकर डीयू प्रशासन से पास कराकर पदों को विज्ञापित कराना होगा। इस प्रक्रिया में तीन महीने तक लग सकते हैं। ऐसे में स्थायी नियुक्ति के लिए नए साल तक इंतजार करना पड़ सकता है।

पहले कॉलेजों व विभागों ने कॉलेज को एक यूनिट मानकर वरिष्ठता के आधार पर 200 प्वाइंट पोस्ट बेस रोस्टर बनाया था और उसी के आधार पर कॉलेजों-विभागों ने सहायक प्रोफेसर के विज्ञापन निकाले थे, जिसके आधार पर विषयानुसार स्क्रीनिंग भी हो चुकी है। अक्तूबर से विभागों में नियुक्तियों की प्रक्रिया को शुरू किया जाना था, लेकिन इस सर्कुलर के बाद अब कॉलेजों को नया रोस्टर तैयार करके डीयू से पास कराकर पदों को विज्ञापित कराना होगा। बताया जा रहा है कि यूजीसी से सर्कुलर आने के बाद से इस संबंध में कॉलेजों-विभागों को रोस्टर संबंधी दिशा-निर्देश भेज दिया है।

डीयू अगले हफ्ते या अक्तूबर में उच्च शिक्षण संस्थानों को रेगुलेशन बनाकर और नियुक्ति कमेटी के शिक्षकों की सूची जारी कर देगी, ताकि कॉलेजों में शिक्षकों पर पड़ रहे अतिरिक्त भार को कम किया जा सके और जल्द स्थायी नियुक्तियों की प्रक्रिया शुरू हो जाए।

03 महीने लग सकते हैं रोस्टर फिर से बनाकर पदों को विज्ञापित कराने में



छानबीन मधु विहार में कार सवार महिला की गोली मारकर हत्या करने का मामला

पुलिस खाली हाथ, लूट के बाद हत्या की आशंका

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। मधु विहार इलाके में रविवार तड़के हुई कार सवार उषा रानी की हत्या के मामले में फिलहाल पुलिस खाली हाथ है। पुलिस को आशंका है कि लूट के इरादे से महिला की हत्या की गई। महिला के घर से घटनास्थल तक के करीब 20 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज पुलिस कब्जे में लेकर जांच कर रही है। फुटेज से पता चला है कि बदमाश काले रंग की पल्सर पर आए थे। जिला पुलिस उपायुक्त जसमीत सिंह का कहना है कि पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।



उषा रानी। फाइल फोटो

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस तरह वारदात को अंजाम दिया गया है, उससे लगता है कि यह गिरोह मॉर्निंग वॉक करने वालों से लूटपाट करता है। उषा रानी को अकेला देखकर लूटने का प्रयास किया और विरोध करने पर गोली मार दी। हालांकि, इसकी पुष्टि बदमाशों के पकड़े जाने के बाद ही होगी। मामले की छानबीन के लिए लोकल पुलिस के अलावा जिले के स्पेशल स्टाफ, एटीएस की करीब आठ टीमों को लगाया गया है। वारदात के समय सड़क से गुजरने वाले बस चालक, रिक्शा चालक व कुछ अन्य राहगीरों की पहचान की है। पुलिस उनको थाने बुलाकर पूछताछ करने की तैयारी कर रही है।

काले रंग की बाइक पर आए थे बदमाश, पुलिस ने 20 कैमरों की फुटेज कब्जे में ली

लोकल पुलिस के अलावा स्पेशल स्टाफ और एटीएस की टीमें कर रहीं छानबीन

उधर, हमले के समय उषा के साथ मौजूद उनके बुजुर्ग पति कैलाश चंद गुप्ता का शनिवार को डायलिसिस नहीं हो पाया था। रविवार को परिजनों ने मैक्स अस्पताल वैशाली में उनका डायलिसिस कराया। घटना के बाद से कैलाश का रोते-रोते बुरा हाल है। कई साल से उषा से ही उन्हें डायलिसिस कराने लेकर जाती थी। उषा के भाई नवनीत गोयल का कहना है कि उनकी बहन को किसी ने गलती से मार दिया है। उषा और उनके परिवार की किसी से कोई रंजिश नहीं है। पुलिस बदमाशों को जल्द गिरफ्तार कर ले, कहीं ऐसा न हो कि बदमाश किसी और की हत्या कर दें। गौरतलब है कि शनिवार तड़के उषा रानी अपने पति को लेकर डायलिसिस कराने के लिए अस्पताल जा रही थी। कैलाश हर शनिवार मधु विहार स्थित शनि देव जी के मंदिर में मत्था टेकने जाते थे। शनिवार को वह मंदिर के अंदर गए और उषा कार में बैठी थी। इस दौरान बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

उद्योग

रवि दधीच बने इंद्रप्रस्थ विवि के रजिस्ट्रार



नई दिल्ली। 1996 के दानिक्स अधिकारी रवि दधीच ने गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार का पद संभाल लिया है। इससे पूर्व वे दिल्ली एनसीटी में अरबन शेल्टर इमप्रूवमेंट बोर्ड के सदस्य थे। अपने दो दशक लंबे प्रशासनिक कार्यकाल के दौरान वे दिल्ली और देश के अन्य भागों में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं।

वुड सीजनिंग एवं ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन



नई दिल्ली। केंद्रीय महिला और बाल विकास एवं वस्त्र मंत्रालय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने सहारनपुर में अपग्रेडेड वुड सीजनिंग एवं ट्रीटमेंट प्लांट कॉमन फैसेलिटी सेंटर का उद्घाटन किया। इस दौरान एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट (ईपीसीएच) के चेयरमैन रवि के. पास्सी, सांसद प्रदीप चौधरी, सहारनपुर के मेयर संजीव वालिया, विधायक ब्रजेश सिंह और देविंदर निम, जिलाधिकारी अशोक के. पांडे, ईपीसीएच के निदेशक मोहित बेनीवाल, आरके वर्मा, सहारनपुर के निर्यातक शेख फैजान अहमद, श्रीरामजी सुनेजा, साबिर अली खान, मोहम्मद इकबाल, सोम गोयल, रविंद्र मिगलानी, मोहम्मद जमा, मोहम्मद इरफान, डीसी हैंडीक्राफ्ट्स के क्षेत्रीय निदेशक विरेंदर कुमार, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिल्पगुरु मौजूद थे। ईपीसीएच निदेशक आरके वर्मा ने बताया कि वर्ष 2018-19 के दौरान देश से काष्ठ शिल्प का निर्यात 5424.91 करोड़ रुपये रहा। इसमें लगभग 20 प्रतिशत भागीदारी सहारनपुर की है।

आईआरसीटीसी का विशेष भारत दर्शन टूरिस्ट पैकेज

नई दिल्ली। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) 27 सितंबर से विशेष भारत दर्शन टूरिस्ट पैकेज शुरू कर रहा है। इसमें धार्मिक के साथ अन्य स्थान भी शामिल हैं। इसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्मस्थान पोरबंदर और अहमदाबाद में साबरमती आश्रम शामिल हैं। इस पैकेज में पर्यटक सरदार बल्लभ भाई पटेल की दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति स्टेच्यू ऑफ यूनिटी भी है। आईआरसीटीसी के भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय के इस 9 दिन और 8 रात वाले भारत दर्शन यात्रा (डब्ल्यूजेडबीडी-267) टूर पैकेज की शुरुआत मध्य प्रदेश के रीवा से 27 सितंबर को होगी। इसमें इंदौर (ओंकारेश्वर), उज्जैन (महाकालेश्वर), अहमदाबाद, द्वारका, पोरबंदर, सोमनाथ, वडोदरा (स्टेच्यू ऑफ यूनिटी) कवर होंगे। इसका रूट सतना-मैहर-कटनी-जबलपुर-नरसिंहपुर-पिपरिया-इटारसी-होशंगाबाद-हबीबगंज-सिहोर-सुजानपुर-मक्सी- देवास-इंदौर-उज्जैन-अहमदाबाद-द्वारका-पोरबंदर-सोमनाथ-वडोदरा-रतलाम-उज्जैन-मक्सी-शुजलपुर-सिहोर-हबीबगंज-होशंगाबाद-इटारसी-पिपरिया- नरसिंहपुर-जबलपुर-कटनी-मैहर-सतना-रीवा होंगे।

दर्शन एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई



नई दिल्ली। 12493/12494 हजरत निजामुद्दीन-पुणे-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस एक्सप्रेस का नाम बदलकर दर्शन एक्सप्रेस किए जाने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में रेलवे राज्यमंत्री सुरेश सी. अंगदी ने भाग लिया। उन्होंने हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से 12494 दर्शन एक्सप्रेस को हरी झंडी भी दिखाई। इस दौरान उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक टीपी सिंह, अन्य वरिष्ठ अधिकारी और आम लोग मौजूद थे।

एनएचपीसी स्पोर्ट्स छात्रवृत्ति के लिए करें आवेदन

नई दिल्ली। एनएचपीसी ने 5 खेलों यानि फुटबॉल, कबड्डी, मुक्केबाजी, कुश्ती और पैरा स्पोर्ट्स के उभरते खिलाड़ियों के लिए 'एनएचपीसी स्पोर्ट्स छात्रवृत्ति' योजना के तहत दूसरे बैच हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह छात्रवृत्तियां 14-19 साल(पैरा स्पोर्ट्स के लिए 14-24 साल) की उम्र के होनहार युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा के प्रोत्साहन तथा ऐसे खिलाड़ियों को उनकी शिक्षा के प्रारंभिक वर्षों के दौरान एक पूल बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई हैं। इन 5 खेलों में अधिकतम 10 छात्रवृत्तियों का प्रावधान है। आवश्यक मानदंडों की पूर्ति के आधार पर दो श्रेणियों अर्थात 'एलीट स्कालर' तथा 'स्कालर' हेतु छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पत्रों पर विचार किया जाएगा। छात्रवृत्ति के बारे में ज्यादा जानकारी एनएचपीसी की वेबसाइट www.nhpcindia.com पर उपलब्ध है। भरे हुए आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 17 अक्तूबर 2019 है।

केंद्रीय विद्यालय संगठन को राजभाषा कीर्ति पुरस्कार



नई दिल्ली। केंद्रीय विद्यालय संगठन को वर्ष 2018-19 के लिए राजभाषा का सर्वोच्च सम्मान राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (प्रथम स्थान) प्रदान किया गया है। विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में गृहमंत्री अमित शाह ने यह पुरस्कार केंद्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त संतोष कुमार मल्ल को प्रदान किया।

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लि. को राजभाषा सम्मान

नई दिल्ली। हिंदी परिषद द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-2019 में राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड मुख्य कार्यालय, नई दिल्ली को राजभाषा सम्मान दिया गया। पुरस्कार गोवा की राज्यपाल मृदुला सिन्हा द्वारा निदेशक (यो. एवं वि.) पी. उदयकुमार और निदेशक (वित्त) गौरांग दीक्षित को प्रदान किया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री कार्यालय मंत्री जितेंद्र सिंह, भारी उद्योग मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, जनता दल (यूनाइटेड) वरिष्ठ नेता केसी त्यागी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

भाषा के बदलते स्वरूप पर संगोष्ठी आयोजित



नई दिल्ली। प्रत्येक भाषा का अपना स्वरूप होता है। जब वह बहुसंख्य शब्द दूसरी भाषाओं से लेती है तो भाषा का अस्तित्व खतरे में पड़ जाता है। हिंदी के साथ भी ऐसा ही हो रहा है। ये विचार हिंदी पखवाड़ा के उपलक्ष्य में डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय, वजीराबाद रोड में आयोजित 'मीडिया की भाषा का बदलता स्वरूप' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में हिंदी अकादमी के सचिव डॉ. जीतराम भट्ट ने व्यक्त किए। अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीके अरोड़ा ने कहा कि पत्रकारिता की जिम्मेदारी हम सभी से अधिक है कि वह भाषा के किस रूप को प्रसारित करते हैं।

उत्तर रेलवे ने बैठक की

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) टीपी सिंह ने उत्तर रेलवे (उ.रे) दिल्ली मंडल के क्षेत्राधिकार में आने वाले निर्वाचन क्षेत्रों के मंत्रियों/सांसदों के साथ बैठक की। यह बैठक रेलमंत्री पीयूष गोयल द्वारा क्षेत्रीय रेलों के महाप्रबंधकों को देश की बेहतर सेवा के लिए आम जनता तक पहुंचने और उनके सुझाव लेने के अनुपालन में आयोजित की गई। बैठक उ.रे के क्षेत्राधिकार में आने वाले प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में रेल से संबंधित मामलों पर जन प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करके उनका समाधान निकालने के लिए आयोजित की गई। दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एस.सी जैन ने मंडल पर स्टेशनों और रेलगाड़ियों में यात्री सुविधाओं, बुनियादी ढांचे और रेल यात्रियों से संबंधित पूरी हो चुकी, चल रही और नियोजित परियोजनाओं पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के राज्यमंत्री संजीव बालियान, सड़क यातायात और राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल वी.के सिंह, सांसद मीनाक्षी लेखी, रमेश बिधुडी, हंसराज हंस, मनोज तिवारी, संजय भाटिया आदि ने अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में पिछले 5 वर्षों में उ.रे द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम में मनाया हिंदी दिवस

नई दिल्ली। कर्मचारी राज्य बीमा निगम मुख्यालय में हिंदी दिवस समारोह आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महानिदेशक राजकुमार ने सभी कर्मचारियों को कार्यालय में दैनिक कामकाज में सरल हिंदी को आधिकारिक तौर पर प्रयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि राजभाषा में अधिकाधिक विभागीय कार्य किए जाएं, इससे राजभाषा का प्रसार होगा। इस मौके पर बीमा आयुक्त एके सिन्हा ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का संदेश पढ़ा। विभाग के संयुक्त निदेशक (राजभाषा) श्याम कुमार ने हिंदी प्रगति रिपोर्ट पेश की।

नालको में हिंदी पखवाड़ा मनाया

नई दिल्ली। नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको), भारत सरकार के एक नवरत्न लोक उद्यम के निगम कार्यालय और अनुगुल व दामनजोड़ी स्थित उत्पादन इकाइयों व भारत के क्षेत्रीय कार्यालयों में शासकीय कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के साथ कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 15 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। इस अवसर पर निबंध, भाषण, वाद-विवाद, पत्र लेखन श्रुतलेखन और प्रश्नमंच प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इस मौके पर नालको के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. तपन कुमार चांद ने मुख्य अतिथि विजेताओं को पुरस्कार दिया। उन्होंने स्व. डॉ. शंकर दयाल सिंह स्मृति पुरस्कार योजना के अंतर्गत हिंदी के प्रचार-प्रसार में विशेष योगदान के लिए विशेष पुरस्कार एवं हिंदी पत्रिका अक्षर के श्रेष्ठ रचनाकारों को भी पुरस्कार प्रदान किए।

एनओसी के लिए घूस लेने वाला एफएसओ व फायर वेंडर गिरफ्तार

विभाग के ऑनलाइन सिस्टम में गिरोह बनाकर हो रही थी सेंधमारी

एफएसओ कुलदीप पर सात मुकदमे दर्ज 13 फायर वेंडरों पर भी मुकदमा पंजीकृत

अमर उजाला ब्यूरो

नोएडा। अग्निशमन विभाग के ऑनलाइन सिस्टम में सेंधमारी कर एनओसी के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। एनओसी के नाम पर घूस लेने के आरोपी एफएसओ प्रथम कुलदीप कुमार और फायर वेंडर अरविंद गुप्ता को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में कुलदीप कुमार को निलंबित कर दिया गया है। कोतवाली सेक्टर-20 में एफएसओ के खिलाफ सात मुकदमें दर्ज कराए गए हैं। वहीं 13 फायर वेंडरों के खिलाफ भी एफआईआर कराई गई है। इस पूरे प्रकरण की जांच क्षेत्राधिकारी तृतीय कर रहे हैं।

तीन दिन पहले सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हुआ था। मई महीने के इस ऑडियो में एफएसओ प्रथम कुलदीप कुमार पैसे की लेन देन की बात कह रहे थे। इस मामले की जब एसएसपी ने जांच कराई तो पता चला कि कुलदीप और अरविंद गुप्ता के बीच बात हो रही है। जांच में यह बात सामने आई कि सेक्टर-48 स्थित मदरहुड हॉस्पिटल के फायर एनओसी को लेकर दोनों के बीच बातचीत हो रही थी। इसकेलिए 80 हजार रुपये एफएसओ को दिए गए थे। इसकेबाद एसएसपी ने कोतवाली सेक्टर-20 में एफएसओ कुलदीप व फायर वेंडर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसपी वैभव कृष्ण ने बताया कि एफएसओ व फायर वेंडर मिलकर एनओसी जारी कराने का खेल कर रहे थे। इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। अग्निशमन विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की भूमिका की जांच की जा रही है। इस मामले में भी अस्पताल के इस बिल्डिंग की एनओसी के आवेदन में आवेदक का नाम आएचईए हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड है इस पर जो मोबाइल नंबर है वह अरविंद के कार्यालय में काम करने वाला अभिषेक का है और ई मेल आईडी अरविंद के ऑफिस का है।



एफएसओ कुलदीप कुमार।

50 हजार से अधिक एनओसी का पता चला

इस पूरे प्रकरण की जांच में पता चला है कि वेंडरों ने अपने नाम पर पचास हजार से अधिक एनओसी जारी करा रखा है। इस मामले में 13 वेंडरों पर मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। इसमें अनिल शर्मा, मनिराम डांडरियाल, देविका, देविका देसाई, जितेंद्र मोनी, जितेंद्रकुमार गौड़, एमएसपीएल, अरविंद कुमार गुप्ता, अरविंद गुप्ता, विशाल डिंगरा, मुकेश गुप्ता, इंद्र कुमार मणि, गुरुप्रीत सिंह शामिल हैं।

ऐसे चल रहा था भ्रष्टाचार का खेल

एसएसपी ने बताया कि एफएसओ फायर वेंडर के साथ मिलकर भ्रष्टाचार कर रहे थे। इसके लिए फायर वेंडर खुद व अपने सहयोगियों के नाम पर भवनों, विद्यालयों, अस्पतालों, उद्योगों के लिए एनओसी लेते थे। अग्निशमन विभाग के ऑनलाइन साइट पर जाकर एनओसी के लिए जो फॉर्म भरते थे। उसमें नाम, ईमेल, मोबाइल नंबर वेंडर का होता था और एड्रेस उस संबंधित बिल्डिंग का। पहले तो एनओसी जारी करने को लेकर बिल्डिंग मालिक से पैसे लेते थे। बाद में अग्निशमन विभाग की तरफ से बिल्डिंग को लेकर जो भी अपडेट आता था वह वेंडर के नंबर व ई मेल पर आता था। फिर वेंडर अग्निशमन अधिकारी के साथ मिलकर बिल्डिंग मालिक से पैसे ऐंठता था।

समलैंगिकों की शराब पार्टी पर पुलिस का छापा, 57 धरे

गुरुग्राम में बिना अनुमति के परोसी जा रही थी शराब

अमर उजाला ब्यूरो

गुरुग्राम। भोंडसी थाना क्षेत्र के एक फॉर्म हाउस पर चल रही समलैंगिकों की शराब पार्टी पर पुलिस ने छापेमारी की है। मौके से पुलिस ने 57 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास पार्टी में शराब परोसने की अनुमति नहीं थी। भोंडसी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक, भोंडसी थाना पुलिस को शनिवार देर रात सूचना मिली कि भोंडसी के भारत यात्रा केंद्र स्थित जैन फॉर्म हाउस पर रेव पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। तेज आवाज में डीजे भी बज रहा है। इस पर भोंडसी थाना पुलिस ने पुलिस बल व आबकारी विभाग के निरीक्षक सोमदत्त को भी मौके पर बुलवाया।

पुलिस ने जांच में पाया कि यहां समलैंगिकों की शराब पार्टी चल रही है। पार्टी में शराब परोसने के लिए आयोजकों ने अनुमति नहीं ली है। टीम ने डीजे बंद करवाते हुए आयोजकों के 7 सदस्यों सहित 57 लोगों को काबू किया।

डीजे बजाने वाले और शराब परोसने वाले युवकों में ओखला और शाहदरा निवासी भी शामिल

पूछताछ में डीजे बजा रहे रहे युवक की पहचान नोएडा उत्तर प्रदेश निवासी सौरभ शर्मा, एक अन्य युवक की पहचान ओखला, दिल्ली निवासी हम्माद, उत्तराखंड, गढ़वाल के गांव गड़ढा कॉलोनी, जिला टिडरी निवासी सोहन सहित पार्टी के आयोजक पंकज शर्मा के रूप में हुई।

पुलिस ने पार्टी में शराब परोस रहे युवकों की पहचान शाहदरा दिल्ली निवासी अकरम, यमुना नगर हरियाणा निवासी मनीष कुमार के रूप में की है।

आरोपी पंकज ने बताया कि यह पार्टी उसने जैन फॉर्म के मालिक के कहने पर आयोजित की थी। पुलिस ने मौके से 36 बोतल बीयर, 5 बोतल शराब तथा 15 खाली बोतलें बीयर की बरामद की है। आबकारी एवं कराधान विभाग के निरीक्षक सोमदत्त ने बिना अनुमति शराब परोसने का जुर्माना भरने का निर्देश दिया, लेकिन आयोजकों ने मना कर दिया। इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

कांस्टेबल पति ने प्रेमिका के खातिर पत्नी को छोड़ा

अमर उजाला ब्यूरो

बुलंदशहर। जनपद में तैनात एक कांस्टेबल पति ने अपनी कांस्टेबल पत्नी को मथुरा में तैनात कांस्टेबल प्रेमिका के खातिर शनिवार देर रात एक होटल में अकेला छोड़ दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति उसे अपनी प्रेमिका के साथ ही रखना चाहता है। पीड़िता खुद संभल जनपद में तैनात है। शुक्रवार को आरोपी पति ने उसे अपने साथ रहने के लिए बुलंदशहर बुलाया था। वह पांच दिन की छुट्टी पर आई हुई है और अब दर-दर की ठोकरें खा रही है। बागपत की तहसील बड़ौत के गांव कुरड़ी निवासी महिला जिला संभल के एक थाने में कांस्टेबल के पद पर तैनात है। उन्होंने बताया कि उनकी शादी फरवरी 2019 में पुलिस विभाग में ही कांस्टेबल पद पर कार्यरत बागपत के ही युवक से हुई थी। वर्तमान में पति की पोस्टिंग बुलंदशहर के एक थाने में है। शादी के बाद उसे पता चला कि पति के किसी अन्य महिला कांस्टेबल से अवैध संबंध हैं। इसका विरोध करने पर पति ने उससे खराब व्यवहार शुरू कर दिया। इसके अलावा उस पर अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये लाने का दबाव बनाया जाने लगा। पति ने उससे दूरी बनाते हुए महिला कांस्टेबल के साथ रहना शुरू कर दिया। छुट्टी लेकर पति से मिलने आई तो पति के छुट्टी पर जाने का पता चला। एसएसपी के निर्देश पर सीओ ने उसके पति को फोन कर बुलाया। परिजनों की मौजूदगी में पति ने समझौते में उसे साथ रखना स्वीकार कर लिया।

भारत में मुसलमान ज्यादा भाग्यशाली : मार्क टुली

नई दिल्ली। मशहूर पत्रकार मार्क टुली ने कहा कि इस्लामी देशों के मुकाबले भारत में मुसलमान अधिक भाग्यशाली हैं, क्योंकि यहां वे किसी भी इस्लामी परंपरा की उपासना कर सकते हैं।



एक उदाहरण देते हुए टुली ने कहा कि दिल्ली के निजामुद्दीन क्षेत्र में जहां वे रहते हैं, वहां तब्लीगी जमात का मुख्यालय है और वे बेहद सख्त और रूढ़िवादी हैं। उनके ठीक साथ में सूफी परंपरा का केंद्र है, जहां लोग हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर जियारत के लिए आते हैं। 'इक्वेटर लाइन पत्रिका' के ताजा अंक में टुली के हवाले से लिखा गया है, 'भारत की सहिष्णुता की भावना उसकी ताकत है, जिससे विभिन्न धर्मों के लिए साथ-साथ मिलजुल कर रहने का सद्भावपूर्ण माहौल बनता है।' इस अंक का शीर्षक है 'होम एंड द वर्ल्ड।' टुली के मुताबिक, भारत अनूठा है और ये सभी धर्मों का घर है। उन्होंने कहा, इस्लामी देशों के मुकाबले भारत में मुसलमान अधिक भाग्यशाली हैं। एजेंसी

पत्रकारों के चुनिंदा सवालों का ही जवाब देंगे संघ प्रमुख

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में फैली नकारात्मक धारणा को खत्म करने की मुहिम के तहत संघ प्रमुख मोहन भागवत 70 विदेशी मीडिया संगठनों के प्रतिनिधियों से मंगलवार को मुखातिब होंगे। इस दौरान वह आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में पहले हिंदुत्व समेत कई वैश्विक मुद्दों पर व्याख्यान देंगे। इसके बाद वह पत्रकारों के चुनिंदा सवालों का ही जवाब देंगे। भागवत इससे पहले विभिन्न देशों के उच्चायुक्तों-राजदूतों के साथ भी संवाद कर चुके हैं। संघ के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के मुताबिक, यह कार्यक्रम संघ के बारे में फैलाए गए भ्रम को खत्म करने की कोशिश है। संघ के हिंदुत्व की नकारात्मक व्याख्या की जाती है। लिहाजा, संघ प्रमुख सत्र की शुरुआत में संबोधन देंगे। वह वास्तविक दृष्टिकोण,भविष्य की योजना पर बात करेंगे। ब्यूरो



70 अंतरराष्ट्रीय मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत कल

मंत्रालय के संयुक्त सचिव के बेटे को कार समेत अगवा कर लूटा

अमर उजाला ब्यूरो

रात में चार घंटे तक नोएडा से लेकर गाजियाबाद तक घुमाते रहे बदमाश

जमकर पीटा और लैपटॉप मोबाइल व पर्स लूटा, कार खराब होने पर छोड़ी

नोएडा। बेखौफ बदमाशों ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव के बेटे को शुक्रवार रात सेक्टर-72 में कार समेत अगवा कर लिया। बदमाश कार में बंधक बनाकर उसे पीटते रहे और करीब चार घंटे तक नोएडा से लेकर गाजियाबाद में घुमाते रहे। कार खराब होने के बाद बदमाशों ने गाजियाबाद में छोड़ा और लूटकर भाग गए। पीड़ित किसी तरह घर पहुंचा और पुलिस से शिकायत की। कोतवाली सेक्टर-49 पुलिस ने लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक, सेक्टर-72 निवासी डॉ. सुरेंद्र सिंह मानव संसाधन विकास मंत्रालय के यूजीसी में संयुक्त सचिव हैं। उनका बेटा अनुज बीटेक पास है। अनुज पहले एक मीडिया हाउस में काम करता था और अब फिल्म प्रोडक्शन से जुड़ा हुआ है। अनुज शुक्रवार रात को अपने दोस्तों से मिलने गया था। रात करीब साढ़े 12 बजे फोर्ड क्लासिक कार से घर लौट रहा था।

इस बीच सेक्टर-72 के पास ही एक दुकान से वह कुछ सामान खरीदने लगा, तभी वहां तीन बदमाश पहुंचे और पिस्टल दिखाकर उसकी ही कार की पिछली सीट पर डाल दिया। इसके बाद बदमाश कार में बंधक बनाकर ले गए। रास्ते में जमकर मारपीट की गई। गोली मारने की धमकी भी बदमाश देते रहे। बदमाशों ने कपड़े भी फाड़ दिए। जल्दबाजी में बदमाशों ने कई बार डिवाइडर में टक्कर मार दी। इससे कार क्षतिग्रस्त हो गई।

गाजियाबाद के घूकना के पास पेट्रोल पंप पर जाकर कार बंद हो गई। इसके बाद बदमाशों ने अनुज से लैपटॉप, मोबाइल व पर्स लूट लिया। कार की स्टार्ट नहीं हुई तो बदमाश वहां से भाग गए। अनुज किसी तरह ऑटो से घर पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी दी।

एसएसपी वैभव कृष्ण ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की टीम बदमाशों को पकड़ने में लगी हुई हैं। बदमाशों के बारे में कुछ अहम सुराग लगे हैं। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

फरीदाबाद में बसपाइयों में चलीं लाठियां

सुरेंद्र वशिष्ठ को टिकट देने पर विरोध, बसपा महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा कर रहे थे संबोधित

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित बसपा कार्यकर्ता सम्मेलन में रविवार को उस समय हंगामा हो गया, जब कुछ लोग पार्टी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। नारेबाजी कर रहे लोगों का आरोप था कि पार्टी ने गैर जिले के सुरेंद्र वशिष्ठ को उम्मीदवार बनाया है। इससे पार्टी में वर्षों से काम कर रहे कार्यकर्ताओं का मनोबल टूट रहा है। हंगामा करने वालों को दूसरे पक्ष ने रोका तो दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच लाठियां चल पड़ी। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए एक आरोपी को हिरासत में ले लिया।

बसपा ने पृथला विधानसभा सीट से पिछले दिनों ही सुरेंद्र वशिष्ठ को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। रविवार को सुरेंद्र वाशिष्ठ ने अग्रवाल धर्मशाला में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया था। इसमें बसपा महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने पहुंचे थे। सतीश चंद्र मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने पांच साल में लोगों को ठगने का काम किया है। बसपा कार्यकाल में युवाओं की नौकरियां छीनकर उन्हें ठेकेदारी के मकड़जाल में फंसाया जा रहा है। बसपा पार्टी विकास की दिशा में काम करती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार यूपी में चार बार के कार्यकाल में बसपा ने विकास कार्यों की झड़ी लगाई है, उसी प्रकार अब हरियाणा की बारी है। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को मेहनत करनी होगी।

बसपा महासचिव का संबोधन समाप्त होते ही सम्मेलन में बैठे कुछ लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने पार्टी विरोधी नारेबाजी लगाते हुए कहा कि गुरुग्राम से प्रत्याशी लाकर उन पर जबरन थोपा जा रहा है। बसपा ने अपने टिकट बंटवारे में पूरी तरह से स्थानीय कार्यकर्ताओं का अपमान किया है। इस पर हंगामा कर रहे लोगों को कार्यकर्ताओं ने बाहर खदेड़ दिया। इसी बात पर दोनों पक्षों में पहले गरमागरमी हुई और फिर लाठियां चल गईं। पार्टी के झंडे लगे डंडों से ही दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को मारना शुरू कर दिया।



बल्लभगढ़ में बसपा द्वारा आयोजित सम्मेलन में आपस में भिड़े कार्यकर्ता।

मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए एक आरोपी को हिरासत में ले लिया

एडीओ समाज कल्याण का रिश्वत लेते वीडियो वायरल, केस

सिकंदराबाद (बुलंदशहर)। रिश्वत लेते हुए एडीओ समाज कल्याण के वीडियो वायरल मामले में जिला समाज कल्याण अधिकारी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम नगलाबंशी निवासी मुकेश पुत्र इंद्रपाल सिंह ने मुख्यमंत्री, डीएम को भेजे गए शिकायती पत्र के माध्यम से बताया था कि वह दिव्यांग है। उसके पिता की मौत हो चुकी है। अपनी विधवा मां सावित्री देवी की विधवा पेंशन बनवाने के लिए वह कुछ दिन पूर्व सिकंदराबाद ब्लॉक स्थित एडीओ समाज कल्याण के कार्यालय पर गया था। जब वह विधवा पेंशन का फार्म जमा करने के लिए एडीओ समाज कल्याण के पास पहुंचा तो उसने पेंशन बनाने के लिए रिश्वत की मांग की। रिश्वत देने से मना करने पर फार्म जमा करने के लिए उससे 14 दिन तक ब्लॉक के चक्कर लगवाए गए। बताया कि एडीओ समाज कल्याण के दफ्तर के चक्कर लगाने के दौरान उसने वहां पेंशन बनवाने के लिए आने वाने अन्य लोगों को पेंशन के लिए रिश्वत देते हुए वीडियो बना ली। ब्यूरो

प्रदूषण जांच केंद्रों पर वसूले जा रहे अधिक रुपये


नोएडा। प्रदूषण प्रमाण पत्र के लिए जांच केंद्रों पर तय दरों से ज्यादा पैसे वसूले जा रहे हैं। दोपहिया स्वामियों से 30 के बजाय 40 रुपये और पेट्रोल कारों से 50 व डीजल कार स्वामियों से 60 से 80 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। लोगों की शिकायतों पर परिवहन विभाग ने जांच शुरू कर दी है। दरअसल, परिवहन विभाग ने एक सप्ताह पहले कई प्रदूषण जांच केंद्रों का औचक निरीक्षण किया था। जिनमें तीन जांच केंद्र पर कुछ अनियमितताएं मिली थीं। उनको नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद भी जिले के कई प्रदूषण जांच केंद्रों पर अधिक पैसे वसूलने की शिकायतें आ रही हैं। डेल्टा-वन स्थित प्रदूषण जांच केंद्र पर राजेश कुमार ने अधिक पैसे लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी स्कूटी का प्रदूषण जांच कराई थी। जिसमें प्रमाण-पत्र पर 30 रुपये लिखे गए हैं और उनसे 40 रुपये लिए गए हैं। जब इसका विरोध किया तो प्रदूषण जांच केंद्र पर काम करने वाले लोगों ने कहना कि उनको पैसे परिवहन विभाग के अधिकारियों तक पहुंचाने पड़ते हैं। ब्यूरो

स्वास्थ्य | **अखिल भारतीय आयुर्वेदिक स्नातकोत्तर सम्मेलन, देशभर से पहुंचे 100 से अधिक विशेषज्ञ**

लिवर रोगों के उपचार के लिए आयुर्वेद बेहतर विकल्प

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। भागदौड़ भरी दिनचर्या के कारण तेजी से फैल रहे जीर्ण यकृत (लिवर) रोग के प्रबंधन के लिए रविवार को कंस्टीट्यूशन क्लब में अखिल भारतीय आयुर्वेद स्नातकोत्तर सम्मेलन आयोजित किया गया। इस मौके पर देशभर के विभिन्न आयुर्वेदिक संस्थानों के डॉक्टरों ने लीवर रोग के उपचार और बचाव पर व्याख्यान देने के साथ ही शोध पत्र भी पढ़े गए। कार्यक्रम का आयोजन ऑल इंडिया आयुर्वेदिक स्पेशलिस्ट (पीजी) एसोसिएशन द्वारा किया गया। सम्मेलन में पीजी एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने भागीदारी की।



सेमिनार में बोलते शेफ संजीव कपूर।

काशी हिन्दू विश्व विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर एसडी दुबे बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने

मशहूर शेफ संजीव कपूर भी रहे मौजूद, 40 पीजी स्कॉलर्स के शोधपत्र भी पढ़े गए

प्राचीन अनुभूत आयुर्वेदिक तरीकों के माध्यम से लीवर की बीमारियों के उपचार के बारे में बताया। उन्होंने एल्कोहलिक लीवर रोग, नॉन एल्कोहलिक लीवर रोग, एसाइटिस या जॉन्डिस समेत अन्य रोगों के आयुर्वेद से उपचार के संबंध में जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद जाने माने शेफ संजीव कपूर ने कहा कि बेहतर खानपान से ही लीवर को बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि किस तरह के भोजन से लीवर को स्वस्थ रखा जा सकता है। इस मौके पर 40 पीजी स्कॉलर्स के शोधपत्र भी पढ़े गए। देश के अन्य राज्यों से पहुंचे आयुर्वेद विशेषज्ञों ने भी यकृत की पुरानी बीमारियों के निवारण के लिए आयुर्वेदिक उपचार को सबसे बेहतर बताया। सम्म

कानून बदला, गड़बड़ी पर बीएड कॉलेज की मान्यता होगी रद्द

एनसीटीई हर साल सरकारी और बीएड कॉलेजों में पाठ्यक्रम, परीक्षा आदि की जांच करेगा

सीमा शर्मा

नई दिल्ली। अब पैसे के दम पर कोई भी बीएड की डिग्री हासिल नहीं कर पाएगा। केंद्र सरकार ने एनसीटीई एक्ट के सेक्शन 17 (1) में बदलाव कर दिया है। अब सभी साढ़े 19 हजार बीएड कॉलेज की सालाना जांच होगी। इसमें शिक्षक की संख्या, योग्यता, छात्रों की संख्या, पाठ्यक्रमस्म, किताब, हाजिरी से लेकर परीक्षा आदि को जांचा जाएगा। यदि कोई बीएड कालेज या विश्वविद्यालय गड़बड़ी करता है, तो उसकी मान्यता रद होगी। वर्ष 1996-97 में एनसीटीई एक्ट बनने से लेकर अभी तक नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन एक बार बीएड कॉलेजों को मान्यता देने के बाद कभी दोबारा जांच नहीं करता था।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार व अच्छे शिक्षक तैयार करने के मकसद से पॉलिसी में बदलाव किया गया है। नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (एनसीटीई) में 1996-97 में एनसीटीई एक्ट लागू हुआ था।

वर्ष 1997 से 2019 तक एनसीटीई ने हजारों बीएड कालेजों को बीएड डिग्री प्रोग्राम और शिक्षक बनने के डिप्लोमा की पढ़ाई करवाने की मंजूरी तो दी, लेकिन कभी पलटकर उनकी जांच नहीं की। एनसीटीई के इसी रवैये के चलते बीएड कॉलेजों की मनमानी बढ़ती गई और पैसे के दम पर बीएड डिग्री तक उपलब्ध हो जाती है। छात्र कालेज नहीं जाते हैं लेकिन रजिस्टर में हाजिरी लगती है।

सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को सालाना भरना होगा एपीआर

हर साल ऑनलाइन एपीआर भरना अनिवार्य

एआईसीटीई की तर्ज एनसीटीई भी बीएड कॉलेज व विश्वविद्यालयों से सालाना परफारमेंस अप्रेजल रिपोर्ट (एपीआर) लेगा। इसमें कालेज या विश्वविद्यालय प्रबंधन को अपने कुल शिक्षकों की संख्या, शिक्षकों की योग्यता यानी पढ़ाई, छात्रों की संख्या, कोर्स की संख्या, कहां से मान्यता प्राप्त हैं कोर्स, पाठ्यक्रम, किताब, परीक्षा आदि की विस्तार से रिपोर्ट भरनी पड़ेगी। एपीआर रिपोर्ट के लिए सालाना सरकारी कॉलेजों को पांच हजार रुपये और निजी कॉलेजों को पंद्रह हजार रुपये फीस भी देनी होगी। एआईसीटीई ऑनलाइन एपीआर की जांच करेगा। इसके अलावा एआईसीटीई की टीम भी औचक्क निरीक्षण कर रिपोर्ट में ऑनलाइन दी गई जानकारी की जांच करेंगी। छात्रों के साथ-साथ आम लोगों से फीडबैक भी लिया जाएगा।

बरेली की प्रिया को एनएसएस पुरस्कार से सम्मानित करेंगे राष्ट्रपति



बरेली। बरेली कॉलेज में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया आर्या को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सर्वोच्च सम्मान के लिए चुना गया है। 24 सितंबर को राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में यह पुरस्कार राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद प्रदान करेंगे। सीबीगंज के गांव अटरिया निवासी प्रिया आर्या के पिता महेशराम आर्या राजेंद्रनगर के एक शोरूम में टेलरिंग का करते हैं। मां गंगा देवी आर्या गृहिणी हैं और एक छोटा भाई अरुण है। एनएसएस के इस सर्वोच्च सम्मान के लिए देश भर से 30 स्वयंसेवकों को चुना गया है, जिनमें प्रिया भी शामिल हैं।

प्रिया ने एनएसएस के राष्ट्रीय कैंप में भी प्रतिभाग किया है। यह सम्मान पाने के लिए रविवार को प्रिया दिल्ली पहुंच चुकी हैं। प्रिया के चयन पर बरेली कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार शर्मा, चीफ प्रॉक्टर डॉ. वंदना शर्मा ने उन्हें बधाई दी है। ब्यूरो

डीयू में दीक्षांत समारोह की तैयारियां शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय सत्र 2018-19 के स्नातक से लेकर पीएचडी पाठ्यक्रमों के लिए दीक्षांत समारोह अक्तूबर में आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। समारोह में लगभग 189 मेडल व पुरस्कार दिए जाएंगे। मुख्य अतिथि की स्वीकृति नहीं होने के कारण अब तक तारीख तय नहीं हो सकी है। समारोह अक्तूबर के तीसरे सप्ताह में हो सकता है।

डीयू के दीक्षांत समारोह में इस बार 189 मेडल व पुरस्कार विद्यार्थियों को प्रदान किए जाएंगे। इसमें 155 मेडल व 34 पुरस्कार शामिल हैं। डीयू की ओर से मेडल व पुरस्कारों के लिए अभी एक संभावित सूची तैयार की गई है। इसके अनुसार माखन लाल गोल्ड मेडल मिरांडा हाउस की काजल यादव, राय बहादुर बृज मोहन लाल साहेब मेमोरियल गोल्ड मेडल मिरांडा हाउस की अनमोल, डॉ. सीडी देशमुख मेमोरियल गोल्ड मेडल सेंट स्टीफंस की सोनला को दिया जाएगा। डॉ. के.एस. कृष्णा गोल्ड मेडल वेंकेटेश्वर कॉलेज की प्रियांशी, प्रो. रास बिहारी मेडल हंसराज कॉलेज की सुरभि, प्रो. आरपी मित्रा गोल्ड मेडल हंसराज कॉलेज की अंजलि दुग्गल व प्रो. एस दास गुप्ता मेमोरियल गोल्ड मेडल पी. प्रतीका नायर को दिया जाएगा। खास बात यह है कि यह सभी छात्राएं हैं और एक लंबी सूची मेडल पाने वालों की है, उसमें भी छात्राओं की संख्या काफी है।

पीएचडी की उपाधि से भी नवाजे जाएंगे छात्र



दीक्षांत समारोह में छात्रों को पीएचडी की उपाधि से भी नवाजा जाएगा। समारोह एक बार फिर से यूनिवर्सिटी स्टेडियम में ही आयोजित होगा। प्रशासन समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है।

टेस्ट बताएगा आपके लाडले का भविष्य किस फील्ड में बनेगा बेहतर

चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश के कक्षा छह से 12वीं तक के विद्यार्थी ले सकेंगे हिस्सा

अमर उजाला ब्यूरो

चंडीगढ़। आपके लाडले का भविष्य किस फील्ड में बेहतर बनेगा, यह एप्टीट्यूड टेस्ट के जरिए पता चलेगा। इस टेस्ट का आयोजन भारत सरकार, नेशनल एसोसिएशन ऑफ साइकोलॉजिक साइंस, पंजाब यूनिवर्सिटी का मनोविज्ञान विभाग व प्रसार भारती की ओर से किया जा रहा है।

इस टेस्ट में चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश के कक्षा छह से 12वीं तक के लाखों बच्चे हिस्सा लेंगे। सरकार का उद्देश्य केवल टेस्ट तक ही सीमित नहीं है, जो बच्चे की पसंद होगी उसे उसी फील्ड के लिए भी प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रस्ताव केंद्र सरकार की संस्था प्रज्ञा भारत ने तैयार किया था, जिसे सरकार ने स्वीकार कर लिया है। यह कार्यक्रम प्रसार भारती और एक एनजीओ की ओर से सहयोग किया जाएगा। पीयू का मनोविज्ञान विभाग भी इस आयोजन में हिस्सा लेगा वैज्ञानिकों का मानना है कि कई अभिभावक बच्चे की पसंदीदा फील्ड या पसंद के बारे में नहीं जान पाते और वह उन्हें डॉक्टर व इंजीनियर बनने के लिए कहते हैं।



रजिस्ट्रेशन 30 अक्तूबर तक और परीक्षा 24 नवंबर से 7 दिसंबर के बीच ऑनलाइन होगी

ये रहेगी प्रक्रिया

इसके लिए 30 अक्टूबर तक रजिस्ट्रेशन होंगे। परीक्षा 24 नवंबर से 7 दिसंबर के मध्य ऑनलाइन होगी। परीक्षा में 230 प्रश्न आएंगे, जिनका आसानी से बच्चे जवाब दे पाएंगे, उनके मानसिक स्तर के अलावा उनकी पसंद के बारे में इससे पता लग जाएगा। टेस्ट परिणाम 24 दिसंबर तक जारी हो जाएंगे। जनवरी व फरवरी में इन विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय शिविर लगाया जाएगा। इसमें अभिभावकों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इस पूरे प्रोग्राम को प्रज्ञा भारत नाम दिया गया है।

ये हैं विशेषताएं

- पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन रहेगी, किसी पूर्व तैयारी की आवश्यकता नहीं
- कोई भी पेन या पेपर की आवश्यकता नहीं होगी
- विद्यालय, घर या किसी भी जगह अपनी परीक्षा का समय चुन सकते हैं
- छात्रों को एग्जाम के लिए लॉगिन व पासवर्ड दिए जाएंगे

शिक्षकों के लिए शुरू हुआ स्पेशल एजुकेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। नवज्योति स्पेशल स्कूल, आरोह शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान में रविवार को पांच दिवसीय क्रॉस डिसेबिलिटी हैंडस ऑन स्पेशल एजुकेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया गया। इसका आयोजन स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एससीईआरटी) के सहयोग से किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगता के क्षेत्र में काम कर रहे सर्वोदय विद्यालयों के माध्यमिक स्तर के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रोग्राम की अगुवाई आरोह की निदेशक आशा गुप्ता व कार्यक्रम संयोजक-प्रवक्ता विशेष शिक्षा नारायण पाठक ने की। इस मौके पर दिल्ली के तमाम संस्थानों और विशेष शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे विश्वविद्यालयों के पुनर्वास व्यावसायिक डॉ. प्रवल यादव (एमसीडी-शिक्षा विभाग) डॉ. सूरज सिंह (असिस्टेंट प्रोफेसर, दिल्ली यूनिवर्सिटी), डॉ. अलोक कुमार भुवन (मैनेजिंग सेक्रेटरी, मनोविकास इंस्टिट्यूट), डॉ. जयंती पुजारी (निदेशक, एमिटी यूनिवर्सिटी), डॉ. केएन ओझा (पूर्व डायरेक्टर आरसीएनआईएमएच नई दिल्ली) और डॉ. नवीन सिंह (असिस्टेंट प्रोफेसर एमिटी यूनिवर्सिटी) समेत आदि लोग उपस्थित थे।

अब डॉक्टरों को नहीं देनी होगी टॉफेल या आइलेट्स की परीक्षा

नई परीक्षा ओईटी के स्कोर को मिलेगी मान्यता

नई दिल्ली। यूके में मेडिकल प्रैक्टिस करने के इच्छुक भारतीय डॉक्टरों, नर्सों के लिए एक राहत भरी खबर आई है। उन्हें अब अंग्रेजी भाषा की दक्षता की जांच करने वाले टेस्ट ऑफ इंग्लिश एज ए फॉरेन लैंग्वेज (टॉफेल) और इंटरनेशनल इंग्लिश लैंग्वेज टेस्टिंग सिस्टम (आइलेट्स) टेस्ट देने की जरूरत नहीं होगी।

अब इसके बजाय उन्हें ऑक्यूपेशनल इंग्लिश टेस्ट यानी ओईटी में शामिल होना होगा। यूके जाकर वहां के मरीजों का इलाज करने के इच्छुक डॉक्टरों, नर्सों, डेंटिस्टों और मिड-वाइफों को संबंधित हेल्थकेयर रेग्युलेटर के पास पंजीकरण के लिए अब इस ओईटी में मिले अंकों को देखा जाएगा। ओईटी एक अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी भाषा जांच परीक्षा है जो हेल्थकेयर के काम में लगे उन पेशेवरों की इस भाषा के संबंध में संप्रेषण कौशल की जांच करता है जो अंग्रेजी भाषा बोले जाने वाली जगह जाने के ख्वाहिशमंद हैं।

यूके में दो हेल्थकेयर बोर्ड हैं एक है जनरल मेडिकल काउंसिल और दूसरा नर्सिंग एडं मिडवाइफारी काउंसिल। इनमें पंजीकरण कराने के लिए कंडीडेट को ओईटी परीक्षा देनी होगी इसके बाद ही उन्हें वीजा जारी हो सकेगा।

ओईटी परीक्षा संचालित करने वाली कैम्ब्रिज बॉक्सहिल लैग्वेज एसेसमेंट की सीईओ सुजाता स्टेड ने कहा कि इस बदलाव का मकसद अस्पतालों और दूसरी जगहों पर स्टॉफ को जल्द से जल्द मुहैया कराना है। यूके के अलावा इस ओईटी को आयरलैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर जैसे देशों में मान्यता मिल चुकी है। यह टेस्ट चयनित 12 मेडिकल प्रोफेशनों पर लागू होगा। एजेंसी



यूके जाकर वहां के मरीजों के इलाज करने के लिए आईओटी के अंकों को देखा जाएगा

एकेटीयू : पूर्व छात्रों को दीक्षांत में करेगा सम्मानित

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के 16 अक्तूबर को होने वाले दीक्षांत समारोह में अपने पूर्व छात्रों का भी सम्मान किया जाएगा।

विवि ने सत्र 2000 या उसके बाद प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों से एक निर्धारित प्रोफार्मा पर सूचना मांगी है। उप कुलसचिव डॉ. डीपी सिंह ने संबद्ध कॉलेजों को पत्र भेजकर कहा है कि ऐसे विद्यार्थियों का निर्धारित लिंक पर 25 सितंबर तक नामांकन सुनिश्चित कराएं। विवि से गठित निर्णायक मंडल विद्यार्थियों का चयन करेगा, फिर उन्हें सम्मान के लिए बुलाया जाएगा।

नेशनल हंट के लिए करें आवेदन

विवि की इंडस्ट्री इंटरफेस सेल की निदेशक डॉ. बबिता जी कटारिया ने संबद्ध कॉलेजों को पत्र भेजकर कहा है कि विप्रो की ओर से नेशनल टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 2020 बैच के विद्यार्थियों के लिए होगा, जिन्होंने 60 फीसदी अंक प्राप्त किए हों। इसका ऑनलाइन एसेसमेंट 18 से 20 अक्तूबर तक होगा। उन्होंने निर्धारित लिंक पर रजिस्ट्रेशन कराने को कहा है।

सामाजिक न्याय : आरपीएफ कांस्टेबल भर्ती में आधे पद महिलाओं को मिले

मुंबई। रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ ने महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देते हुए कांस्टेबल के रिक्त पदों पर हुई भर्तियों में आधे पर महिलाओं को भर्ती किया है। भारतीय रेलवे ने आरपीएफ में कांस्टेबल पद पर 8,619 रिक्तियां निकाली थीं और अब लिखित और शारीरिक परीक्षा के मानदंडों पर खरी उतरी 4,216 महिलाओं को चुन लिया गया है और शेष बचे 4,403 पद पुरुषों के पास आए हैं।

इन सफल लोगों का सत्यापन किया जा रहा है। केंद्रीय भर्ती समिति के प्रमुख अतुल पटनायक के मुताबिक आरपीएफ में महिला कांस्टेबलों की संख्या मौजूदा बल की महज 2.25 फीसदी ही थी। इसे देखते हुए रेलवे ने उनके सशक्तीकरण और उनका इस बल में प्रतिनिधित्व बढ़ाने के मकसद से महिलाओं को प्राथमिकता देना तय किया। इसके लिए कांस्टेबल पद पर महिलाओं के लिए करीब 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि आरपीएफ की मई महीने में शुरू हुई इस सबसे बड़ी भर्ती प्रकिया में 10,500 पद रिक्त घोषित किए थे।

इन पदों पर 1,120 उप-निरीक्षक, 8,619 कांस्टेबल और 798 सहायक कर्मी भर्ती हुए हैं। उन्होंने बताया कि उपनिरीक्षकों के पदों पर 819 पुरुष और 301 महिलाओं की भर्ती हुई है। इस भर्ती प्रक्रिया में 82 लाख से ज्यादा आवेदन आए। इनमें से 14.125 लाख आवेदन उप निरीक्षक पद के लिए थे। वहीं कांस्टेबल के लिए 59 लाख लोगों ने आवेदन दिया था। इसके अलावा सहायक पद के लिए नौ लाख आवेदन मिले। एजेंसी

पढ़ें, आज की खास खबरें एक अलग नजरिये से
amarujala.com

EDUCATION HUB
BULANDSHAHR COLLEGE
BULANDSHAHR SCHOOL OF PHARMACY
D.PHARMA
Approved By : AICTE, BTE UP, PCI New Delhi.
Circle : Delhi NCR,
08923479189, 08126580400
HURRY UP !! LIMITED SEATS AVAILABLE
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2019-21
- No Percentage Criteria
- No Registration Charge for Admission
- Leader in Quality Education
- Surely 100% Success
- Experienced Faculty

100% RESULTS
Aurangabad Road, Bulandhsahr (U.P.)

दाद, खाज, खुजली का आयुर्वेदिक मलहम
इचकू®
आयुर्वेदिक मलहम
24x7 Helpline: 0171-3055288
Website: www.itchku.in
Available at all leading medical & general stores
100% Ayurvedic Malham

लावारिस वाहनों की नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना पिलखुवा परिसर में खड़े लावारिस वाहनों की नीलामी दिनांक 30-09-2019 को श्रीमान उपजिलाधिकारी धौलाना जनपद हापुड़ के द्वारा की जायेगी। वाहनों का विवरण निम्न प्रकार है :-

मोटर साईकिल	कार-800	ट्रक(टट्टू)	कार स्वीफ्ट व स्कोडा	योग
11	04	01	02	18

नोटः- उपरोक्त वाहनों की अनुमानित कुल कीमत रु. 346310/- है

(योगेश वालियान)
प्रभारी निरीक्षक
थाना-पिलखुवा
जनपद-हापुड़
CUG NO - 9454403424

नालको NALCO
नैशनल एल्युमीनियम कम्पनी लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
नालको भवन, प्लॉट सं. पी/1, नयापल्ली, भुवनेश्वर-751013, ओडिशा, भारत
सीआईएन : L27203OR1981GOI000920
एक नवरत्न कम्पनी

नालको पर अक्षय ऊर्जा पर कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमन्त्रण।

सूचना सं. एनबीसी/आर एवं डी/92/ दिनांक: 23.09.19

नालको एनआरटीसी परिसरों पर कौशल विकास प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में गैर-लाभकारी संस्थानों/कम्पनियों से अभिरूचि की अभिव्यक्ति (इओआई) आमन्त्रित की जा रही है। निविदा दस्तावेजों की डाऊनलोडिंग एवं अतिरिक्त विवरणों हेतु कृपया www.nalcoindia.com/ www.eprocure.gov.in. पर लॉग ऑन करें। बोलीकारों से निवेदन है कि वे किसी भी संशोधन/सयोजन/बोली नियत तिथि विस्तार हेतु नियमित रूप से उपरोक्त वेबसाईट को देखें।

एसएम (एमईटी) एनआरटीसी

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

संख्या. एस.जी.664–14–संकेत–2019–20 धनबाद, दिनांक : 16.09.2019. ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई- निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. कार्य का नाम : धनबाद मंडल के Barkakna-Garhwa Road-Chopan उच्च सुलभता एकल खंड डिजिटल एक्सल काउंटर) 67 set), Tori-Garhwa Road में RE केबल को 6 Quad केबल दुरा परिवर्तित तथा आपातकालीन संचार का पुनः स्थापना हेतु (TORI-BRWD 73 KM only), धनबाद मंडल के GC, CIC & CPU खंड के 80 स्टेशनों पर Class 'A' वृद्धि संरक्षण तथा 66 स्टेशनों में एक्सल काउंटर पुनः स्थापना सम्बन्धित कार्य हेतु। 2. कार्य का आकलित मुल्य : ₹10,19,04,969.23 (लगभग)। 3. कार्य का अग्रधन राशि : ₹ 6,59,500/–, 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 09.10.2019 at 16.00 Hrs. 5. ऐसी ई- निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगें। द्रष्टव्य : प्रत्यासित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

वरीय मंण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता
पूमरे/धनबाद
पीआर/1260/डीएचएन/सि./टी/19–20/44

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दीपेन्द्र कुमार प्रारूपकार पुत्र श्री बांके सिहं, ग्राम-पोस्ट-गोहावर, जिला-बिजनौर हाल निवासी वी०एच0 239, ग्राउण्ड फलॉर भाऊराव देवरस कालौनी, सैक्टर 12, प्रताप विहार, गाजियाबाद दिनांक 10.10.2018 से इस कार्यालय से अनुपस्थित चल रहे है। श्री दीपेन्द्र कुमार, को समाचार पत्रों के माध्यम से सूचित किया जाता है कि विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-14 गढ़मुक्तेश्वर (हापुड) के कार्यालय में उपस्थित होना सनिश्चित करें। यदि उक्त अवधि में आप कार्यालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो यह मान लिया जायेगा कि आप सरकारी सेवा करने के इच्छुक नहीं है। इस सम्बन्ध में आपको कार्य के प्रति लापरवाह मानते हये प्रकरण संस्तुति सहित उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिया जायेगा एवं आपके विरुद्ध यादि कोई विपरीत आदेश पारित होते है तो इसका पूर्ण उत्तरदायित्व आपका स्वंय का होगा।

अधिशासी अभियन्ता
मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-14
गढ़मुक्तेश्वर (हापुड)

अमर उजाला JobAlert

safalta com

असिस्टेंट इंजीनियर के पदों पर आवेदन

इलेक्ट्रिसिटी सर्विस कमीशन



- **पदों के नाम :** असिस्टेंट इंजीनियर (ट्रेनी)-सिविल, ईएंडएम
- **पदों की संख्या :** 121
- **शैक्षणिक योग्यता :** देवनागरी लिपि हिंदी के अच्छे ज्ञान के साथ संबंधित विषय में इंजीनियरिंग की डिग्री एवं अन्य योग्यताएं।।

www.uppcl.org

- **आयु सीमा :** अधिकतम 40 वर्ष (1 जनवरी, 2019 के अनुसार)।
- **आवेदन शुल्क :** उत्तर प्रदेश राज्य के SC/ST वर्ग- 700 रुपये व PH (OA/OL/PB/PD)- 10 रुपये एवं GEN/OBC/DFF/EWS एवं केंद्र शासित प्रदेश व अन्य राज्यों के उम्मीदवार के लिए 1000 रुपये।
- **आवेदन प्रक्रिया :** पात्रता संबंधी समस्त जानकारी को ध्यान से पढ़ने के पश्चात ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।
- **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि :** 14 अक्टूबर, 2019

LDC सहित कई पदों पर मौका

डॉ. हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)



- **पदों के नाम :** लोअर डिविजन क्लर्क (LDC), लेबोरेटरी अटेंडेंट, लाइब्रेरियन, डिप्टी लाइब्रेरियन, सीनियर सिस्टम एनालिस्ट, नेटवर्किंग एडमिनिस्ट्रेटर, सेक्शन ऑफिसर, नर्सिंग ऑफिसर, हॉर्टिकल्चरिस्ट इत्यादि
- **पदों की संख्या :** 104

www.dhsgsu.ac.in

- **शैक्षणिक योग्यता :** पदानुसार अलग-अलग।
- **आयु सीमा :** पदानुसार अधिकतम 30/32/35/40/50/57
- **आवेदन शुल्क :** SC/ST/PWD- 500 रु. व अन्य वर्ग -1000 रु.
- **आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन आवेदन के बाद इसके प्रिंटआउट को विश्वविद्यालय के पते पर 22 अक्टूबर तक भेज दें।
- **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि :** 15 अक्टूबर, 2019

टेक्नीशियन ट्रेनी सहित कई पद खाली

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड

463 कुल पद

Job of the day



- **पद के नाम :** ऑपरेटर - कम- टेक्नीशियन ट्रेनी, ऑपरेटर -कम- टेक्नीशियन (बॉयलर), अटेंडेंट -कम- टेक्नीशियन ट्रेनी
- **शैक्षणिक योग्यता:** पदानुसार 10वीं पास के साथ तीन वर्षीय संबंधित विषय में डिप्लोमा/ NCVT से मान्य ऑल इंडिया ट्रेड टेस्ट एवं अन्य योग्यताएं।
- **आयु सीमा:** पदानुसार अधिकतम 28/30 वर्ष (11 अक्टूबर, 2019 के अनुसार)
- **आवेदन शुल्क:** पदानुसार 250 रु. व 150 रु. एवं SC/ ST/ PwD/ ESM/विभागीय कर्मचारी निःशुल्क।
- **ऑनलाइन आवेदन की तिथि:** 11 अक्टूबर, 2019

www.sail.co.in

सीनियर मैनेजर सहित कई पदों पर अवसर

- **कहां:** मॉइल लिमिटेड
- **पद के नाम:** चीफ मैनेजर (माइंस), सीनियर मैनेजर (सिस्टम), चीफ मैनेजर (सिस्टम), सीनियर मैनेजर (पर्सनल), सीनियर मैनेजर (फाइनेंस एडं एकाउंट्स) इत्यादि
- **पदों की संख्या:** 18
- **शैक्षणिक योग्यता:** पदानुसार CA/ICWA/CMA/संबंधित विषय से परास्नातक/डिप्लोमा/बीई/बीटेक के साथ आवश्यक अनुभव एवं अन्य निर्धारित योग्यताएं।
- **आयु सीमा:** पदानुसार अधिकतम 38/40/42 वर्ष।
- **आवेदन शुल्क:** पद एवं वर्ग के अनुसार 50 रुपये, 100 रुपये एवं 500 रुपये तथा SC/ST वर्ग निःशुल्क।
- **आवेदन प्रक्रिया:** फॉर्म भरकर अन्य दस्तावेजों के साथ मॉयल लिमिटेड, नागपुर के पते पर समय से भेज दें।
- **ऑफलाइन आवेदन की अंतिम तिथि:** 5 अक्टूबर, 2019
- **वेबसाइट:** www.moil.nic.in

B.Sc. के बाद प्राइमरी टीचर बनना चाहती हूं...



मैं पीसीएम विषय से बीएससी कर रही हूं। सरकारी स्कूल में प्राइमरी टीचर बनने के लिए क्या करना होगा?

-राखी

जवाब : प्राइमरी टीचर बनने के लिए आपको बीएड या बीटीसी में से कोई डिग्री हासिल करनी होगी। इसके लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता स्नातक है। जहां बीटीसी में प्रवेश मेरिट के आधार पर होता हैं, वहीं बीएड में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। बीएड या बीटीसी करने के बाद आपको राज्य की शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करनी होगी। टीईटी करने के बाद प्राइमरी स्कूल में पढ़ाने के योग्य हो जाएंगी। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में अध्यापन करने के लिए केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) को उत्तीर्ण करना होगा।

अपने सुझाव और सवाल हमें ई-मेल करें:

jobalert@amarujala.com

क्लिक करें www.safalta.com
और पाएं सरकारी नौकरी से जुड़ी नवीनतम जानकारियां

गिरफ्तारी से बचने को पिता और भाई के साथ प्रयागराज गई छात्रा

चिन्मयानंद-छात्रा प्रकरण : हाईकोर्ट में आज एसआईटी दाखिल करेगी स्टेटस रिपोर्ट

अमर उजाला ब्यूरो



शाहजहांपुर। पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री चिन्मयानंद पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली एलएलएम की छात्रा फिरौती मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए पिता और भाई के साथ प्रयागराज चली गई। माना जा रहा है कि वह 23 सितंबर को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत लेने की कोशिश करेगी। यदि छात्रा को अग्रिम जमानत नहीं मिली तो उसकी गिरफ्तारी हो सकती है। वहीं मामले की जांच कर रही एसआईटी सोमवार को हाईकोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करेगी।

एसआईटी ने अपनी जांच में जहां छात्रा के आरोपों में चिन्मयानंद को दोषी पाया है, वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री से पांच करोड़ की वसूली मामले में संजय, विक्रम, सचिन के साथ छात्रा को भी दोषी पाया है। चिन्मयानंद और वसूली मामले में आरोपी युवकों को जेल भेजे जाने के बाद तय है कि छात्रा की भी गिरफ्तारी होगी। इसी को लेकर एसआईटी शनिवार को देर शाम जेल में पहुंची और तीनों आरोपियों के फिर बयान दर्ज किए। चूंकि छात्रा को भी अहसास है कि पुलिस उसे कभी भी गिरफ्तार कर सकती है, इसलिए उसने हाईकोर्ट की महिला वकीलों से राय लेनी शुरू कर दी है और अपने पिता और भाई के साथ प्रयागराज पहुंच गई है।

एसआईटी के अफसर गए फोरेंसिक टीम कर रही जांच

चिन्मयानंद और छात्रा प्रकरण की जांच लगभग पूरी होने के बाद जहां एसआईटी के अफसर सोमवार को होने वाली सुनवाई के दौरान दोनों मामलों की जांच रिपोर्ट सौंप सकते हैं। वहीं पुलिस लाइन स्थित एसआईटी कार्यालय में मौजूद एसआईटी फोरेंसिक व सर्विलांस टीम रविवार को भी अधूरी जांच को पूरा करने में लगी रही।

रंगदारी के पीछे था संजय, सचिन का दिमाग

शाहजहांपुर। चिन्मयानंद से पांच करोड़ की रकम मांगने के पीछे संजय और सचिन का दिमाग काम कर रहा था और मोहरा छात्रा को बनाया गया। लेकिन, छात्रा के लापता होने की सूचना ने पूरा खेल बिगाड़ दिया। पुलिस ने छात्रा को खोज निकाला और इसके बाद एसआईटी की जांच में जो कहानी सामने आई उसमें दोनों ही दोषी निकले। अब चिन्मयानंद और रकम की मांग करने वाले तीन युवक जेल में हैं, छात्रा पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। पांच करोड़ मांगे जाने की स्वीकारोक्ति वाला वीडियो बनाने वाला ड्राइवर, संजय के चचेरे भाई विक्रम की मौसी के बेटे सचिन सेंगर का परिचित था। एसआईटी की पूछताछ में उसने बताया कि सचिन ने ही उससे कहकर वीडियो इसलिए बनवाया, ताकि रुपये मिलने पर यदि संजय या छात्रा में से कोई बेईमानी करे तो इस वीडियो के सहारे रकम में से हिस्सा लिया जा सके। ब्यूरो

वंदे भारत ट्रेन पर पथराव एएसआई व यात्री घायल

फतेहपुर। दिल्ली-हावड़ा रूट पर फतेहपुर के पास शनिवार की शाम वंदे भारत एक्सप्रेस पर अराजक तत्वों ने पत्थरबाजी कर दी। इसमें स्काॅर्ट के एएसआई व एक यात्री घायल हो गए। कंट्रोल रूम की सूचना पर आरपीएफ ने रिपोर्ट दर्ज की। रविवार को पत्थरबाजों को पकड़ने के लिए आरपीएफ प्रभारी प्रवीण सिंह ने टीम के फै जु ल्ला पु र स्टेशन में अभियान चलाया। ट्रैक के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की और पत्थर न फेंकने की चेतावनी दी। घटना के समय ट्रेल वाराणसी से नई दिल्ली जा रही थी। पत्थरबाजी में ट्रेन के कोच नंबर सी-13 का शीशा टूट गया था। उसमें एएसआई कमल सिंह व पंचकुला निवासी यात्री सीवान सिंह घायल हो गए थे। हालांकि, ट्रेन को वहां पर रोका नहीं गया था। प्रवीण सिंह ने बताया कि स्काॅर्ट टीम के एएसआई कमल सिंह की सूचना पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। ब्यूरो

पत्थरबाजों को पकड़ने के लिए आरपीएफ ने चलाया अभियान



कृष्ण नगरी में दलाई लामा

शीर्ष तिब्बती गुरु दलाई लामा रविवार को दो दिवसीय धार्मिक यात्रा पर मथुरा पहुंचे। इस दौरान रमनरेती आश्रम में चरण पखारकर उनका स्वागत किया गया।

सऊदी अरब में अब कहीं भी आ-जा सकेंगे उमरा जायरीन

लखनऊ (मोहम्मद इरफान)। उमरा के लिए सऊदी अरब जाने वाले जायरीनों को अब कहीं भी घूमने-फिरने की आजादी होगी। इसके लिए उन्हें किसी तरह का अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। सऊदी सरकार ने यह फैसला देश में पर्यटन को बढ़ावा और अर्थव्यवस्था मजबूत करने के लिए लिया है। जानकारों की मानें तो सऊदी हुकूमत ने ड्रीम प्रोजेक्ट विजन-2030 के तहत एक वृहद योजना बनाई है। इसके मुताबिक हर साल उमरा पर जाने वाले जायरीनों की संख्या 80 लाख से बढ़ाकर 3 करोड़ तक पहुंचाना है। इसी विजन को ध्यान में रखते हुए भारत समेत विश्व के कई देशों के हज कोटे में बढ़ोतरी की गई थी। पिछले साल भारत से 60 लाख से ज्यादा भारतीयों ने उमरा यात्रा की थी।

पर्यटन और आय बढ़ाने के लिए सऊदी अरब सरकार ने उठाया कदम

यूपी : महिलाओं को स्टांप शुल्क में छूट खत्म करने की तैयारी

लखनऊ (महेंद्र तिवारी)। प्रदेश सरकार अपनी आय बढ़ाने के लिए कई नए कदम उठाने पर विचार कर रही है। इसमें रजिस्ट्री पर महिलाओं को स्टांप शुल्क में दी जा रही एक प्रतिशत की छूट समाप्त करने व प्राइवेट वाहनों से लाई जा रही सवारियों पर न्यूनतम शुल्क लगाने का प्रस्ताव है।

सूत्रों ने बताया हाल में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने तय राजस्व लक्ष्य प्राप्त करने व अतिरिक्त राजस्व जुटाने के स्रोत पर चर्चा के लिए शासन के वरिष्ठ अफसरों के साथ लंबा विचार विमर्श किया। इसमें कई महत्वपूर्ण सुझाव आए। यहां पता चला कि पिछले वर्ष की तुलना में चार लाख रजिस्ट्री कम हुई है।

हिमाचल : बिना कर्ज थमा दिया 20 लाख का रिकवरी नोटिस, दे दी जान

शाहतलाई (बिलासपुर)। सहकारी सभा तलाई के सेल्समैन राजकुमार ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। उसने सुसाइड नोट में ऊना के लठियानी में काम कर चुके कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के एक कर्मचारी को जिम्मेदार ठहराया है। आरोप है कि बैंक कर्मी उसे बार-बार 20 लाख रुपये कर्ज लौटाने के लिए तंग कर रहा था।

दसलेहड़ा पंचायत निवासी मृतक राजकुमार के पिता जगदीश चंद्र ने पुलिस को दिए बयान में कहा है कि मेरे बेटे और मैंने बैंक से कोई लोन नहीं लिया। 20 लाख का रिकवरी नोटिस आने से बेटा परेशान था। पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर बैंक कर्मचारी पर आत्महत्या को उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी तीन-चार साल पहले ही दूसरी शाखा में ट्रांसफर हो चुका है तो फिर वह रिकवरी के लिए क्यों परेशान कर रहा था। जगदीश चंद ने बताया कि मेरा बेटा सहकारी सभा में सेल्समैन था। उसे कुछ दिन पहले ही पता चला कि लठियानी बैंक में उसका 20 लाख का कर्ज है। उसे बैंक के रिकवरी नोटिस आए थे।

बैंक कर्मी उसे बार-बार लोन भरने का दबाव बना रहा था। इससे वह तनाव में था। जगदीश ने बताया कि शनिवार दोपहर को घर में खाना खाने के बेटा काम करने चला गया और देर शाम तक नहीं लौटा। फोन न उठाने पर रात करीब 8.30 बजे उसके भाई को देखने भेजा तो घर के पास गिरा मिला। ब्यूरो

बैंक कर्मचारी पर आत्महत्या को उकसाने का मामला दर्ज

गाड़ी में बैठे रहे एसडीओ तो गिरिराज ने लगाई फटकार

बेगूसराय। बिहार के बेगूसराय में बाढ़ के हालात का जायजा लेने निकले गिरिराज सिंह ने रविवार को लापरवाही बरतने के लिए एसडीओ को फटकार लगाई। वह अपने संसदीय क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित बछवाड़ा क्षेत्र का दौरा कर रहे थे और लोगों से मुलाकात कर रहे थे। लोगों ने उनसे कहा कि अधिकारी भेदभाव कर रहे हैं। तभी वहां के एसडीओ डॉक्टर निशांत और डीएसपी आशीष रंजन भी मौके पर पहुंचे। गिरिराज सिंह को देखकर भी एसडीओ साहब अपनी गाड़ी में बड़े शान के साथ बैठे रहे। यह देखकर गिरिराज सिंह का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। फिर क्या था गिरिराज सिंह ने एसडीओ साहब को हाथ जोड़कर प्रणाम करते हुए कहा कि यह बड़े आदमी हैं गाड़ी से नहीं उतरेंगे, आप तो बाबू हैं। एजेंसी

मोदी-जिनपिंग के लिए जगमगाएगा तटीय शिव मंदिर

मामल्लपुरम। अगले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के लिए तमिलनाडु के मामल्लपुरम में ऐतिहासिक समुद्र तटीय शिव मंदिर और पांच रथ को वैश्विक स्तर की रोशनी से सजाया जा रहा है। इस दौरान यहां खूब हरियाली की व्यवस्था की जा रही है। पेड़-पौधों को संवारा जा रहा है। माना जा रहा है कि इस ऐतिहासिक स्थल को





इस तरह से तैयार किया जा रहा है, ताकि जब दोनों वैश्विक नेता मिलें तो इस मुलाकात की यादगार तस्वीरें भी ली जा सकें।

अगले माह मामल्लपुरम के इस ऐतिहासिक स्थल पर होनी है दोनों नेताओं की मुलाकात

हालांकि, यह सजावट अस्थायी तौर पर ही होगी। पुरातत्व विभाग समेत अफसरों की एक टीम और सलाहकारों ने हाल ही में इस स्थल का दौरा किया था। तभी रोशनी की व्यवस्था, सजावटी नए पत्थरों को लगाने की योजना बनाई गई। टीम ने इस ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण करने की रूपरेखा भी तैयार की। माना जा रहा है कि दोनों नेता इस स्मारक के चारों ओर घूमेंगे। इसी तरह, दोनों नेता पांच रथों के पास रेत के मैदान पर भी घूम सकते हैं। दोनों यहां किसी बेंच पर बैठ सकते हैं। इसके अलावा, कृष्ण की मक्खन जैसी चट्टान और अर्जुन की तपस्या वाली प्रतिमा भी देखने जा सकेंगे।

अमर उजाला क्लासीफाइड
आवश्यकताएं • नौकरियां • बिक्री • प्रोपर्टी • किराया • शिक्षा • सर्विसेज • लोन • फाइनेन्स
विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें:- बुकिंग टाइमः सुबह 8:00 बजे से सायं 6 बजे तक 1800-121-1166

आवश्यकता है

कॉल सेंटर

BSNLL कम्पनी को आवश्यकता 990 लड़के/ लडकियों घर बैठे SMS Job करके कमायें 15000- 45000/- महीना, मोबाईल+ लैपटॉप मुफ्त+ बोनस जानकारी हेतु Call 9128576024, 7541042565

फिल्म

फिल्म+ मॉडलिंग+ इंटरनेट की दुनिया में एक्टर/ मॉडल्स/ डांसर/ सिंगर/ राइटर बनके नाम, पैसा शोहरत कमायें। (शूटिंग समय रहना, खाना+ ट्रेनिंग फ्री) मुंबई 090217-82618, 097659-95178

सामान्य

192 भूतपूर्व सैनिक चाहिए। कैप्टन, मेजर, सूबेदार, JCO 45000, हवलदार सिपाही, कास्टेक्वल, नायक 38000, ITBP, CRPF, BSF गनमैन PSO-36000 ड्राइवर, क्लर्क 32000, 9876635407, 9876618247, 9888376611

मेडिकल

आवश्यकता है अनुभवी महिला BAMS/ MBBS (Gynaecologist) रेजिडेंट की। संपर्क करें:- डॉ एस.के. गर्ग गर्ग हॉस्पीटल, बुलंदशहर Mo. No.- 9412227099

ऑफिस जॉब्स

बहुराष्ट्रीय कम्पनी को आफिस विस्तार हेतु आवश्यकता है 85 लडके लडकियों की योग्यता हाईस्कूल ग्रेजुएट आय 8500-15000 + मुफ्तावास मिले SH-98 शास्त्रीनगर गाजियाबाद 9990357394, 01204121551

सेल्स/मार्केटिंग

FMCG कम्पनी में कार्य करने हेतु अनुभवी एरिया सेल्स मैनेजर (आगरा, मेरठ, गाजियाबाद) की तुरन्त आवश्यकता Mail:- hrd@dilbahars.com Call: 9116177133

पार्ट टाइम

BSNLL कम्पनी को आवश्यकता 890 लड़के/ लडकियों घर बैठे SMS Job करके कमायें 15000- 45000/- महीना, मोबाईल+ लैपटॉप मुफ्त+ बोनस जानकारी हेतु Call 9507706211, 8873213629

क्लासीफाइड अच्छे वर-वधू के लिए अपना विज्ञापन अमर उजाला क्लासीफाइड में दें।

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जांच पडताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापन दाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन **जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य** किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़ें। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

एजुकेशन

एकेडमिक

फर्जी संस्थाओं से बचें RMP, DNYS, BAMS, (NAT), CMS 150 मेडीसिन CMO रजिस्ट्रेशन की सही जानकारी प्रतिनिधि बनें अन्य मेडिकल कोर्सेज नाम पता SMS करें या लिखायें। #09336850868, 08756465631 देखें- website: saimission.org

बिकाऊ

मशीनरी

रद्दी/कर्टन वेस्ट सप्लायर्स नई हाइड्रोलिक बेलिंग सेमी ऑटोमेटिक मशीन आधी कीमत में बिकाऊ 500 टन प्रेशर, 10 चक्के गाड़ी के, बॉडी के अंदर बिना हाइट 18 टन वजन गारंटी कैपेसिटी 10 टन / दिन कीमत 10 लाख, 9079035978, 9352369200.

व्यापार

लोन/फाइनेंस

मैसर्स वर्मा मनीलैन्डर (रजिस्टर्ड) गली गुल्लूजी,रेलवे रोड, अलीगढ़ (उ.प्र) सभी प्रकार के लोन के लिए मिलें-अलीगढ़-09837007967, लखनऊ-09453428534, ऐजेन्ट आमंत्रित,शर्तें लागू।

श्रीराम फाइनेंस कम्पनी मुद्रा योजना के अंतर्गत सभी प्रकार के लोन आधारकार्ड, मार्कशीट, प्रोपर्टी लोन घरबैठे पाये मात्र 510/- 1% ब्याज, 50% छूट #09717420105, 09627525180

लोन धमाका !!! पहले आये, पहले पायें
श्रीराम फाईनेंस
भारत की नं.-1 कंपनी
मार्कशीट, प्रोपर्टी, पर्सनल आधारकार्ड, बिजनेस लोन, स्टॉर्ट-अप, लघुउद्योग, दुकानदारों के लिए मुद्रा लोन प्रोपर्टि ब्रान्डिंग सभी लोन स्की योजनाओं के द्वारा वैंकों से पायें
मात्र 12 - 24 घंटों में घर बैठे पायें
2% ब्याज | 50% छूट
पोलाकारें महिला/पुरुष एक फोन अवश्य करें
088872-62194

रिलायंस फाइनेंस (गर्वमेंट रजि.) बिना गारंटर, मार्कशीट, प्रोपर्टी, पर्सनल, होम लोन, मुद्रा लोन, समस्त लोन मात्र 6 घंटों में, 0% ब्याज 50% छूट, 07599940477, 07599940446.

पहले लोन फिर खर्चा Bandhan Finance Regd. (पर्सनल, प्रॉपर्टी, कृषि, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड) 40% सब्सिडी, 2% सालाना ब्याज, एजेंट 30,000/-सैलरी # 7078358483, 7500692354 वेबसाइट: www.bandhanfinance.com

लोन धमाका !! लोन धमाका
पहले 100 कॉलर को विशेष छूट
पैसा लेते नहीं धोका देते नहीं
DURGA FINANCE
पहले काम फिर दाम
मार्कशीट, प्रॉपर्टी, होम लोन, पर्सनल, बिज़नेस, आधारकार्ड
समस्त लोन घर बैठे पाए
ब्याज 2 %, छूट 40 %,
महिलाओं लोन हेतु विशेष छूट
8287944794
8287944941

मुद्रा फाइनेंस कम्पनी मुद्रा योजना से आधारकार्ड, सभी प्रकार के लोन घरबैठे पायें (खर्चा लोन पास होने के बाद ब्याज 1% छूट 65%) #+91-7841932168, +91-7558577182

✓**Shriram Finance** Corporation Ltd. (नवरात्रे धमाका) मार्कशीट, प्रोपर्टी, आधारकार्ड, पर्सनललोन, ब्याज 2%, छूट 40%, (no file charge) (धोखा खाये हुए जानकारी अवश्यलें)। Jyoti-09485791583, 09485761419

Maxx Finance सरकारी मुद्रा योजना अन्तर्गत मार्कशीट, आधारकार्ड लोन मंजूर करवायें 12 घंटों में (1% सालाना ब्याज, 50% छूट) प्रॉपर्टी, मुर्गीपालन फाइल खर्चा-750 #8287772557, 8218540464

Tata Capital भारत की No.-1 Finance Co. मार्कशीट, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस लोन घर बैठे पाये (0% ब्याज) (45% छूट) Tollfree: 18001237765, Helpline: 9548105112 Email: tcfpuneonline@gmail.com

मोबाइल टॉवर

(Govt. Approved) ITIL Tower Company द्वारा खाली जमीन, छत, खेत पर 4G Digital टॉवर लगवायें एडवांस 80,00,000/-+ किराया 60,000/-+ नौकरी Direct Apply: www.indiatower infrastd.com #09275501416, 07630853375

भारत की नं-1 कम्पनी
Govt. Approved Company
द्वारा अपनी जमीन, छत, प्लॉट,पर 3G/ 4G टावर लगवाऐं। पाये 80 लाख एडवांस 50 हजार किराया+ 1 नौकरी
Toll Free-
7505677586
18001238645

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
सभी कंपनियों के 3G/4G टॉवर अपनी खाली छत, जमीन, प्लाट पर लगवाएं। पायें
एडवांस 90 लाख किराया 70 हजार 1 नौकरी + 1 बाईक
8287969852
8287969276

सर्विसेज

इमीग्रेशन

कैनेडा सिंगापुर आस्ट्रेलिया
FREE VISA
2 से 10 साल का वर्क वीज़ा +PR
रहना +खाना +एयर टिकट कम्पनी का
चाहिए सुपरवाईज़र| स्टोरकीपर
हैल्पर| मैसन| कारपेंटर| प्लंबर| कुक
फूट पैकिंग| ड्राईवर| आपरेटर| वेटर
VISA SURITY/REJECTED CASE भी अप्लाई करें
GOVERNMENT REGISTERED COMPANY
95177-70221
ऐजेंटों को अच्छा कमीशन

कनाडा, सिंगापुर, दुबई का 2साल फ्री वीजा। रहना खाना फ्री। अच्छी तनख्वाह। ड्राईवर, फ्लंबर, वेल्डर, हेल्पर, पेंटर, कारपेंटर, गार्ड, फैकर, मैसन, स्टोरकीपर। 9855688444, 9855334888.

कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर वर्क वीजा, रहना खाना फ्री, अच्छी तनख्वाह, ड्राइवर, कंप्यूटर ऑपरेटर, प्लम्बर, वैल्डर, हैल्पर, पेंटर, कारपेंटर, गार्ड, पैकर, मैसन, स्टोरकीपर। रुद्राक्ष 9814223272, 9814224276.

सिंगापुर, दुबई, कुवैत, कत्तर में हैल्पर, ड्राईवर, इलैक्ट्रीशियन प्लम्बर, वैल्डर, सुपरवाईज़र, मकैनिक, हॉटेललाइन, ऑपरेटर, इन्जीनियर पैसे सैलरी से कटवाएं (अच्छी सैलरी पाएं) Agent Welcome 7707950911

Seminar Seminar 2 साल वर्क परमिट कैनेडा, सिंगापुर, मलेशिया, दुबई, इटली, में वेल्डर इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, फूडपैकर, प्लम्बर, स्टोर कीपर, हैल्पर, रहना खाना टिकट कंपनी की तरफ से, सैलरी 1-2 लाख, खर्चा सैलरी से कटवायें 8437635664

मित्रता

मीनाक्षी International Friendship Club (रजिस्टर्ड 2005) हाईप्रोफाइल महिलाओं टूरिस्ट हाउसवाइफ कालेज गर्ल के साथ मीटिंग करके 10000 से 15000 कमायें। विश्वसनीय संस्था 70609507841

नाम नहीं काम बोलता है
Govt. Approved
हमारी कंपनी में डायरेक्ट बात कर अपनी खाली जमीन, छत, प्लाट, खेत पर
4G / 5G मल्टीमीडिया टावर लगवाए
एडवांस 90 लाख +किराया 70,000+ नौकरी+1 गिफ्ट, सुनहरे कल के लिये संपर्क करें
09424751397,07587673489

मोबाईल टॉवर
जनता मोबाईल टॉवर
द्वारा अपनी खाली जमीन, छत,प्लाट, खेत पर 3G/4G मोबाईल टॉवर लगवाएं
एडवांस 60 लाख किराया 25,000 नौकरी 25,000 + बाईक
07845806145
08015010771

संजीवनी टॉवर कम्पनी, खाली जमीन, छत, खेत का नाम पता देकर मंजूरी आवेदन लेकर टॉवर लगवायें एडवांस 45,00,000/- किराया 55,000/- नौकरी (सैलरी 20000/-) #09450927690, 09450920689

सूचना

व्यक्तिगत

मैं अपने पुत्र प्रवेश कुमार व पुत्रवधू ममता को गलत कृत्य /व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। आगे भविष्य मे यह दोनो अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगें। सत्यपाल सिंह पुत्र सूरजपाल सिंह नि0 हसनपुर लड्की थाना-ककोड़ खुर्जा बु0शहर।

मेरी U.P बोर्ड इण्टरमीडिएट वर्ष 2010 अनुक्रमांक 0176501 की सनद व मार्कशीट वास्तव मे कही खो गई है। दिनेश कुमार S/o श्योपाल सिंह निवासी शाहपुर कला खुर्जा बुलन्दशहर

मेरी यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2009 अनुक्रमांक 0380225 और इण्टरमीडिएट वर्ष 2013 अनुक्रमांक 274320 की मार्कशीट खो गई है। प्रशान्त कुमार गौड़ पुत्र दशरथ सिंह निवासी राधानगर द्वितीय, बुलंदशहर।

मै मौ0 हनीफ पुत्र सूफी शरीफ निवासी मौ0 परिवाली गली सराय धारी थाना को0 नगर जिला बु0शहर का रहने वाला हूँ। मै अपने पुत्र नाजिम व उसकी पत्नी रिहाना को उनके बुरे आचरण के कारण उनको अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ।

टूर/ट्रैवल

रेलयात्रीऐं (रामेश्वरमधाम-गोवा-मल्लिकार्जुन- 14.10.2019) (द्वारिकापुरीधाम-सातज्योर्तिलिंग-शिरडी -11.11.2019) (दार्जिलिंग-कामाख्यादेवी-24.11.2019) (जगन्नाथपुरीधाम-गंगासागर-काठमाण्डू -7.01.2020) (हिमाचल नौदेवी-12.10.2019) हरिऊँ शिवशंकर ऋषिकेश- 9897043268, (लखनऊ- 9450449253) (दिल्ली- 9910856068)

''कैनेडा, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर'' 2साल वर्कवीजा +PR, फ्री वीजा +खाना +रहना +एयरटिकट कंपनी का, कमाएं 2-3लाख महीना, कोई पैसा वीजा से पहले ना वीजा के बाद। चाहिए कारपेंटर, मैसन, पलम्बर, इलैक्ट्रीशियन, ड्राईवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, सुपरवाईजर, वेटर, कुक, हैल्पर इत्यादि। सरकारी मान्यताप्राप्त कंपनी, पहले लगे वीजे देखें, कोर्ट ऐग्रीमेंट के साथ अप्लाई करें: 8054448650 (ऐजेंट वैलकम)

GOLD STAR फ्रेंडशिप क्लब {रजिस्टर्ड 2004} {रजिस्ट्रेशन फीस-650} हाईप्रोफाइल मैडमों, NRI संग डेटिंग/मीटिंग करके 25000-30000 कमाए (एक मात्र विस्वस्त्रीय लोकल सर्विस) # 7317778691.

Palak Friendship Club (Regd.) High Profile NRI संग full part time meeting करके 25000- 30000 कमाएं रोजाना (कम फीस के लालच से बचे) 7526988429, 9646005832

नाईट लवर फ्रेंडशिप, डिस्को क्लब, 1990***** रजि. 15,000- 20,000/- रोजाना कमायें, धोखेबाजों से सावधान धोखा खाये हुए जरूर कॉल करें, आल इंडिया PB सर्विस #9643633436

खुशी फ्रेंडशिप क्लब (रजिस्ट्रेशन 500) (Regd. 2005) हाईप्रोफाईल फीमेल संग दोस्ती करके डेली कमाएं 15000 - 20000 Contact करें ईमानदार और मेहनती युवक 9990195213

Russian International Friendship Club, High Profile Female से दोस्ती करके अपना दायरा बढ़ाएं। All India Services. 9896242939, 9996526939.

Goodwill International Friendship Club (Regd.) हर उम्र के Meeting Datting करके रोजाना 20000- 30000 कमायें। सेम डे मीटिंग विश्वसनीय संस्था 9855918943, 9878057223 (धोखेबाजों से सावधान)

मै आर्मी AMC (22051011W-SEP/AA) मे सिपाही हूँ मेरी सर्विस बुक मे मेरे भाई गुरविन्दर सिंह की जन्मतिथि भूलवश 02-07-2000 दर्ज है, जबकि हाईस्कूल के प्रमाणपत्रो मे जन्मतिथि 29-09-1998 है जोकि सही है। प्रार्थी शुभम चौधरी पुत्र यशबीर सिंह ग्राम-शाहपुरजट, कुचेसर रोड चोपला हापुड़(245101)

मैं अपने पुत्रों साबिर, कासिम और पुत्रवधुओं फिरदौस, कौशर को गलत आचरण के चलते समस्त सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करती हूँ। सलमा पत्नी स्व0 बाबू बैठ, सिंभावली (हापुड़)

मैं और मेरा परिवार अपने पुत्रों कपिल, आदेश और पुत्रवधुओं जोली, आशा के गलत आचरण के चलते समस्त सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करते है। वीर सिंह पुत्र श्री रामस्वरूप सिंह वार्ड-24, रामेश्वर वन घोसियान गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)

मैं अपने पुत्र रवि, पुत्रवधू शिवकुमारी को गलत आचरण के चलते समस्त समस्त सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ कि मैं अपने पुत्र सुशील कुमार जो मेरे कहने से बाहर है को अपनी तमाम चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। भविष्य में इसके किसी भी कार्य के लिए मैं/ मेरा परिवार जिम्मेवार नहीं होगा।

I, Manu Tandon S/o Sh. Om Prakash Tandon R/o 158/A, New Gandhi Nagar Ghaziabad have changed my name to Manav Tandon & will use this name for future purpose

I, Ravinder Sah S/o Parshuram Sah R/o D-378, Kumhar Basti Extn., Village Gharoli, Delhi-96 declares that my name is wrongly written in my minor Daughter Chandni school records as Ravinder Kumar instead of Ravinder Sah

Lost my original Marksheet of 10th Class Roll No. 8123633 Year 2010-12 Pass out from CBSE, Delhi. Name: Anurag Shrivastav, S/o. Sunil Srivastav R/o. A-302 Rani Garden, Geeta Colony Delhi 110031

I Mohamad Shahid S/o Mohamad Ayyub R/o Maniharan Khatikan, Muradnagar (Ghaziabad) have changed my name to Mohammad Shahid S/o Mohammad Ayyub for all future purposes.

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2010 की मार्कशीट अनुक्रमांक 0465054 खो गयी है। वकार अजीम पुत्र जाहिद अली ग्राम- पोस्ट ताजपुर थाना बीबीनगर (जिला बुलंदशहर)

मैं ज्ञानवती पत्नी छंगाराम निवासी गाँव पिंगौड, तहसील होडल, जिला पलवल ब्यान करती हूँ कि मैं अपने पुत्र सुशील कुमार जो मेरे कहने से बाहर है को अपनी तमाम चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। भविष्य में इसके किसी भी कार्य के लिए मैं/ मेरा परिवार जिम्मेवार नहीं होगा।

I Sonia D/o Bishamber Dayal Residance Kh. No. 207 Takiya Chowk Village Burari Delhi 110084, I have lost my Original CBSE 10th Marksheet 2010, Roll No. 6354305, Finder Contact 8178529890

भविष्य हेतु मैंने अपना नाम Babloo Rashid से बदलकर Bablu Rashid रख लिया है। Bablu Rashid S/o Abdul Rashid, A-211/106 Shalimar Gardan, Sahibabad (Ghaziabad)

भविष्य हेतु मैंने अपना नाम Km. Afreen Rashid से बदलकर Afreen Rashid रख लिया है। Afreen Rashid D/o- Bablu Rashid, A-211/106-Shalimar Gardan, Sahibabad (Ghaziabad)

मैं अपने पुत्र मुकेश पुत्रवधु पूनम को गलत आचरण के चलते समस्त सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। फकीर चन्द पुत्र नन्हे 50, गुमा मार्किट मुरादग्रामपुर पुर्सी मुरादनगर गाजियाबाद

Objectionable ads? Complain to ASCI 7710012345 ascionline.org

प्रापर्टी/रियल एस्टेट
लाखों लोगों का है सपना, एक घर हो अपना
अपना विज्ञापन अमर उजाला क्लासीफाइड में दें
अमर उजाला क्लासीफाइड
तुरंत रिस्पांस, उत्तम परिणाम
सम्पर्क करें (टोल फ्री नं.)
1800-121-1166

अमर उजाला क्लासीफाइड
विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें:-
1800-121-1166
बुकिंग टाइमः सुबह 8:00 बजे से सायं 6 बजे तक

बिजनेस डाइजेस्ट

एफपीआई ने बाजार से निकाले 4,193 करोड़

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में अब तक भारतीय पूंजी बाजार से कुल 4,193.18 करोड़ रुपये की निकासी की। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार के उपायों से इस रुख में बदलाव की उम्मीद है। सरकार ने शुक्रवार को कॉरपोरेट करों में 10 फीसदी की कटौती की है। डिपॉजिटरी के अनुसार, एफपीआई ने 3 से 20 सितंबर के बीच शेयर बाजारों से 5,577.99 करोड़ निकाले और बॉन्ड बाजार में 1,384.81 करोड़ रुपये का निवेश किया। उधर, सेंसेक्स की शीर्ष-10 कंपनियों में से छह का पूंजीकरण पिछले सप्ताह 1.15 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है।



कोयला आयात जुलाई में चार फीसदी घटा

नई दिल्ली। देश का कोयला आयात इस साल जुलाई में 3.7 फीसदी घटकर 1.89 करोड़ टन रह गया। एक साल पहले की समान अवधि में 1.96 करोड़ टन कोयला आयात किया गया था। एमजंक्शन के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में कुल कोयला आयात में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.26 करोड़ टन और कोकिंग कोयले का आयात 41.7 लाख टन रहा। एमजंक्शन के एमडी एवं सीईओ विनय वर्मा ने कहा कि जून में कोयला आयात में मामूली वृद्धि हुई थी। हालांकि, जुलाई में मानसून के दौरान बिजली की मांग घटने से आयात कम हुआ।



1,000 लोन मेला लगाएगा एचडीएफसी बैंक

नई दिल्ली। एचडीएफसी बैंक ने रविवार को कहा कि वह अपने खुदरा पोर्टफोलियों को बढ़ाने के लिए आगामी छह महीने में 1,000 ग्रामीण लोन मेले के आयोजन की तैयारी कर रहा है। बैंक ने एक बयान में कहा कि देशभर के 300 जिलों के 6,000 गांवों में इसका आयोजन किया जाएगा। पारंपरिक गांव के मेले की तरह ग्रामीण लोन मेले में भी पांच-छह गांवों के लोगों के लिए एक स्टॉल लगाई जाएगी। यहां उन्हें बैंक के सभी उत्पादों की जानकारी दी जाएगी। ट्रैक्टर, ऑटो, दोपहिया और तिपहिया वाहनों के साथ ही कृषि लोन भी मुहैया कराए जाएंगे। इसके अलावा ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं के बारे में भी जागरूक किया जाएगा।



डंपिंगरोधी नियमों को मजबूत करेगी सरकार

नई दिल्ली। सरकार डंपिंगरोधी और सुरक्षा उपाय जैसे व्यापारिक उपचार नियमों में जल्द बदलाव कर सकती है। सरकार का लक्ष्य इन उपायों को घरेलू उद्योग के बचाव में अधिक प्रभावी बनाना है। एक अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय ने इन बदलावों को मंजूरी दे दी है। राजस्व विभाग जल्द ही इन्हें अधिसूचित कर देगा। इन व्यापारिक समाधान उपायों का प्रावधान विश्व व्यापार संगठन के वैश्विक व्यापार नियमों के तहत किया गया है। सरकार निम्न शुल्क नियमों को हटाएगी। इससे घरेलू जांच प्राधिकरणों को डंपिंगरोधी शुल्क, डंपिंग और सब्सिडी से उत्पन्न पूरे मार्जिन को कवर करने के लिए शुल्क लगाने का मार्ग प्रशस्त होगा।



गैर-जीवन बीमा प्रीमियम संग्रह 17 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। गैर-जीवन बीमा कंपनियों का संयुक्त नया प्रीमियम संग्रह अगस्त में 17 फीसदी बढ़कर 15,964 करोड़ रुपये रहा। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल अगस्त में 34 गैर-जीवन बीमा कंपनियों का सकल प्रीमियम संग्रह 13,657.51 करोड़ रुपये रहा था। इनमें से 25 साधारण बीमा कंपनियों का नया प्रीमियम संग्रह 12 फीसदी बढ़कर 12,447.10 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, सिर्फ गैर-बीमा क्षेत्र में काम करने वाली सात निजी कंपनियों का नया प्रीमियम संग्रह 33 फीसदी बढ़कर 1,070.29 करोड़ रुपये रहा।



आज का साक्षात्कार

नई तकनीक से निखार रहे युवाओं का भविष्य

कौशल भारत मिशन के तहत हर साल एक करोड़ से भी अधिक युवाओं को प्रशिक्षित कर रहा केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय अब बाजार एवं उद्योग जगत की मांग के हिसाब से प्रशिक्षण देने लगा है। इससे उन्हें आसानी से रोजगार मिल सकेगा। इस मिशन के तहत पांच वर्ष में क्या हासिल हुआ और आगे की क्या रणनीति है, इस पर अमर उजाला के **शिशिर चौरसिया** ने केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय में सचिव **डॉ. केपी कृष्णन** से बातचीत की। पेश है अंश :

-डॉ. केपी कृष्णन
सचिव, केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को नई तकनीक की जानकारी दी जा रही है ताकि वे देश-विदेश में कहीं भी औपचारिक क्षेत्र में नौकरी कर सके।



कौशल भारत मिशन के पांच वर्ष हो रहे हैं। अब तक की इसकी उपलब्धि क्या रही?

कौशल भारत मिशन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि हम कौशल विकास की नींव रखने में सफल रहे। हम कौशल क्षेत्र के उन पहलुओं पर भी बात करने में सक्षम हो गए हैं, जिन्हें पहले कभी महत्व नहीं दिया गया। इसी का परिणाम है कि आज इस मिशन के तहत हर साल एक करोड़ से भी अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हम 30 हजार से भी अधिक कोर्स के आधार पर 25,000 से भी अधिक प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण दे रहे हैं। करीब 615 अत्याधुनिक प्रधानमंत्री कौशल केंद्र भी बनाए हैं, जिनमें काउंसिलिंग सेल, प्लेसमेंट सेल जैसी सुविधाएं हैं। अब आईटीआई को भी आधुनिक बनाया जा रहा है।

अर्थव्यवस्था में तेजी से बदलाव हो रहा है। युवा भी महत्वाकांक्षी हो रहे हैं। उन्हें उद्योग जगत के लिए कैसे प्रासंगिक बनाया जा रहा है?

पिछले एक दशक में ही अर्थव्यवस्था में काफी कुछ बदला है। हमारे यहां से प्रशिक्षण लेकर निकले अधिक -से-अधिक युवाओं को रोजगार मिले, इसके लिए हम बाजार की मांग का जायजा लेते हैं। हमारे पास सेक्टर स्किल काउंसिल हैं, जो उद्योग जगत के साथ समन्वय बनाते हैं। इस तरह से बाजार की मांग के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षित कर रहे हैं। जहां तक युवाओं की महत्वाकांक्षा की बात है तो वे चाहते हैं कि उनकी स्थिति में बदलाव हो। इसलिए उन्हें नवीनतम तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाता है। वे नए जमाने के हिसाब से कदम-ताल कर सकें, इसके लिए क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, 3डी प्रिंटिंग, बिग डाटा आदि क्षेत्र से जुड़े कोर्स शुरू किए हैं। इससे उन्हें न सिर्फ देश में बल्कि विदेश में भी नौकरी मिल सकेगी।

युवाओं की विदेश में भी स्वीकार्यता बढ़े, इसके लिए कोई अध्ययन हुआ है?

जी हां, हमने अध्ययन किया है। घरेलू अर्थव्यवस्था की आवश्यकता को समझने के लिए 38 क्षेत्रों में व्यापक कौशल अंतराल अध्ययन किया है। हमारे युवाओं की स्वीकार्यता विदेश में भी बढ़े, इसके लिए जापान और संयुक्त अरब अमीरात के साथ पाठ्यक्रम विकसित किया जा रहा है।

कौशल विकास में महिलाओं की क्या भागीदारी है?

कौशल विकास में महिलाओं की बड़ी भागीदारी दिखाई दे रही है। वे न सिर्फ सेवा क्षेत्र के लिए प्रशिक्षण ले रही हैं बल्कि उन्हें अपेक्षाकृत कठिन माने जाने वाले औद्योगिक क्षेत्र के लिए तैयार किया जा रहा है। आमतौर पर माना जाता है कि महिलाएं ऑफिस वर्क ज्यादा चाहती हैं, लेकिन कारखाने में शॉप फ्लोर पर काम करना नहीं चाहती हैं। अब महिलाएं शॉप फ्लोर पर काम करने के लिए प्रशिक्षण ले रही हैं।

एक बड़ा वर्ग अभी अनौपचारिक क्षेत्र में है, उन्हें औपचारिक क्षेत्र में कैसे लाएंगे?

आप सही कह रहे हैं। हमारे समाज में कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा अब भी अनौपचारिक क्षेत्र में काम कर रहा है। हम प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत उनकी कुशलता निखार रहे हैं। उन्हें नई तकनीक की जानकारी दे रहे हैं। सबसे बड़ी बात कि उन्हें प्रमाणपत्र दे रहे हैं ताकि उसकी मदद से वे देश-विदेश में कहीं भी औपचारिक क्षेत्र में नौकरी कर सके। उदाहरण के लिए, मान लीजिए कि कोई व्यक्ति बढ़ई या प्लंबर का काम करता है तो उसे हम अपने केंद्र में लाते हैं और नई मशीनों के साथ काम करने की जानकारी देते हैं। इसके बाद प्रमाणपत्र देते हैं। इसके बाद वह प्रमाणपत्र के सहारे देश-विदेश में कहीं भी नौकरी पा सकता है। अभी तक इस योजना के तहत 14 लाख से भी अधिक लोगों की कुशलता बढ़ाकर उन्हें प्रमाणपत्र जारी किया जा चुका है।

ग्रामीणों के बेहतर भविष्य के लिए कोई योजना है?

जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) की परिकल्पना ऐसे लोगों के लिए ही की गई है। इसके तहत हम अनपढ़ या नव साक्षर लोगों को कौशल प्रदान करते हैं। वे यदि अभी कोई काम जानते हैं तो उनकी मौजूदा आजीविका कौशल को उन्नत करते हैं। इन संस्थानों में महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के साथ अल्पसंख्यकों का भी विशेष ध्यान रखा गया है। इस समय देशभर में 271 जन शिक्षण संस्थान हैं।

80 रुपये पहुंचा प्याज, तय होगी स्टॉक सीमा

झटका : प्याज उत्पादक राज्यों में भारी बारिश से प्रभावित हो रही आपूर्ति

नई दिल्ली। प्याज की लगातार बढ़ती कीमतों से उपभोक्ताओं की आंखों में आंसू आने लगे हैं। राजधानी दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमत 80 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। सरकार बढ़ती कीमतों पर लगाम कसने और कालाबाजारी रोकने के लिए व्यापारियों पर शिकंजा कसने की तैयारी में है। इसके लिए जल्द प्याज की भंडारण सीमा तय हो सकती है।

सूत्रों का कहना है कि मानसून के दौरान प्रमुख प्याज उत्पादक राज्यों में भारी बारिश से आपूर्ति प्रभावित हुई है। इस कारण प्याज की खुदरा कीमतें बढ़कर 70-80 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई हैं। उपभोक्ता मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पिछले सप्ताह तक दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमत 57 रुपये किलो, मुंबई में 56 रुपये, कोलकाता में 48 रुपये, चेन्नई में 34 रुपये और गुरुग्राम में 60 रुपये प्रति किलो थी। महज पांच-छह दिन के भीतर की कीमतों में 20-30 रुपये का इजाफा हो गया है। एजेंसी



200 टन प्याज प्रतिदिन दिल्ली को दे रही सरकार अपने बफर स्टॉक से

कालाबाजारी रोकने की कवायद

सरकार प्याज की कालाबाजारी रोकने के लिए इस सप्ताह इसकी भंडारण सीमा तय कर सकती है। कारोबारी सरकार की ओर से तय कोटे से ज्यादा प्याज का भंडारण नहीं कर सकेंगे, जिससे बाजार में आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी और कीमतों पर भी लगाम लग सकेगी। सूत्रों का कहना है कि अगर 2-3 दिन में स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो यह फैसला लागू हो सकता है। अभी एकत्र किया हुआ प्याज की बाजार में बिक रहा है, क्योंकि खरीफ की नई फसल बाजार में नवंबर तक आने की उम्मीद है। हालांकि, कारोबारियों का कहना है कि प्याज का पर्याप्त भंडारण है, लेकिन इसकी आपूर्ति के लिए परिवहन की व्यवस्था नहीं है।

सरकार ने उठाए कई कदम

प्याज के दाम पर लगाम कसने के लिए सरकार अभी तक कई कदम उठा चुकी है। केंद्र के पास मौजूद 56 हजार टन प्याज के बफर स्टॉक में से 16 हजार टन जारी हो चुके हैं। इसमें से दिल्ली में ही प्रतिदिन 200 टन प्याज की आपूर्ति की जा रही है। नेफेड और एनसीसीएफ जैसी सरकारी संस्थाओं ने मदर डेयरी व अन्य सार्वजनिक आउटलेट पर 23.90 रुपये किलो प्याज बेचा। इसके अलावा घरेलू बाजार में उपलब्धता बढ़ाने के लिए निर्यात पर भी लगाम कसा है।

एक सप्ताह में पेट्रोल डेढ़ रुपये महंगा

सऊदी संकट के बाद से महज छह दिन के भीतर पेट्रोल की कीमतों में 1.59 रुपये प्रति लीटर का उछाल आया है, जबकि डीजल के दाम 1.31 रुपये प्रति लीटर बढ़ गए हैं। इतनी कम अवधि में यह बढ़ोतरी 2017 में तेल कीमतों की प्रतिदिन समीक्षा लागू होने के बाद सबसे ज्यादा है। दिल्ली में रविवार को पेट्रोल 27 पैसे बढ़कर 73.62 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया। डीजल की कीमत 18 पैसे बढ़कर 66.74 रुपये प्रति लीटर हो गई है। कीमतों में यह लगातार छठे दिन बढ़ोतरी है। इससे सऊदी अरब की सरकारी तेल कंपनी के शोधन प्लांट पर ड्रोन हमलों के बाद उसका उत्पादन 5 फीसदी गिर गया और वैश्विक बाजार में क्रूड की कीमत 20 फीसदी तक बढ़ गई थी। इसका असर घरेलू बाजार में भी हुआ, क्योंकि भारत अपनी जरूरतों का 83% तेल आयात करता है।


पुरानी कंपनियों को भी नई इकाई पर कर छूट

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। नई इकाई लगाने पर पुरानी कंपनियों को भी कॉरपोरेट टैक्स में छूट का लाभ मिलेगा। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि ऐसी विदेशी कंपनी को भी भारत में नई इकाई लगाने पर 15 फीसदी कर का लाभ मिलेगा, जिसका पहले से ही भारत में उत्पादन हो रहा है।

सरकार बस यह देखेगी कि निवेश एक अक्तूबर 2019 के बाद हुआ है और तय समय में उत्पादन शुरू हो गया। उल्लेखनीय है कि सरकार ने कॉरपोरेट टैक्स को करीब 10 फीसदी घटा कर 22% करने का फैसला किया है। यही नहीं, नए निवेश पर टैक्स की दर 15 फीसदी होगी। हालांकि, तब यह स्पष्ट नहीं था कि पहले से उत्पादन कर रही विदेशी कंपनी यदि नया निवेश करती है तो उन्हें लाभ मिलेगा या नहीं। वित्तमंत्री ने कहा कि इससे भारत को वैश्विक उत्पादन हब बनाने में मदद मिलेगी। अब विदेशी कंपनियों के लिए उत्पादन हब बनाने में चीन के अपेक्षा भारत मुफीद देश साबित होगा। उसकी वजह यह है कि यहां कुशल श्रमिकों की कोई कमी नहीं है।

कॉरपोरेट टैक्स : वित्तमंत्री सीतारमण ने किया साफ



वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया है कि सरकारी बैंक ऋण देने के लिए देश भर के 400 जिलों में जो शामियाना बैठक कर रहे हैं, वह कांग्रेस जमाने का लोन मेला नहीं है। पहले बैंकों का हित ताक पर रख कर लोन बांटे जाते थे। अभी जो बैंक शामियाना बैठक कर रहे हैं, उसमें बैंक उन्हीं व्यक्ति या फर्म को लोन मिलेगा, जो रिजर्व बैंक की गाइडलाइन पर खरे उतरेंगे।

बैंक पात्र लोगों को ही देंगे कर्ज

1,000 कंपनियों को 37 हजार करोड़ की बचत

टैक्स कटौती का असर

80 से ज्यादा क्षेत्रों को होगा कॉरपोरेट कर में कमी का लाभ

नई दिल्ली। कॉरपोरेट कर में कटौती के चलते देश की शीर्ष 1,000 सूचीबद्ध कंपनियों को 37,000 करोड़ रुपये की कर बचत होगी, जो सरकार के अनुमान का लगभग एक-चौथाई है। क्रिसिल रिसर्च ने रविवार को जारी एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया है।

क्रिसिल ने कहा, 'बीते कुछ दिनों से भारतीय अर्थव्यवस्था में सुस्ती को दूर करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। हालांकि शुक्रवार की घोषणा सबसे बड़ी थी। हमारे विश्लेषण से पता चलता है कि इन 1,000 कंपनियों को 37,000 करोड़ रुपये की बचत हो सकती है, जो सरकार के कुल बचत के अनुमान का लगभग एक चौथाई है।' एजेंसी ने कहा कि कर की दर में कमी से भारत ज्यादातर एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के बराबरी की स्थिति में आ गया है। क्रिसिल ने कहा, 'क्रिसल रिसर्च के विश्लेषण में 80 से ज्यादा क्षेत्रों की लगभग 1,000 कंपनियों को शामिल किया गया, जिनका बाजार पूंजीकरण एनएसई की 70 फीसदी कंपनियों के बराबर था। इससे संकेत मिलते हैं कि बीते पांच साल के दौरान कर की दरों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।' एजेंसी



6 फीसदी बढ़ेगी कमाई : इन कंपनियों ने भारत के उद्योग जगत के कुल कर भुगतान में लगभग एक-तिहाई का योगदान किया। एजेंसी ने कहा, 'ये अनुमान वित्त वर्ष 2019 के कर पूर्व मुनाफे पर आधारित हैं। इसे देखते हुए हम इस वित्त वर्ष में भारतीय उद्योग जगत के राजस्व और एबिट्डा (ब्याज, कर, मूल्यह्रास और ऋणमुक्ति से पूर्व आय) में 5-6 फीसदी की बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहे हैं। इससे कंपनियों की बचत खासी बढ़ सकती है।'

बैंकिंग और एफएमसीजी को होगा फायदा

आईसीआईसीआई डायरेक्ट रिसर्च ने कहा कि सरकार की कॉरपोरेट कर में कमी की घोषणा से बैंकिंग और एफएमसीजी जैसे सेक्टरों को फायदा होगा, लेकिन आईटी और फार्मा को मामूली फायदा होगा क्योंकि वर्तमान में इनकी कर की प्रभावी दर खासी कम है। रिपोर्ट में कहा गया, 'आर्थिक विकास को गति देने के लिहाज से सरकार का यह कदम खासा अहम है।' इसका तत्काल प्रभाव यह होगा कि इससे उद्योग जगत के लिए नकदी का प्रवाह बढ़ेगा, जिसे कर्ज घटाने या निवेश बढ़ाने में इस्तेमाल किया जा सकता है।

देरी से परियोजनाओं की लागत 3.77 लाख करोड़ बढ़ी

नई दिल्ली। देरी और अन्य कारणों से देश की 361 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत 3.77 लाख करोड़ रुपये बढ़ चुकी है। ये सभी परियोजनाएं 150 करोड़ और उससे अधिक की लागत वाली हैं।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के मुताबिक, कुल 1,623 परियोजनाओं में से 361 की लागत बढ़ी है और 496 परियोजनाओं में देरी हुई है। 1,623 परियोजनाओं की कुल मूल लागत 19,25,107.47 करोड़ रुपये थी। अब इनके पूरे होने की अनुमानित लागत 23,02,230.50 करोड़ हो चुकी है। यह मूल लागत से 19.59 फीसदी ज्यादा है। एजेंसी

तेजी के बावजूद सतर्क रहेंगे निवेशक

नई दिल्ली। अर्थव्यवस्था में तेजी लाने के लिए सरकार की ओर से की गई उपायों की घोषणा से इस सप्ताह शेयर बाजारों में तेजी आ सकती है, लेकिन निवेशकों में सतर्कता का माहौल बना रहेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सबको हैरान करते हुए कॉरपोरेट कर की दरों में कटौती की घोषणा की।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रतिभूति की बिक्री से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को होने वाले पूंजीगत लाभ पर बढ़ा हुआ अधिभार लागू नहीं होगा। इससे सेंसेक्स में 10 साल की सबसे बड़ी 1,921 अंकों की उछाल देखने को मिली। इसके अलावा जीएसटी परिषद ने होटल शुल्क और कुछ सामान पर भी कर की दरें घटाने की घोषणा की है। विश्लेषकों का कहना है कि इस सप्ताह वृहद आर्थिक मोर्चे को लेकर कोई आंकड़ा नहीं आना है। ऐसे में बाजार की दिशा काफी हद तक रुपये, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और विदेशी निवेशकों के रुख से तय होगी। सैमको सिक्योरिटीज एंड स्टॉकनोट के संस्थापक एवं सीईओ जिमीत मोदी ने कहा कि शुक्रवार को शानदार तेजी के बाद निवेशकों की सतर्कता की वजह से बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। एफपीआई इस कटौती को कैसे देखते हैं, इसका भी असर होगा। एजेंसी



इस सप्ताह रुपये और तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से भी तय

11,500 के पार पहुंच सकता है निफ्टी

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि बाजार में अब उत्साह लौटेगा और नए उपायों की घोषणा से घरेलू बाजार में सुस्ती का डर दूर होगा। एफपीआई के लिए अब भारतीय बाजारों में लौटने की अच्छी वजह है। वाहन, रियल एस्टेट, वित्तीय और बैंकिंग क्षेत्र में तेजी से निफ्टी 11,500 के स्तर को पार कर सकता है।

करदाताओं का फेसलेस मूल्यांकन 8 अक्तूबर से

नई दिल्ली। आयकरदाताओं के लिए सरकार की फेसलेस और नेमलेस मूल्यांकन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत राजधानी दिल्ली में एक राष्ट्रीय ई-मूल्यांकन केंद्र (एनईएसी) की स्थापना की जाएगी। इसके प्रमुख रूप में केएम प्रसाद को प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (पीसीसीआईटी) नियुक्त किया गया है। योजना आठ अक्तूबर यानी दशहरे से लागू होगी।

आयकर विभाग के लिए नीति बनाने वाले केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इस केंद्र के निर्माण के लिए आदेश जारी कर दिया है। इस केंद्र में पीसीसीआईटी के तौर पर नियुक्त प्रसाद 1984 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी हैं। इस केंद्र में प्रमुख के साथ ही 16 अधिकारी भी होंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनईएसी स्वतंत्र रूप से ई-मूल्यांकन का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि नई इकाई में 1993 बैच के आईआरएस अधिकारी आशीष अबरोल को आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। भविष्य में कनिष्ठ श्रेणी के कर्मचारियों की संख्या तय की जाएगी। एनईएसी चिन्हित मामलों में आयकरदाताओं को नोटिस भेजेगा और 15 दिन के भीतर प्रतिक्रिया मिलने के बाद केंद्र से मामलों को स्वचालित प्रक्रिया के माध्यम से मूल्यांकन अधिकारी को सौंपा जाएगा। एजेंसी

केएम प्रसाद को बनाया गया एनईएसी का प्रमुख
दिल्ली में बनेगा केंद्र



इन 5 वजहों से टैक्स सेविंग का बेहतर विकल्प है ईएलएसएस

अपना पैसा

वैसे तो टैक्स सेविंग विकल्प के तौर पर बाजार में निवेश के कई साधन हैं, लेकिन इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम (ईएलएलएस) ऐसा म्यूचुअल फंड है जो कर बचत का सबसे बेहतर विकल्प माना जाता है। नेशनल पेंशन स्कीम, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट, पब्लिक प्रोविडेंट फंड जैसे निवेश के पारंपरिक साधनों से इतर ईएलएसएस में म्यूचुअल फंड के मुनाफे के साथ आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत कर बचत का भी लाभ मिलता है। हम आपको पांच ऐसे कारण बता रहे हैं, जिससे आप यह तय कर सकेंगे कि ईएलएसएस आखिर क्योंकि बेहतर टैक्स सेविंग विकल्प है।

कर बचत के पारंपरिक निवेशों में आमतौर पर लॉक-इन अवधि लंबी होती है। पीपीएफ में 15 साल का लॉक-इन अवधि होती है, वहीं कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और एनपीएस के लिए लोगों को रिटायरमेंट तक निवेश की आवश्यकता होती है। टैक्स-सेविंग फिक्स डिपॉजिट में भी कम से कम 5 वर्ष की लॉक-इन अवधि होती है। जब सभी पारंपरिक निवेश विकल्पों से तुलना करते हैं, तो ईएलएसएस फंड्स में सिर्फ तीन वर्ष की न्यूनतम लॉक-इन अवधि होती है। इसके बाद आप चाहें तो निवेश जारी रख सकते हैं या मुनाफा सहित पैसे ले सकते हैं।

न्यूनतम लॉक-इन पीरियड



1.5 लाख रुपये तक के निवेश पर सालाना मिलेगी आयकर छूट

कम पूंजी से निवेश की सुविधा

सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (सिप) म्यूचुअल फंड्स में निश्चित अंतराल पर निवेश करने का एक अनुशासित तरीका है। सिप उन निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प है, जो एक बार में बड़ी राशि निवेश नहीं करना चाहते। सिप आपको मासिक रूप से कम राशि का निवेश करने की अनुमति देता है और धारा 80सी के तहत टैक्स में छूट का लाभ भी देता है।

महंगाई को मात देने वाले रिटर्न

निश्चित आय वाले टैक्स-सेविंग निवेश के विपरीत ईएलएसएस फंड्स मुख्य रूप से इक्विटी और इक्विटी-ओरिएंटेड विकल्पों में निवेश करते हैं। साथ ही, इक्विटी एक ऐसा असेट क्लास है जो मौजूदा मुद्रास्फीति दरों के मुकाबले ज्यादा रिटर्न देता है। इस वजह से ईएलएसएस में लंबी अवधि के लिए निवेश न केवल ज्यादा रिटर्न देता है, बल्कि टैक्स पर भी पूरी छूट मिलती है।

कोई मेच्योरिटी डेट नहीं

ईएलएसएस में निवेश का एक लाभ यह है कि इनकी कोई मेच्योरिटी डेट नहीं होती। आप लॉक-इन अवधि खत्म होने के बाद भी निवेश जारी रख सकते हैं। ईएलएसएस फंड्स में लंबी अवधि के लिए निवेश करते रहने से आपके निवेश का गुणात्मक विकास होता है। आप इस योजना में जितना अधिक अवधि के लिए निवेश जारी रखेंगे, उतना ही अधिक रिटर्न आपको मिलेगा।

पोर्टफोलियो में विविधता : टैक्स-सेविंग म्यूचुअल फंड में निवेश करने से आवश्यकतानुसार आपके पोर्टफोलियो में विविधता का लाभ मिलता है। टैक्स-सेविंग म्यूचुअल फंड मुख्य रूप से इक्विटी बाजार से जुड़ा होने के साथ-साथ यह विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों के शेयरों में निवेश करता है। आपके पास एक से अधिक ईएलएसएस में निवेश करने का विकल्प है। इसके अलावा आप जब चाहें किसी कमजोर फंड में निवेश करना बंद कर दूसरे फंड में जा सकते हैं।

ईएलएसएस अपने समकक्षों के बीच सबसे अच्छा पोस्ट-टैक्स रिटर्न भी देता है। ईएलएसएस में 1 लाख रुपये से अधिक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर 10% कर लगाया जाता है। हालांकि, जब एनएससी, एफडी और पीपीएफ जैसे अन्य पारंपरिक कर-बचत साधनों से तुलना करते हैं, तो दीर्घावधि में ईएलएसएस एक बेहतर विकल्प साबित होता है। हालांकि, निवेशक अपनी जोखिम उठाने की क्षमता पर विचार करना चाहिए।

-अर्चित गुप्ता, संस्थापक और सीईओ, क्लीयर टैक्स

अमर उजाला

प्रवाह

निर्भीक पत्रकारिता का आठवां दशक
स्थापना वर्ष : 1948

नई दिल्ली । सोमवार, 23 सितंबर 2019

उच्चतम शिक्षा वह है, जो हमें सिर्फ जानकारी ही नहीं देती बल्कि हमारे जीवन को सद्भाव के साथ अस्तित्व में लाती है।
-रवींद्र नाथ टैगोर





ह्यूस्टन में हुआ कार्यक्रम अमेरिका में नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का सुबूत होने के साथ भारतीय अमेरिकियों की ताकत का उदाहरण तो था ही, उसमें ट्रंप की मौजूदगी ने बताया कि अमेरिका भारत और वहां रह रहे भारतीय समुदाय को कितना महत्व देता है।

अमेरिका में भारत

टेक्सास के ह्यूस्टन शहर के एनआरजी फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित 'हाउडी मोदी' ('हाउ डू यू डू मोदी') प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय-अमेरिकियों के बीच संवाद का एक कार्यक्रम भर नहीं था, बल्कि यह भारत और अमेरिका की मजबूत दोस्ती का ताजातरीन उदाहरण भी है। दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए टेक्सास को चुना जाना इसलिए तो महत्वपूर्ण था ही कि यहां प्रवासी भारतीयों की संख्या बहुत अधिक है, अमेरिका के चौथे सबसे बड़े शहर और ऊर्जा, अंतरिक्ष विज्ञान तथा दवा के वैश्विक केंद्र के रूप में प्रसिद्ध ह्यूस्टन में कार्यक्रम का आयोजन प्रकारांतर से भारत की ताकत और महत्वाकांक्षा को भी ध्वनित करता था। बतौर प्रधानमंत्री मोदी इससे पहले न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वॉयर और सन जोसे में भारतीय समुदायों को संबोधित कर चुके थे। पर करीब पचास हजार की भीड़ के कारण ह्यूस्टन का कार्यक्रम उन दो आयोजनों की तुलना में विशाल तो था ही, शुरुआती दो कार्यक्रम सिर्फ भारतीय-अमेरिकियों तक ही सीमित थे। जबकि ह्यूस्टन में न केवल डोनाल्ड ट्रंप की मौजूदगी थी; पहली बार कोई अमेरिकी राष्ट्रपति किसी भारतीय प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में मौजूद था, बल्कि साठ से अधिक अमेरिकी सांसदों ने भी इसमें हिस्सेदारी की। यह अमेरिका में मोदी की अपार लोकप्रियता का सुबूत होने के साथ; उनसे पश्तो, बलोच और सिंधी कार्यकर्ताओं ने भी मुलाकात की, अमेरिका में रह रहे भारतीयों की एकजुटता और ताकत का भी उदाहरण था, इस आयोजन ने यह भी बताया कि अमेरिका भारत और वहां रह रहे भारतीय समुदाय को कितना महत्व देता है। बेशक अगले साल राष्ट्रपति चुनाव को देखते हुए खुद ट्रंप ने कार्यक्रम में शामिल होना जरूरी समझा हो, ताकि प्रवासी भारतीयों के वोट पा सकें। संख्या में अधिक न होने के बावजूद उच्च शिक्षा और मोटी आय के कारण अमेरिका में भारतीय समुदाय बेहद प्रभावशाली है, जिसके बड़े हिस्से ने पिछले चुनाव में हिलेरी क्लिंटन को वोट दिया था। फिर भी मोदी के कार्यक्रम में ट्रंप की मौजूदगी उनके लिए संदेश तो है ही, जो इस कार्यक्रम का विरोध कर रहे थे। यही नहीं, भारतीय और अमेरिकी अधिकारियों के बीच तनावपूर्ण व्यापार वार्ता तथा कश्मीर मुद्दे पर अमेरिकी आशंकाओं की पृष्ठभूमि में इस आयोजन की सफलता बहुत कुछ कह जाती है।

कुपोषण से मुक्ति के लिए

देश का मध्यवर्ग कुपोषण पर तभी बात करता है, जब इससे मौतें होती हैं। वर्ष 2017 में झारखंड में ग्यारह साल की एक लड़की संतोषी भात के लिए रो-रोकर मर गई। उसके परिवार के पास थोड़ा-सा भी चावल नहीं था। भोजन के अधिकार से जुड़े स्थानीय कार्यकर्ताओं के मुताबिक, संतोषी के परिवार का राशन कार्ड रद्द कर दिया गया था, क्योंकि वह उनके आधार नंबर से जुड़ा हुआ नहीं था। चूंकि दुर्गा पूजा के समय स्कूल में छुट्टी थी, इसलिए मिड डे मील मिलने का सवाल ही नहीं था। कहते हैं कि एक सप्ताह तक संतोषी को खाने के लिए घर में लगभग कुछ नहीं मिला। हालांकि स्थानीय अधिकारियों का कहना था कि संतोषी की मौत भूख से नहीं, मलेरिया से हुई। लेकिन विवाद बढ़ने पर झारखंड के मुख्यमंत्री ने मामले की जांच की घोषणा की। संतोषी की मृत्यु कुपोषण से मौत का पहला मामला नहीं थी। अगर उसे मलेरिया हुआ था, तब भी उसके जिंदा रहने की संभावना तभी होती, जब उसे न्यूनतम पोषण मिलता, जिससे कि बीमारी से जल्दी उबर पाने की उसमें क्षमता होती। बीमारी कुपोषित व्यक्ति को सबसे पहले शिकार बनाती है।

हम कुपोषण पर बात नहीं करते, क्योंकि यह महाशक्ति देश की बनी छवि की असलियत उजागर कर देता है, लेकिन वास्तविक आंकड़े अलग ही कहानी कहते हैं। यहां तक कि 2019 में भी कुपोषण हम भारतीयों के लिए इतना बड़ा जोखिम है कि पांच साल से कम उम्र के बच्चों की जितनी मौत होती है, उसके 68 प्रतिशत के लिए कुपोषण जिम्मेदार है। हालांकि 1990 से 2017 के बीच बच्चों में कुपोषण के कारण होने वाली मृत्यु दर में दो तिहाई कमी आई है। कुपोषण



देश की निचली वैश्विक रैंकिंग हमें जितनी चुभती है, भूख या चिकित्सा सुविधा के बगैर बच्चों की मौतें हमें उतनी शर्मिंदा नहीं करतीं। 'नए भारत' में इस मानसिकता से मुक्ति पानी होगी।



पत्रलेखा चटर्जी, वरिष्ठ पत्रकार

से होने वाली मौतों के मामले में उत्तर भारत के राज्य आगे हैं। द लैंसेट ऐंड एडोलोसेंट हेल्थ द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और असम में कुपोषण के कारण सबसे अधिक मौतें होती हैं। इनके बाद मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, नगालैंड और त्रिपुरा का नंबर आता है।

इस अध्ययन में इंडिया स्टेट लेवल डिजीज बर्डन इनीशिएटिव द्वारा भारत के हर राज्य में 1990 से 2017 तक बाल और मातृ कुपोषण के कारण कुपोषण के बढ़ते बोझ का विस्तृत अध्ययन किया गया है। यह अध्ययन रिपोर्ट सौ से अधिक भारतीय संस्थाओं के विशेषज्ञों ने तैयार की है, जिनमें भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया तथा वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के एक स्वतंत्र वैश्विक स्वास्थ्य शोध केंद्र इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स ऐंड इवोल्यूशन शामिल हैं। वर्ष 2017 में देश में बच्चों में बौनापन (उम्र के अनुरूप लंबाई न होना) 39 प्रतिशत था। गोआ में 21 प्रतिशत, तो उत्तर प्रदेश में 49 प्रतिशत बच्चे उम्र के हिसाब से छोटे कद के पाए गए थे। रिपोर्ट बताती है कि 1990 से 2017 के बीच बौनेपन में 2.6 फीसदी की सालाना कमी देखी गई। केरल में यह कमी चार प्रतिशत रही, तो मेघालय में 1.2 प्रतिशत। 1990 से 2017 के बीच देश के 33 फीसदी बच्चे कम वजन के पाए गए। मणिपुर में 16 फीसदी बच्चे कम वजन के थे, तो झारखंड में कम वजन के बच्चों का आंकड़ा सर्वाधिक 42 प्रतिशत था।

इस अवधि में कम वजन की समस्या में 3.2 फीसदी की सालाना कमी देखी गई। मेघालय में इस दौरान यह कमी सर्वाधिक 5.4 फीसदी रही, तो दिल्ली में 1.8 प्रतिशत। 1990 से 2017 के बीच देश के 60 फीसदी बच्चे एनीमिया (खून की कमी) से ग्रस्त पाए। मेघालय में 21 प्रतिशत बच्चों में खून की कमी पाई गई, तो हरियाणा में एनीमिया से ग्रस्त बच्चों का आंकड़ा सर्वाधिक 74 प्रतिशत था। हालांकि इस अवधि में बच्चों में एनीमिया में सालाना 1.8 प्रतिशत की कमी देखी गई; मिजोरम में इस दौरान बाल एनीमिया में 8.3 प्रतिशत की कमी आई।

कुपोषण का सबसे बड़ा संकेतक है जन्म के समय बच्चों का कम वजन। 2,500 ग्राम यानी ढाई किलो से कम वजन के नवजात को कम वजन का माना जाता है। वर्ष 1990 से 2017 के बीच पांच साल तक के 21 फीसदी बच्चे कम वजन के थे। अध्ययन के मुताबिक, इस दौरान मिजोरम में महज नौ फीसदी बच्चे कम वजन के पाए गए, तो उत्तर प्रदेश में कम वजन के बच्चों का आंकड़ा 24 प्रतिशत था। इंडिया स्टेट लेवल डिजीज बर्डन इनीशिएटिव के निदेशक ललित डंडोना कहते हैं, 'वैसे तो कुपोषण के सभी संकेतकों को गंभीरता से लेने की जरूरत है, लेकिन इनमें भी जन्म के समय कम वजन के निदान के लिए खास नीति बनाने की आवश्यकता है, क्योंकि बाल मृत्यु का सबसे बड़ा कारण यही है। यही नहीं, बाल कुपोषण के जितने भी संकेतक हैं, उनमें से नवजात बच्चों के कम वजन में कमी आने की दर सबसे कम है। नवजातों का कम वजन एक जटिल मुद्दा है और इसकी कई वजहें हैं, जो बच्चों की मां से जुड़ी हैं। गर्भधारण से पहले मांओं को पर्याप्त पोषण न मिलना, बचपन में कम पोषण और संक्रमण के कारण उनका कद छोटा होना तथा गर्भधारण के दौरान समुचित पोषण का अभाव-इन तमाम वजहों से नवजात कम वजन के होते हैं।'

जाहिर है, अगर हमें बाल कुपोषण खत्म करना है, तो गर्भधारण से पहले माताओं पर ध्यान केंद्रित करना होगा। 1990 से 2017 के बीच 54 प्रतिशत औरतें एनीमिया से ग्रस्त पाई गईं। औरतों में कुपोषण का कारण सिर्फ गरीबी और पैसे की कमी नहीं है। इसकी सामाजिक-सांस्कृतिक वजह भी है। पोषक खाद्य पदार्थों के मामले में हमारे यहां एक किस्म का अज्ञान तो है ही, लैंगिक भेदभाव भी औरतों में कुपोषण की वजह है। हमारे यहां लड़कियां और औरतें अंत में बचा-खुचा खाती हैं।

देश में अब एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति और एक राष्ट्रीय पोषाहार मिशन है। सितंबर महीने को पोषण महीने के रूप में मनाया जाता है। लेकिन अलग-अलग राज्यों पर केंद्रित कुपोषण से संबंधित जो अध्ययन हाल ही में जारी हुआ है, वह बताता है कि इससे मुक्ति के लिए व्यापक कदम उठाने की जरूरत है। विभिन्न मोर्चों पर देश की निचली वैश्विक रैंकिंग हमें चुभती है। लेकिन भूख से या चिकित्सा सुविधा के बगैर बच्चों की मौतें हमें शर्मिंदा नहीं करतीं। 'नए भारत' में हमें इस मानसिकता से मुक्ति पानी होगी।

अंतर्ध्वनि

>> विनोद कुमार शुक्ल

प्रत्येक रचना अपने आप में एक अधूरी यात्रा होती है

स्मृति को मैं जीवन में अनुभव के खजाने की तरह मानता हूं, आगे की जिंदगी खर्च करने के लिए इसकी जरुरत है। अगर भूलने से काम रुकता है, तो परेशानी होती है। रचनात्मकता में भूलना सहूलियत है। जब नया लिखते हैं तो अपना पहले का लिखा भूल जाते हैं। भूलना छलनी है, आपकी मौलिकता को बचाए रखने के लिए। भूलना रचनात्मकता का कवच है। इसमें बीती रचनाओं और दूसरों का प्रभाव उतना घातक नहीं होता। मुझे कुर्सी पर बैठने से तो झपकी आती है, लेटने से झपकी भी नहीं आती।



कंप्यूटर पर लिखना बंद हो गया है। रात में सोचता हूं, तो लगता है नींद में सपना देख रहा हूं। और जब सपना देखता हूं, तो लगता है सोच रहा हूं। एक सपना मुझे कुछ वर्ष पहले बहुत आता था कि मैं उड़ रहा हूं। कविता लिखते समय सोचना कि कविता लिखनी है, मेरे लिए बहुत कठिन होता है। उपन्यास लिखते समय मैं आसानी से कविता लिख पाता हूं। उपन्यास लिखना उपन्यास के साथ साथ कविता लिखना भी है। लिखना एक लगातार यात्रा की तरह है, जो कभी खत्म नहीं होगी। परंतु, प्रत्येक रचना अपने आप में एक अधूरी यात्रा होती है। लिखना निकल पड़ने की यात्रा है, जिसमें उसी जगह लौटना नहीं होता। इस यात्रा में हम सबकुछ नहीं देख पाते जैसे सबकुछ लिख नहीं पाते। जिसे देखा जाना है उसे देखते हैं और जानबूझकर अनदेखा जैसा छूटता रहता है। लिख लेने के काफी दिनों बाद, जो कुछ भी लिखा जाता है वह फिर अच्छा नहीं लगता। आलोचना की पहरेदारी से बचकर भी ज्यादातर रचनाएं आखिरकार स्वतंत्र होकर पाठकों तक पहुंच जाती हैं। पाठकों को सोचकर मैंने कभी रचना नहीं की, जो लिख सकता था वही लिखा। मेरे लिखे हुए पात्र ज्यादातर मेरे देखे हुए या जाने-पहचाने हैं। इसके अलावा वे पात्र हैं, जिन्हें देखने की आशा करता था। मैं अपने लिखे में हर जगह उपस्थित हूं।

-चर्चित हिंदी कवि।

मंजिलें और भी हैं

>> बी. रमन्ना राव

गरीबों के उपचार के लिए डॉक्टर बन गया

उस समय मैं करीब छह वर्ष का था। मेरे पिता कर्नाटक में कृष्णा नदी पर बने तुंगभद्रा डैम के मुख्य इंजीनियर थे। तब डैम पर सुविधाएं लगभग नगण्य थीं। न बिजली, न पानी और न ही अच्छे घर। हम डैम के पास ही बने पापा के कैंप कार्यालय में रहते थे। मैं अक्सर देखता था कि डैम के आसपास रहने वाले मजदूर और गरीब लोग बीमार होने या चोट लगने पर पापा के पास इलाज के लिए आते थे। पापा को दवाओं के बारे में थोड़ी-बहुत जानकारी थी, तो वह उनका तात्कालिक इलाज कर देते। बाद में वे लोग शहर जाकर इलाज करवाते थे। यह सब देखते हुए मैं पापा से अक्सर पूछता था कि कैसे इन गरीब लोगों की मदद की जा सकती है। इस पर पापा कहते थे कि डॉक्टर बनकर इनकी बीमारियों का समाधान कर सकते हो। मेरा जन्म हैदराबाद में हुआ। मेरे माता पिता आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले के थे। मैं पेशे से कार्डियोलॉजिस्ट हूं और वर्तमान में बंगलूरू में रहता हूं। पापा के कहे अनुसार मैंने पढ़ाई की। पढ़ाई के दौरान नौकरी का विचार तो था ही, गरीब और असहाय लोगों की सहायता करना उससे भी ऊपर था। तो हुआ यों कि 15 अगस्त, 1973 को पढ़ाई खत्म होने के बाद मुझे एमबीबीएस की डिग्री मिली। उसके अगले ही दिन पापा ने गरीब व असहाय लोगों के लिए मेरे फ्री क्लीनिक का उद्घाटन कर दिया। नि:शुल्क चिकित्सा सेवा का सिलसिला डॉक्टर बनने के अगले दिन से ही शुरू हो गया। क्लीनिक पहले एक टेंट में शुरू हुआ, जो बंगलूरू से तकरीबन पैंतीस किलोमीटर दूर टी-बेगुड़ में था। वहां मैंने प्रत्येक रविवार को गरीबों लोगों का इलाज करना शुरू किया, जो अनवरत जारी है। हर रविवार को क्लिनिक पर आसपास के हजार से ज्यादा मरीज अपनी विभिन्न तरह की समस्याओं के साथ आते हैं। मरीज रात तीन बजे से ही लाइन में लगना शुरू हो जाते हैं, जहां बिना किसी शुल्क के इनका इलाज करता हूं। रविवार के इतर दिनों में भी गरीब और असहाय लोगों से इलाज के पैसे नहीं लेता हूं। इन लोगों का इलाज करने के दौरान मेरे समझ में आया कि इनकी बीमारियां गंदगीजनित होती हैं। तो मैंने सोचा कि खाली दवा देकर बीमारी ठीक करना काफी नहीं है। इसलिए मरीजों को गंदगी के प्रति जागरूक करने का काम भी शुरू किया। साथ ही कई गांवों में पक्के टॉयलेट बनवाए, क्योंकि गांव में टॉयलेट न होने से सबसे ज्यादा दिक्कतें महिलाओं को हो रही थीं। पीने के स्वच्छ पानी के लिए चार बोरवेल का निर्माण करवाया, जिससे लगभग सोलह गांव के लोग पानी का उपयोग करते हैं। हमने अस्सी से पचासी वर्ष के बूढ़े लोगों के लिए वॉक विद् डिग्निटी कार्यक्रम शुरू किया है। वहीं गांव में पढ़ने वाले बच्चों को अध्ययन सामग्री भी मुहैया करवाता हूं। मेरा पूरा परिवार रविवार को क्लिनिक में काम करता है। मेरे बेटे बेटे चरित और अभिजीत भी गरीबों का नि:शुल्क इलाज करते हैं। मेरी पत्नी के साथ पोता भी पूरे दिन हमारे साथ मौजूद रहता है, जो इलाज कराने आए गरीबों को टोकन देता है। इस क्लिनिक को एक दिन नि:शुल्क चलाने के लिए कई दवा कंपनियां दवाओं की खरीद में मेरी मदद करती हैं, बाकी का खर्च मैं और मेरे बेटे स्वयं उठाते हैं। गुणवत्तापूर्ण सस्ती स्वास्थ्य सेवा आज देश की एक बुनियादी आवश्यकता है, और मेरा मानना है कि अधिक डॉक्टरों को गरीबों के मुफ्त इलाज की पेशकश के लिए आगे आना चाहिए। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए समग्र स्वास्थ्य सेवा की आवश्यकता है। चिकित्सा को स्वस्थ भोजन, शिक्षा और स्वच्छता के साथ जोड़ा जाना चाहिए। तभी दवा प्रभावी होगी और प्रगति के साथ आर्थिक सशक्तिकरण में मदद करेगी।



मेरा मानना है कि गरीबों के मुफ्त इलाज के लिए अधिक से अधिक डॉक्टरों को आगे आना चाहिए।

-पद्मश्री से सम्मानित डॉक्टर के विभिन्न साक्षात्कारों पर आधारित।

वीआईपी कल्चर के विरुद्ध

सोशल मीडिया पर यह वीडियो शायद पिछले कई महीनों से वायरल हो रहा है, लेकिन मुझे पिछले ही सप्ताह यह वीडियो किसी ने भेजा। इसमें दिल्ली पुलिस के जवानों ने एक एंबुलेंस को नाके पर रोक रखा है और उस एंबुलेंस का ड्राइवर उनसे मिन्नतें कर रहा है कि जिस बच्चे को वह अस्पताल लेकर जा रहा है, उसकी हालत गंभीर है। अंदर एक बच्चा बेहोश दिखाई देता है, जिसके पास उसका पिता बैठा है, जो हाथ जोड़कर पुलिस वालों से कहता दिखता है कि बच्चे का खून बह रहा है, सो एंबुलेंस का फौरन निकलना जरूरी है। इतने में सड़क पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो जाती है और लोग पुलिस वालों पर दबाव डालने लगते हैं, लेकिन एंबुलेंस को निकलने की इजाजत इसलिए नहीं मिलती, क्योंकि किसी वीआईपी राजनेता के काफिले के लिए रूट बंद कर दिया गया है।

वीडियो देखकर मुझे रोना भी आया और गुस्सा भी। मैंने जब यह वीडियो ट्वीटर पर डाला, तो ऐसी ही भावनाएं दूसरे लोगों ने भी व्यक्त कीं। लेकिन भाजपा के कुछ समर्थक ऐसे भी थे, जिन्होंने मुझे गालियां दीं और मुझ पर फेक न्यूज फैलाने का इल्जाम लगाया। उनकी शिकायत थी कि एक वरिष्ठ पत्रकार होने के नाते मुझे यह तो मालूम करना चाहिए था कि वीडियो पुराना है और एंबुलेंस भाजपा के किसी नेता के लिए नहीं रोकी गई थी, बल्कि किसी विदेशी राष्ट्रपति के काफिले के गुजरने के लिए रूट बंद किया गया था। ट्वीटर पर अक्सर ऐसे लोग ऊंचे स्वर में ट्वीट करते हैं, जो कुएं के मेंढक होते हैं। सो उनको मालूम नहीं कि इस तरह का वीआईपी कल्चर सिर्फ उन देशों में दिखता है, जो कभी गुलाम हुआ करते थे।

दिल्ली वालों को रोज किसी न किसी नाके पर रोका जाता है और सुरक्षा के बहाने किसी वीआईपी के काफिले को प्राथमिकता मिलती है। वह दिन कब आएगा, जब दिल्ली की सड़कों से वीआईपी रूट लगाए जाने की गलत परंपरा खत्म होगी?



तवलीन सिंह

जल्दी ही हमारे प्रधानमंत्री संयुक्त राष्ट्र की आमसभा में शामिल होने न्यूयॉर्क पहुंचेंगे। दुनिया के सबसे बड़े राजनेता उस महानगर में उपस्थित होंगे, लेकिन उनके काफिले के लिए सड़कें बंद नहीं की जाएंगी। उनकी सुरक्षा कड़ी रहेगी, लेकिन आम लोगों के लिए असुविधा सिर्फ इतनी होगी कि जिस इमारत में संयुक्त राष्ट्र का दफ्तर है, उसके आसपास आना-जाना मुश्किल होगा। नरेंद्र मोदी जब 2014 में पहली बार वहां गए थे, तो मैं न्यूयॉर्क में थी। सो मैंने अपनी आंखों से देखा था कि आम नागरिक को तंग किए बगैर किस तरह विश्व के सबसे शक्तिशाली राजनेताओं को सुरक्षा दी जाती है। किसी राजनेता के काफिले के लिए एंबुलेंस रोकना अपराध माना जाता है। हमारे राजनेताओं को वीआईपी कल्चर की इतनी आदत है कि दिवंगत नरसिंह राव बतौर प्रधानमंत्री जब पहली बार दावोस गए, तो हमारी सरकार ने स्विस सरकार से पूरा रूट बंद करने की दरखास्त की थी। लेकिन उस अनुरोध को खारिज कर दिया गया। दावोस में जब यह खबर फैली, तो हम भारतीयों को शर्मिंदगी महसूस हुई। वह दिन कब आएगा, जब हमारे राजनेताओं को शर्मिंदगी महसूस होगी?

नरेंद्र मोदी खुद को प्रधान सेवक मानते हैं। वह दिन कब आएगा प्रधान सेवक जी, जब आप दिल्ली की सड़कों से वीआईपी रूट लगाए जाने की यह गलत परंपरा खत्म करके दिखाएंगे? दिल्ली वालों को रोज किसी न किसी नाके पर रोका जाता है और सुरक्षा के बहाने किसी वीआईपी के काफिले को प्राथमिकता मिलती है। सुरक्षा वास्तव में बहाना है। असली चिंता इन वीआईपी राजनेताओं को अपनी शान की है। उनकी अपनी नजरों में उनका स्थान इतना ऊंचा होता है कि वे कल्पना नहीं कर सकते कि बिना रूट बंद किए उनका काफिला पूरी सुरक्षा के साथ गुजर सकता है। इस कारण किसी गरीब का बच्चा मर जाता है, तो उनको क्या! उनकी झूठी शान बच्चे की जान से ज्यादा है।

खुली खिड़की

कंपनियों में कर्मचारी

इंटरनेट के बढ़ते प्रयोग के साथ इंटरनेट आधारित कंपनियों ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। इन कंपनियों में पूर्णकालिक कर्मचारियों की संख्या के मामले में अमेजन शीर्ष पर है।



स्रोत : याहू फाइनेंस डॉट कॉम/ विभिन्न स्रोत

सही निर्णय

राजा फिलिप अपने दरबार में स्वयं मुकदमे सुनकर न्याय करते थे। एक दिन राज्य के दो नागरिकों का मुकदमा उनके सामने पेश किया गया। दोनों अपना-अपना पक्ष प्रस्तुत कर रहे थे। एक व्यक्ति जब अपनी बात कह रहा था तो राजा को नींद की झपकी आ गई। जब उनकी आंखें खुली तो दूसरे पक्ष के व्यक्ति का बयान शुरू हो चुका था। राजा ने उसके बयान को सच मानकर दूसरे व्यक्ति को सजा सुना दी। दूसरे व्यक्ति ने अपने खिलाफ फैसला सुनते ही कहा, राजन आपका निर्णय न्यायपूर्ण नहीं है। मैं इसके विरुद्ध अपील करना चाहता हूं। यह सुनते ही दरबार में सन्नाटा छा गया। पहली बार किसी नागरिक ने राजा के निर्णय को चुनौती दी थी। राजा ने उससे पूछा, यहां किसी भी मामले में मेरा निर्णय अंतिम होता है। तुम किसके यहां मेरे निर्णय के खिलाफ अपील करोगे? इस पर नागरिक ने कहा, महाराज मैं सोए हुए राजा के निर्णय के विरुद्ध जागे हुए राजा फिलिप के दरबार में अपील करूंगा। क्योंकि मेरा जब बयान हो रहा था, तब आप सोए हुए थे। आपने मेरा पूरा बयान नहीं सुना और निर्णय सुना दिया। अब आप जाग गए हैं, मैं दोबारा बयान दूंगा। मेरी भी बात सुन लें, तब निर्णय दें। इतना सुनते ही राजा फिलिप को अपनी भूल का एहसास हुआ। उन्होंने अपनी भूल स्वीकार की, इसके बाद उस नागरिक का दोबारा बयान दर्ज किया गया। उसका पक्ष सुनने के बाद राजा ने उसे आरोपमुक्त कर दिया।

सत्संग

-संकलित।

हरियाली और रास्ता

वामन, गुरु जी और पत्थर

यह कहानी वामन की है, जिसे गुरु की एक परीक्षा ने जीवन के सही मार्ग से परिचय कराया।



वामन नदी किनारे बसे एक छोटे से गांव में रहता था। वह बहुत मेहनती था। पूरा गांव उसकी तारीफ करता था और सभी को अपेक्षा थी कि वह एक दिन गांव का नाम रोशन करेगा। वामन की इस सफलता के पीछे उसके गुरु जी थे, जिनको वह बहुत मानता था। एक बार वामन ने गुरु जी से पूछा, क्या मैं भी बड़ा आदमी बन पाऊंगा? गुरु जी बोले, मैं तुम्हारे इस सवाल का जवाब तब दूंगा, जब तुम मेरी एक परीक्षा में उत्तीर्ण होओगे। नदी के तट पर ढेरों पत्थर पड़े रहते हैं। ज्यादातर पत्थर ठंडे होते हैं, पर लाखों में एक पत्थर होता है, जो नदी में होने के बावजूद गर्म होता है। अगर तुम एक भी जीवंत पत्थर मेरे पास ले आओगे, तो मैं तुम्हारे प्रश्न का उत्तर जरूर दूंगा। पत्थर की तलाश में एक सप्ताह गुजर गया। गांव के तमाम लोग आश्चर्य में पड़ गए कि गुरु जी ने वामन को कैसी चुनौती दे दी। करीब तीन सप्ताह बीतने के बाद वामन के हाथ में अंततः एक पत्थर आया, जो गर्म था। लेकिन जब तक वामन यह बात समझ पाता कि वह पत्थर गर्म है, तब तक आदत के अनुरूप वह उस पत्थर को नदी में उछाल चुका था। वह गुरु जी के पास गया और उनको उसने सारी घटना सुनाई। गुरु जी हंसने लगे। वामन ने मायूस होकर गुरु जी से पूछा, क्या आप मेरी अक्षमता पर हंस रहे हैं? गुरु जी मुस्कराए और वामन के सिर पर हाथ फिराते हुए बोले, नहीं वामन। मैं तो बस तुम्हें सफल होने का मार्ग दिखाना चाह रहा था। तुम्हारे सवाल का जवाब आज तुम्हें खुद ही मिल गया। अक्सर हम जिंदगी में छोटी-छोटी सफलताओं, छोटी-छोटी परिस्थितियों के इतने आदी हो जाते हैं कि सफल होने का अवसर कब हमारे हाथ में आया और कैसे झट से निकल गया, यह हमें पता ही नहीं चल पाता। जो व्यक्ति अपने इस क्षण को पूरे होश में जिए, वही अंत में सफलता को प्राप्त करता है।

मेहनत के साथ-साथ दिशा और उद्देश्य भी सफलता के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।

अमेरिका में गूंजा वंदेमातरम



ह्यूस्टन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहली बार मंच साझा कर भारत-अमेरिकी दोस्ती का नया अध्याय रचा। दोनों ने दोस्ती को नई ऊंचाई तक पहुंचाने के संकल्प के साथ विकास में साझेदारी और आतंक के खिलाफ साझा संघर्ष का संकल्प जताया।

बह रही है नई हवा और सभी के लिए होगा नया कश्मीर : मोदी

कश्मीरी पंडितों से मिले प्रधानमंत्री मोदी, बदलाव का दिया भरोसा

हाउडी मोदी

कहा, 30 साल से नए कश्मीर के लिए आपने बहुत कुछ सहा है

ह्यूस्टन। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में हिस्सा लेने अमेरिका पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीरी पंडितों के 17 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से खास मुलाकात की। पीएम ने उनसे कहा, कश्मीर में नई हवा बह रही है और हम सभी मिलकर एक नया कश्मीर बनाएंगे, जो सभी के लिए होगा। प्रतिनिधिमंडल में पूरे अमेरिका से कश्मीरी पंडित जुटे थे।

मोदी ने समुदाय को 30 साल से ज्यादा धैर्य रखने के लिए धन्यवाद भी दिया। कश्मीरी पंडितों का प्रतिनिधित्व कर रहे सुरिंदर कौल के अनुसार, पीएम ने कहा कि आपने नया कश्मीर बनाने के लिए बहुत कष्ट सहा है। हमारे युवाओं ने उन्हें वे संदेश दिए जो समुदाय ने तैयार किए थे। बोस्टन से आए ललित कौल ने कहा, पीएम ने नई उम्मीद जगाई है।

पंडित बोले-7 लाख लोग मोदी के कर्जदार : कश्मीरी पंडितों ने मोदी को शॉल भी भेंट की। एक प्रतिनिधि ने पीएम का हाथ चूम लिया। शिष्टमंडल ने मोदी से कहा, सात लाख कश्मीरी पंडित आपके ऋणी रहेंगे। कश्मीरी पंडितों ने 'नमस्ते शारदा देवी' श्लोक पढ़ा।



ह्यूस्टन में रविवार को कश्मीरी पंडितों से मुलाकात करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

अमेरिकी सांसद ने कहा, लोकतंत्र का साझा आधार

हाउडी मोदी कार्यक्रम में अमेरिकी सांसद स्टेनी होयर ने कहा, हम दोनों ही देशों का संविधान तीन शब्दों से शुरू होता है, वी द पीपल। उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका कई मामलों में एक समान हैं। भारत और अमेरिकी लोकतंत्र का आधार महात्मा गांधी की परिभाषा पर आधारित है। हमारे संबंधों का केंद्र व्यक्ति से व्यक्ति का संवाद है। आप लोगों की वजह से ही भारत हमारा साझीदार और दोस्त भी है। दोनों एक-दूसरे को प्रोत्साहित करते रहेंगे।

करतारपुर कॉरिडोर : सिखों ने जताया पीएम का आभार

सिख समुदाय ने मोदी से मुलाकात में करतारपुर कॉरिडोर के लिए आभार जताया। उन्होंने पीएम से 1984 के सिख विरोधी दंगों, अनुच्छेद 25 और आनंद मैरिज एक्ट, वीजा-पासपोर्ट जैसे मुद्दे भी उठाए।



मेयर ने पीएम को सौंपी ह्यूस्टन की चाबी

पीएम मोदी को ह्यूस्टन के मेयर सिल्वेस्टर टर्नर ने शहर की चाबी सौंपी। इस परंपरा के जरिए उन्होंने मोदी के प्रति सम्मान और भरोसा दिखाया। इसका अर्थ है - शहर में अपनी मर्जी से आने और जाने की स्वतंत्रता यानी चाबी पाने वाला शहर का सच्चा दोस्त है। कार्यक्रम में ट्रंप के अलावा 60 के करीब डेमोक्रेट और रिपब्लिकन अमेरिकी सांसद मौजूद रहे। राष्ट्रपति भी लगभग 100 मिनट के पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

जमीन पर गिरे फूल को उठाकर दिया स्वच्छता का संदेश

पीएम मोदी ने अमेरिका की धरती से भी स्वच्छता का संदेश दिया। एयरपोर्ट पर स्वागत के दौरान एक महिला अधिकारी ने पीएम को गुलदस्ता भेंट किया। इस दौरान उसमें से एक फूल की डाली नीचे गिर गई। मोदी ने उसे खुद उठाकर अपने सहयोगी को दे दी। पीएम को अमेरिका में ग्लोबल गोलकीपर्स अवॉर्ड दिया जाएगा।



लोगों में भारी उत्साह

मोदी का पोस्टर लेकर कार्यक्रम में पहुंचे भारतवंशी।

थरूर बोले-पीएम सम्मान के हकदार

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा, पीएम जब देश के प्रतिनिधि के तौर पर विदेशी दौरों पर जाते हैं तो वह सम्मान के हकदार हैं, पर जब वह देश में होते हैं तो लोगों को उनसे सवाल पूछने का पूरा हक है।

विविधता भारत की पहचान

ह्यूस्टन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे देश में भाषा ही सामूहिक संस्कृति का आधार है। अलग-अलग भाषाएं हमारी पहचान हैं, हमारी ताकत हैं। विविधता भारत के जीवंत लोकतंत्र का प्रतीक है।

पीएम ने कहा, आप अगर मुझसे पूछेंगे कि हाउडी मोदी (आप कैसे हैं मोदी), तो मेरा मन कहता है कि भारत में सब अच्छा है। इन पंक्तियों को हिंदी, बंगाली, गुजराती, संस्कृत, कन्नड़, मलयाली, पंजाबी, अंग्रेजी समेत आठ भाषाओं में दोहराया। मोदी ने कहा, इसका अर्थ यही है कि एवरीथिंग इज फाइन।

मोदी ने कहा, 21वीं सदी में देश को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए मंत्र है विकास। यह मोदी नहीं, भारतीयों की वजह से संभव हुआ है। देश का सबसे बड़ा मंत्र है-सबका साथ-सबका विकास। आज भारत का सबसे बड़ा नारा संकल्प से सिद्धि है और संकल्प न्यू इंडिया है। इसके लिए हम किसी और से नहीं, खुद से मुकाबला कर रहे हैं। ह्यूस्टन में पीएम मोदी ने कहा कि धैर्य हमारी पहचान, लेकिन अब हम विकास के लिए अधीर हैं।



कार्यक्रम के बाद हाथ पकड़कर स्टेडियम का चक्कर लगाते मोदी-ट्रंप।

ट्रंप की तारीफ...बताया, अद्भुत-अकल्पनीय

इससे पहले मोदी ने अपने परंपरागत दोस्त अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्वागत करते हुए उन्हें अद्भुत और अविश्वसनीय बताया। उन्होंने कहा, ट्रंप का लक्ष्य अमेरिका को फिर से महान बनाने का है और वह अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। मोदी ने कहा, मैं जब भी ट्रंप से मिला हूं, इनका व्यवहार गर्मजोशी से भरा, ऊर्जापूर्ण और दोस्ताना रहा है। मैं इनके नेतृत्व की तारीफ करता हूं। सीईओ से कमांडर इन चीफ, बोर्ड रूम से ओवल ऑफिस तक उन्होंने हर जगह अपनी छाप छोड़ी है। आज वह हमारे साथ हैं। ट्रंप ने 2017 में मुझे अपने परिवार से मिलाया था। मगर, मुझे आज उन्हें अपने परिवार के हजारों सदस्यों से मिलाने का मौका मिला है। पीएम मोदी ने कहा, भारत अमेरिका सच्चे मित्र हैं। ट्रंप अमेरिका को फिर से महान बनाने निकले हैं। उन्होंने अमेरिका की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया है।

विपक्ष पर तंज

पीएम ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, भारत कुछ ऐसे लोगों की सोच बदलने की कोशिश कर रहा है, जो सोचते थे कि भारत में कुछ बदल नहीं सकता। अब भारत बदल रहा है। नए भारत की नींव रखी जा चुकी है।



स्टेडियम में उपस्थित जनसमूह ने मोदी शब्द की आकृति भी बनाई।

आपसे प्रेम करते हैं, हमेशा समर्थन देंगे : ट्रंप

ह्यूस्टन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खचाखच भरे स्टेडियम में अपना भाषण शुरू करते हुए कहा कि वे इस विशाल आयोजन में शामिल होकर रोमांचित हैं। पृथ्वी के सबसे बड़े चुनाव में 60 करोड़ भारतीयों द्वारा चुने गए प्रधानमंत्री मोदी का साथ आना खास है। ट्रंप ने भारतीयों को सीधे संबोधित करते हुए कहा, 'हम आपसे प्रेम करते हैं। आपको समर्थन करते हैं और हमेशा आपके साथ खड़े रहेंगे। व्हाइट हाउस में भारत का एक दोस्त है, उसका नाम है ट्रंप। और यह बात मोदी भी जानते हैं।'

लोकतंत्र की क्षमताएं असीमित

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और भारत मिलकर साबित कर रहे हैं कि लोकतंत्र की क्षमताएं असीमित हैं। दोनों देश आज जब अपने संबंधों को गहरा कर रहे हैं, वे अपने लोगों, बच्चों और भविष्य के बारे में सोच रहे हैं। हमारा यह सहयोग न केवल लाखों लोगों को गरीबी से उबारेगा, बल्कि विश्व को भी नई तकनीक और बेहतर भविष्य की ओर ले जाएगा।

एक जैसे सुधार : ट्रंप ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत एक मजबूत राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। एक दशक में भारत सरकार ने 30 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला है। 14 करोड़ परिवार अगले 10 साल में समृद्ध होंगे। हम दोनों अपने यहां से लाल फीताशाही को खत्म कर रहे हैं, नौकरीशाही को नियंत्रित कर रहे हैं। अमेरिका में हमने कई नियम खत्म किए जिनसे हजारों नौकरियां पैदा हो सकीं। न्यूनतम वेतन दर बढ़ाने से कामगारों को 1 हजार डॉलर अतिरिक्त मिल रहे हैं, वहीं टैक्स में कमी से भी सालाना तीन हजार डॉलर का फायदा हो रहा है। टैक्सस के इतिहास में बेरोजगारी दर सबसे कम है, अमेरिका में भी पिछले 51 वर्षों की सबसे कम बेरोजगारी दर है, हम जल्द सबसे कम दर हासिल करने का रिकॉर्ड बनाएंगे। खास बात है कि बीते दो वर्ष में भारतीय-अमेरिकी समुदाय में बेरोजगारी दर में 33 प्रतिशत कमी आई है। अमेरिकी कर्मचारियों केलिए हमने 1.4 करोड़ रोजगार का वादा किया था, प्रशिक्षण देने का वादा किया था। हमने सबसे बड़ा टैक्स सुधार किया है। एजेंसी



मासूम को गोद में उठाया

अमेरिकी भारतीय परिवार से मुलाकात के दौरान पीएम ने शिशु को गोद में उठाकर दुलार किया।



सुबह से ही लंबी कतार

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लोगों की कतार सुबह से ही लगने लगी थी।


पेट्रोनेट अमेरिकी ऊर्जा कंपनी में करेगी 2.5 अरब डॉलर का निवेश

ह्यूस्टन। अमेरिकी प्राकृतिक गैस कंपनी टेल्यूरियन और भारत की पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के साथ तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के लिए सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। अमेरिकी तेल और गैस कंपनी की राजधानी कहे जाने वाले ह्यूस्टन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की दिग्गज ऊर्जा कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ मुलाकात के बाद यह करार हुआ। समझौते के मुताबिक, पेट्रोनेट 40 साल तक हर साल 50 लाख मीट्रिक टन एलएनजी खरीदने के अधिकार के बदले टेल्यूरियन की प्रस्तावित ड्रिफ्टवुड एलएनजी एक्सपोर्ट टर्मिनल में 2.5 अरब डॉलर का निवेश करेगी।

दोनों कंपनियां इस समझौते को 31 मार्च, 2020 तक अंतिम रूप देंगी। टेल्यूरियन की सहयोगी कंपनी ड्रिफ्टवुड में पेट्रोनेट की करीब 20 फीसदी हिस्सेदारी भी होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने बताया कि बैठक में 17 ऊर्जा कंपनियों के सीईओं ने हिस्सा लिया। एक हजार अरब डॉलर मूल्य वाली इन कंपनियों की मौजूदगी दुनिया के 150 देशों में है। एजेंसी



ह्यूस्टन अमेरिकी कंपनियों के सीईओ के साथ बैठक करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।



'गांधीजी' ने भी दिया दोस्ती का संदेश

कार्यक्रम से पहले गांधीजी का रूप धरकर पहुंचे रमेश मोदी ने भारत और अमेरिका के झंडे थामकर दोनों देशों की बढ़ती दोस्ती का संदेश दिया।

दुर्लभ बीमारी से ग्रस्त स्पर्श शाह ने व्हीलचेयर पर गाया राष्ट्रगान

ह्यूस्टन। जन्म से ही दुर्लभ बीमारी से ग्रस्त 16 वर्षीय स्पर्श शाह ने व्हीलचेयर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुचर्चित कार्यक्रम हाउडी मोदी में भारतीय राष्ट्रगान गाया। स्पर्श ने बताया कि वह प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर काफी खुश हैं। दरअसल मां के गर्भ में रहने के दौरान ही स्पर्श ऑस्टियोजेनेसिस इम्परफेक्टा बीमारी के शिकार हो गए थे। इस बीमारी में हड्डियां काफी कमजोर होती हैं और आसानी से टूट जाती हैं। अब तक उनकी 130 हड्डियां टूट चुकी हैं। स्पर्श शाह ने इस बीमारी को अपनी रचनात्मकता में कभी आड़े नहीं आने दिया। महज साढ़े छह साल की उम्र में उन्होंने पहला भाषण दिया था। इसके साथ ही कौन बनेगा करोड़पति के ग्रैंड फिनाले में भी वह परफॉर्म कर चुके हैं। न्यूजर्सी निवासी शाह गायक, गीतकार और मोटिवेशनल स्पीकर हैं। शाह अमेरिकी रैपर बनना चाहते हैं और एक अरब लोगों के सामने परफॉर्म करना चाहते हैं। एजेंसी



...जब स्वागत में खड़े बच्चे ने ट्रंप और मोदी को रोककर ली सेल्फी



जिस समय ट्रंप और मोदी मंच की ओर जा रहे थे तो रास्ते पर दोनों नेताओं के स्वागत में खड़े लोगों के बीच मौजूद भारतीय मूल के बच्चे ने दोनों का रास्ता रोक सेल्फी ली। बच्चे की इच्छा को ध्यान में रखते हुए मोदी और ट्रंप उसके साथ आ खड़े हुए और तस्वीर खिंचाई।

न्यूज डायरी

36 और राफेल विमान खरीदेगी सरकार

नई दिल्ली। मोदी सरकार ने फ्रांस से 36 और राफेल विमान खरीदने का फैसला किया है। इंडियन डिफेंस रिसर्च विंग की रिपोर्ट के मुताबिक अगले साल के शुरू में नया ऑर्डर जारी किया जाएगा। इसके बाद भारत में 72 राफेल विमान हो जाएंगे। एजेंसी



हिरासत में रखे गए कश्मीरी नेता मजे में हैं : जितेंद्र सिंह

जम्मू। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा हटाए जाने के बाद कश्मीरी नेताओं को गिरफ्तार नहीं किया गया है, बल्कि उन्हें गेस्टहाउस में हिरासत में रखा गया है। वह मजे में हैं और उन्हें मनपसंद फिल्म और खाना मुहैया कराया जा रहा है। हम उन्हें हॉलीवुड की सीडी, जिम सुविधा भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन नेताओं और कार्यकर्ताओं को 18 महीने से ज्यादा हिरासत में नहीं रखा जाएगा। एजेंसी

संघ के विजयादशमी कार्यक्रम में शिव नाडर होंगे मुख्य अतिथि

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मुख्यालय में होने वाले विजयादशमी कार्यक्रम में दिग्गज आईटी कंपनी एचसीएल के प्रमुख शिव नाडर मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम 8 अक्टूबर को होगा। बीते साल नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी को चीफ गेस्ट बनाया गया था। एजेंसी



ऑनलाइन पोल

amarujala.com पर

क्या राजनीतिक और प्रशासनिक सरपरस्ती के बगैर किसी भी बड़े संगठित अपराध को अंजाम दिया जा सकता है?

(1) हां (2) नहीं

पिछले पोल का रिजल्ट

क्या ऑनलाइन वेब सीरिज पर भी सेंसरशिप लागू होना चाहिए?

हां 75.27%

नहीं 24.73%

amarujala.com पर ये भी देखें...

दुनिया की सबसे महंगी जेल, जहां सिर्फ एक कैदी पर सालाना खर्च होते हैं 93 करोड़ रुपये

कौन हैं ममता के चहेते आईपीएस राजीव, जिन्हें सीबीआई करना चाहती है गिरफ्तार

खबरें विस्तार से पढ़ने के लिए स्मार्टफोन के कैमरे या QR Code स्कैनर से स्कैन करें

आयकर विभाग का ई-मेल साफ कर सकता है आपका बैंक खाता

बरतें सावधानी, सरकारी साइबर सिक्योरिटी एजेंसी ने फर्जी मेल के लिए जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली। अगर आपको आयकर विभाग की तरफ से कोई ई-मेल मिला है, तो उसे खोलने से पहले दस बार सोचिएगा। दरअसल आयकर विभाग के नाम पर एक फिशिंग (फर्जी) ई-मेल इस समय भारतीय साइबर स्पेस में घूम रहा है, जिस पर क्लिक करते ही आपका कंप्यूटर, मोबाइल या लैपटॉप सूचनाएं चुराने वाले एक वायरस का शिकार हो जाएगा। यह चेतावनी केंद्रीय साइबर सुरक्षा एजेंसी ने जारी की है।

भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इन) ने कहा है कि 12 सितंबर से एक फिशिंग और मेलवेयर अभियान भारतीय साइबर स्पेस सक्रिय हुआ है, जो भारतीय वित्तीय संस्थानों और लोगों के व्यक्तिगत खातों को निशाना बना रहा है।

वरिष्ठ टैक्स अधिकारी ने भी कहा कि साइबर अपराधियों की तरफ से आयकर विभाग के नाम से फर्जी लिंक भेजना एक आम बात है, क्योंकि अमूमन लोग अपने टैक्स रिटर्न, रिफंड और विभाग से जुड़ी अन्य कार्रवाईयों को लेकर बेहद चिंतित और गंभीर रहते हैं। इसीलिए वे लिंक पर बिना सोचे तत्काल क्लिक कर देते हैं।

उन्होंने कहा कि विभाग ऐसे फर्जीवाड़ों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चला रहा है। एजेंसी

इन सब्जेक्ट लाइन वाले ई-मेल से रहें दूर



इम्पॉर्टेंट : इन्कम टैक्स आउटस्टैंडिंग स्टेटमेंट्स ए.वाई. 2017-18

इम्पॉर्टेंट : टैक्स स्टेटमेंट एक्सएमएल पैन एक्सएक्सएक्स895एक्स.पीआईएफ

इम्पॉर्टेंट : इन्कम टैक्स स्टेटमेंट एक्सएमएल.आईएमजी

इन दो एक्सटेंशन वाले मेल से बचें

सीईआरटी-इन ने मेलवेयर ई-मेल के दो ताजा संस्करणों की पहचान बताई है। इनमें से एक में डॉट आईएमजी (.img) एक्सटेंशन वाली फाइल का अटैचमेंट ई-मेल में भेजा जा रहा है, जबकि दूसरे में आयकर विभाग के फर्जी डोमेन incometaxindia.info वाले लिंक पर क्लिक के जरिए खुलने वाले शेयरपेज से 'डॉट पीआईएफ (.pif)' एक्सटेंशन वाली फाइल को डाउनलोड करने के लिए कहा जाता है। हालांकि इस डोमेन को निष्क्रिय कर दिया गया है।


बैंक कार्ड का ब्योरा करते हैं चोरी

फिशिंग साइबर क्राइम की कैटेगरी है, जिसमें कोई किसी व्यक्ति के बैंकिंग, क्रेडिट और डेबिट कार्ड के ब्योरे और पासवर्ड जैसी निजी जानकारियों को चोरी कर लिया जाता है। मेलवेयर एक प्रकार का ई-वायरस होता है, जो कंप्यूटर, लैपटॉप और मोबाइल के सुरक्षा तंत्र का संक्रमित कर उसमें हैकिंग करने का रास्ता देता है।

'केबीसी' से पाक लगा रहा सेंध

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने पाक की तरफ से भारतीय मोबाइलों में सेंध लगाने की साजिश का पर्दाफाश किया है। पाक की खुफिया एजेंसियां टीवी शो केबीसी के नाम पर फर्जी व्हाट्सएप ग्रुप बना लोगों को जाल में फंसा रही हैं। दो मोबाइल नंबरों का पता चला है, जो फर्जी व्हाट्सएप ग्रुप में एडमिन बन पाकिस्तानी प्रोपेगेंडा फैलाते हैं।

2020 से आपकी हर हरकत पर रहेगी नेटग्रिड की नजर



नई दिल्ली। अगले साल से आपकी हर हरकत पर नेटग्रिड की पैनी नजर रहेगी। देश की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए तैयार किए गया यह मजबूत इंटेलिजेंस संग्रहण तंत्र देश के अंदर इमिग्रेशन, बैंकिंग, व्यक्तिगत करदाताओं, हवाई व ट्रेन यात्राओं से जुड़े हर पल के डाटा का विश्लेषण कर अपनी जानकारियां सभी सुरक्षा एजेंसियों को 'रियल टाइम' जानकारी उपलब्ध कराएगा।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि 3400 करोड़ रुपये के नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड (नेटग्रिड) प्रोजेक्ट का काम बेहद तेजी से पूरा किया जा रहा है। हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह के इस प्रोजेक्ट की समीक्षा करने के बाद इसमें और ज्यादा तेजी आ गई है। नेटग्रिड का डाटा रिकवरी सेंटर बंगलूरू में तैयार किया जा रहा है, जबकि दिल्ली में इसका मुख्यालय होगा। दोनों ही जगह निर्माण कार्य तकरीबन पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि आयकर विभाग से लगभग 8 करोड़ करदाताओं का डाटा हासिल करने की प्रक्रिया को नेटग्रिड प्रबंधन ने अंतिम रूप दे दिया है, जबकि घरेलू हवाई यात्रियों का डाटा हासिल करने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय, नागरिक उड्डयन महानिदेशक और सभी एयरलाइंसों के साथ बातचीत अंतिम दौर में है।

अधिकारी ने बताया कि नेटग्रिड का डाटा फिलहाल देश की 10 केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को रियल टाइम में उपलब्ध होगा। एजेंसी

कैसे करेगा यह सिस्टम काम

नेटग्रिड के पास देश में आने-जाने वाले हर देशी-विदेशी व्यक्ति का डाटा होगा। इसके अलावा बैंकिंग व वित्तीय लेनदेन, क्रेडिट कार्ड खरीदारी, मोबाइल व फोन, व्यक्तिगत करदाताओं, हवाई यात्रियों, रेल यात्रियों के डाटा तक भी इसकी पहुंच होगी। पहले चरण में नेटग्रिड से 10 यूजर एजेंसियों और 21 सेवा प्रदाताओं को जोड़ा गया है। बाद में 950 अन्य संगठनों को भी इससे जोड़ा जाएगा। 1000 अन्य संगठनों को भी जोड़ने की योजना है।

इन सुरक्षा एजेंसियों को मिलेगा डाटा

इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी), रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ), सीबीआई, ईडी, डीआईआई, फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट (एफआईयू), सीबीडीटी, सेंट्रल बोर्ड ऑफ एक्साइज एंड कस्टम (सीबीईसी), डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सेंट्रल एक्साइज एंड इंटेलिजेंस (डीजीसीईआई) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी)।



रविवार को विश्व गैंडा दिवस मनाया गया। भारत में असम और प. बंगाल में ही यह दुर्लभ कन्यजीव पाया जाता है। असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में प्रतिकृति बनाकर गैंडा बचाने का संदेश दिया।

पांच एके 47 के साथ चार आतंकी गिरफ्तार पाक से ड्रोन के जरिए भेजे गए थे हथियार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान और जर्मनी आधारित ग्रुपों के समर्थन से खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स को दोबारा जीवित करने की कोशिश में लगे आतंकियों का पर्दाफाश किया है। चार आरोपियों को 5 एके 47, पिस्तौल, सैटेलाइट फोन और हैंड ग्रेनेड के साथ गिरफ्तार किया गया है।

सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने यह केस एनआईए को सौंपने का फैसला किया है। चारों आतंकियों को रविवार को तरनतारन गांव चोहला साहिब के बाहर से गिरफ्तार किया गया। ये स्विफ्ट कार में सवार थे। शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि हथियार और अन्य चीजें सरहद पार से ड्रोन के जरिए भेजी गईं। इसे देखते हुए सीएम ने केंद्र से मांग की है कि इसे रोकने को बीएसएफ और वायु सेना को हिदायत दी जाए। डीजीपी दिनकर गुप्ता ने बताया, काउंटर इंटेलिजेंस के एआईजी केतन बालीराम पाटिल की अगुवाई में विभिन्न टीमों ने बलवंत सिंह बाबा उर्फ निहंग, आकाशदीप सिंह उर्फ आकाश रंधावा, हरभजन सिंह और बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया। खेप को हासिल करने वाला बाबा बलवंत बब्बर खालसा इंटरनेशनल का मेंबर है। उसे यूएपीए और आर्म्स एक्ट के तहत थाना मुकंदपुर, नवांशहर पुलिस ने गिरफ्तार किया था, वह अभी जमानत पर है। ब्यूरो

जर्मन आधारित ग्रुपों से समर्थन प्राप्त आतंकवादियों का पर्दाफाश




ये हुआ बरामद : आतंकियों से मिले सामान में पांच एके 47, 16 मैगजीन, 472 गोली सिक्का, चार चीन की बनी .30 पिस्टल, आठ मैगजीन और 72 गोली सिक्का, नौ हैंड ग्रेनेड, पांच सैटेलाइट फोन, दो मोबाइल, दो वायरलेस सेट, दस लाख रुपये की भारतीय करंसी शामिल है।

'करीबी महिला वकील के पक्ष में जज का फैसला भी भ्रष्टाचार'

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एक महिला वकील के मुवक्किल के पक्ष में फैसला देने के आरोप में नौकरी से बर्खास्त किए गए महाराष्ट्र के न्यायिक मजिस्ट्रेट को राहत देने से इनकार कर दिया। उन पर महिला वकील के साथ करीबी संबंध के चलते उसके पक्ष में फैसला सुनाने का आरोप लगा था। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक और निजी जीवन में एक न्यायिक मजिस्ट्रेट की ईमानदारी संदेह से परे होनी चाहिए।

महाराष्ट्र के न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीरंग यादवराव वाघमारे की अपनी बर्खास्तगी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए जस्टिस दीपक गुप्ता और जस्टिस अनिरुद्ध बोस की पीठ ने कहा कि न्यायपालिका ऐसी संस्था है जिसकी बुनियाद ईमानदारी और सत्यनिष्ठा पर टिकी है। न्यायिक अधिकारियों का व्यवहार कोर्ट के अंदर और बाहर बहुत ही उच्च श्रेणी का होना चाहिए।

पीठ ने कहा कि 'वासना' का मतलब केवल पैसा की भूख ही नहीं होता है। यह कई प्रकार की हो सकती है। यह पैसे की भूख, ताकत की भूख, देह की भूख आदि हो सकती है। वाघमारे मार्च 1985 में न्यायिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए थे। फरवरी 2001 में उन्हें निलंबित किया गया और 2004 में उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। उन्हें हाईकोर्ट से कोई राहत नहीं मिली थी। एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने कहा, न्यायपालिका की बुनियाद सत्यनिष्ठा पर टिकी

1965 युद्ध में सीजफायर के पक्ष में नहीं थे अर्जन सिंह

नई दिल्ली। भारत की सेना ने 1965 के युद्ध में पाकिस्तान की सेना को धूल चटा दी थी। भारत तब काफी मजबूत स्थिति में था, लेकिन वैश्विक हस्तक्षेप के कारण दोनों देशों को युद्धविराम स्वीकार करना पड़ा था। हालांकि तत्कालीन एयर चीफ मार्शल अर्जन सिंह सीजफायर के पक्ष में नहीं थे।

वायुसेना ने एक वीडियो जारी किया है, जिसके मुताबिक अर्जन सिंह तब सीजफायर को राजी नहीं थे। भारत ने 21 सितंबर 1965 और पाकिस्तान ने 22 सितंबर को युद्धविराम को स्वीकार कर लिया था। वीडियो के मुताबिक थोड़ा और समय मिलने पर भारत, पाकिस्तान के कुछ और इलाकों को कब्जे में लेने की स्थिति में था। पद्म विभूषण एयर मार्शल अर्जन सिंह 1 अगस्त, 1964 से 15 जुलाई, 1969 तक वायुसेना के चीफ रहे।

1965 की लड़ाई में अदम्य साहस दिखाने के लिए उन्हें फील्ड मार्शल बनाया गया। उनके नेतृत्व में वायुसेना ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर कई एयरफील्ड को तबाह कर दिया था। अर्जन सिंह का 17 सितंबर, 2017 को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। एजेंसी

वायुसेना ने जारी किया वीडियो



वैश्विक दबाव में दोनों देशों ने युद्धविराम को स्वीकार कर लिया था

4% कॉलेजों में तीन हजार छात्र

नई दिल्ली। शिक्षा के अखिल भारत सर्वे (एआईएसएचई) 2018-19 के अनुसार देश के केवल चार प्रतिशत कॉलेजों में तीन हजार से अधिक विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। दूसरी ओर 34.8 प्रतिशत कॉलेज एक ही संकाय पढ़ा रहे हैं, इनमें 83.1 प्रतिशत प्राइवेट कॉलेज हैं। इसकी प्रमुख वजह बीएड कोर्स को माना जा रहा है। 38.1 प्रतिशत प्राइवेट कॉलेज इस समय बीएड करवा रहे हैं। 34.9 प्रतिशत कॉलेज पोस्ट ग्रेजुएट स्तर का कोर्स करवा रहे हैं। इसी तरह 34.3 प्रतिशत पीएचडी विद्यार्थी राज्यों के विश्वविद्यालयों, 21.6 प्रतिशत राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों, इतने ही डीम्ड विश्वविद्यालयों और 13.4 प्रतिशत राज्यों के निजी विश्वविद्यालयों में हैं। एजेंसी

हरियाणा महाराष्ट्र का रण



गुजरात में दो और विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

अहमदाबाद। चुनाव आयोग ने रविवार को गुजरात की दो और विधानसभा सीटों राधनपुर और बयाड पर उपचुनाव की घोषणा कर दी। गौरतलब है कि शनिवार को आयोग ने चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का एलान किया था। राज्य में कुल सात सीटों पर उपचुनाव होने हैं। उपचुनाव 21 अक्तूबर को होगा और मतों की गिनती 24 को होगी। एजेंसी

मुद्दे बनेंगे जीत का आधार

हरियाणा में घोषणा पत्र पेश कर चुके राजनेता, अब जनता तय करेगी, किसे दें कमान

चंडीगढ़। चुनावी तारीखों के एलान के साथ ही हरियाणा में राजनीतिक पारा चढ़ने लगा है। सत्ता की पिच पर बैटिंग करने का सपना देख रहे नेताओं ने दम-खम दिखाना शुरू कर दिया है। सीएम मनोहर लाल हरियाणा की 90 विस सीटों में जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से अपने कार्यों का बखान कर चुके हैं। हरियाणा भर में चुनाव जितवाने की अपील की है।

वहीं, पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा गोहाना रैली से घोषणा पत्र जनता के सामने रख चुके हैं। वह लोस चुनाव के बाद से कह रहे हैं कि विस चुनाव में मुद्दे अलग होंगे। भाजपा ने घोषणा पत्र में 154 वादे किए थे जो पूरे नहीं हुए हैं। जनता के बीच स्थानीय मुद्दों को लेकर चुनाव में कूदेंगे। जेजेपी प्रमुख दुष्यंत चौटाला भी घोषणा पत्र पेश कर चुके हैं। इनेलो की घोषणाओं का इंतजार है। ब्यूरो

पांच साल का पाठ पढ़ा रहे खट्टर

मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में कूदे सीएम मनोहर लाल जनता को पांच साल का पाठ पढ़ा रहे हैं। उन्होंने साफ कर दिया है कि न खाया है न ही खाने देंगे। बल्कि जो पिछला खाया हुआ बैठे हैं। वह भी निकाल लेंगे। अब सरकार अगली पंच वर्षीय योजना लागू करने की ओर अग्रसर है।



कांग्रेस का रोहतक से आगाज

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने गोहाना रैली में घोषणाओं की झड़ी लगा दी। हुड्डा ने साफ कर दिया कि कांग्रेस सत्ता में आई तो 75 फीसदी नौकरियों पर हरियाणवियों का अधिकार होगा और हर घर में एक सरकारी नौकरी मिलेगी।



दुष्यंत ने 2018 में ही दिखा दिए थे सपने



दुष्यंत चौटाला ने 2018 में जजपा बनाते ही जनता को जनसेवा के वादे कर दिए थे। ताऊ देवीलाल द्वारा लागू किए गए बुढ़ापा पेंशन के फैसले को आगे बढ़ाते हुए दुष्यंत ने भी इसमें इजाफे का एलान करते हुए एचटेट की परीक्षा हटाने का एलान कर दिया था। वह बात अलग है कि भाजपा की वर्तमान सरकार ने एचटेट परीक्षा की अवधि चुनाव आने से पहले ही बढ़ा दी है। इसके अलावा दुष्यंत ने कई अन्य लोक लुभावनी घोषणाओं का जनता के सामने वादा किया था।

370 भी रहेगा बड़ा मुद्दा

हरियाणा में चुनाव भले की स्थानीय मुद्दों पर हो, लेकिन इस चुनाव में अनुच्छेद 370 और राष्ट्रवाद भी एक प्रभावी मुद्दा रहेगा। भाजपा इस मुद्दे को भी चुनाव में भुनाने का प्रयास करेगी। ऐसे में मंदी और मोटर व्हीकल एक्ट का राग अलाप रहा विपक्ष इन दोनों मुद्दों का कितना लाभ ले पाएगा यह कहना मुश्किल होगा।



पहली बार ताऊ का कुनबा उनकी अलग-अलग मनाएगा जयंती

चंडीगढ़। चुनाव में पहली बार ताऊ चौधरी देवीलाल का कुनबा आमने-सामने होकर चुनाव लड़ेगा। कुनबा दो राजनीतिक घरानों इनेलो और जननायक जनता पार्टी (जजपा) में बंट चुका है। पहली बार है कि ताऊ का बिखरा परिवार उनकी जयंती अलग-अलग मनाएगा। अभी तक इनेलो ही ताऊ का जयंती समारोह मनाती आई है। 25 सितंबर को इनेलो कैथल में 'सम्मान दिवस समारोह' के उपलक्ष्य में रैली करेगी। जजपा ने ताऊ जयंती से तीन दिन पहले रोहतक में 'जन सम्मान दिवस' के रूप में विशाल रैली की। ब्यूरो

विधानसभा उपचुनाव बदलेंगे कई राज्यों के समीकरण

हिमांशु मिश्र

नई दिल्ली। निगाहें हालांकि हरियाणा-महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर है, मगर इसी दौरान 18 राज्यों की 63 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के नतीजे भी वहां की सियासत की नई पटकथा लिखेंगे। मसलन कर्नाटक में विस उपचुनाव सीएम बीएस येदियुरप्पा के लिए करो या मरो का सवाल है तो यूपी व बिहार में सीएम योगी आदित्यनाथ और नीतीश कुमार की प्रतिष्ठा का सवाल।

राजस्थान और मध्यप्रदेश के नतीजे बताएंगे कि वहां की सियासत में जारी शह-मात के खेल में भाजपा व कांग्रेस में किसका पलड़ा भारी है। केरल के नतीजे तय करेंगे वाम दलों की आखिरी उम्मीद भी बचेगी या नहीं।

कर्नाटक सबसे अहम

कर्नाटक सबसे अहम है। यहां 15 सीटों पर उपचुनाव है। ये वे सीटें हैं जो कांग्रेस और जदएस के विधायकों के इस्तीफे से खाली हुई हैं। बहुमत हासिल करने के लिए सत्तारूढ़ भाजपा को 8 सीटें जीतनी होंगी।

यूपी से भी मिलेंगे अहम संकेत

यूपी का उपचुनाव भाजपा ही नहीं सपा-बसपा की प्रतिष्ठा से भी जुड़ा हुआ है। सीएम योगी के सामने जहां भाजपा की 11 में से 9 सीटें बचाने की चुनौती है, वहीं नतीजे बताएंगे कि सपा और बसपा में से कौन टक्कर दे रहा है।

बिहार का तिलिस्म

बिहार में ऐसे समय में विस की 5 सीटों और लोस की एक सीट पर उपचुनाव हो रहे हैं जब भाजपा-जदयू में तनातनी है। विस की 4 सीटों पर जदयू तो लोस की एक सीट पर लोजपा का कब्जा था। नीतीश सीटें बचाने में कामयाब रहे तो कद बढ़ेगा।

कश्मीर भाजपा का मुख्य मुद्दा, अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद पहला चुनाव

'पीओके के लिए नेहरू जिम्मेदार'

अमित शाह ने मुंबई की पहली सभा में तय कर दिया एजेंडा


शिवसेना का नाम लिए बिना गृहमंत्री बोले, मिलेगा तीन-चौथाई बहुमत

अमर उजाला ब्यूरो

मुंबई। केंद्रीय गृहमंत्री और भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले रविवार को अपनी पहली रैली को कश्मीर और अनुच्छेद 370 पर केंद्रित रखा और प्रचार अभियान का एजेंडा तय कर दिया। शाह ने गोरेगांव की जनसभा में कहा, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लिए जवाहरलाल नेहरू जिम्मेदार थे। उन्होंने शिवसेना का नाम लिए बिना कहा, चुनाव में एनडीए को तीन चौथाई बहुमत मिलेगा।

शाह ने साफ कहा, चुनाव बाद फडणवीस ही सीएम बनेंगे। उनका बयान शिवसेना को झिड़की के तौर पर भी देखा जा रहा है, जो उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य को प्रोजेक्ट कर रही है। बयान ऐसे समय आया है, जब भाजपा-शिवसेना सीटों पर समझौते को लेकर बातचीत कर रहे हैं।

गृहमंत्री ने कहा, नेहरू ने 1947 में युद्धविराम की घोषणा नहीं की होती, तो पीओके नहीं बनता। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा, राहुल गांधी आज राजनीति में आए हैं, मगर अनुच्छेद 370 हटाने के लिए भाजपा की तीन पीढ़ियों ने बलिदान दिया है। शाह ने कहा, देश के पहले गृहमंत्री सरदार पटेल ने 660 देसी रियासतों को भारत में मिलाया था। नेहरू के जिम्मे सिर्फ कश्मीर था, लेकिन वह काम में नाकाम रहे। कश्मीर की जिम्मेदारी भी पटेल को दी जानी चाहिए थी।



मुंबई में सभा को संबोधित करते अमित शाह।

भ्रष्टाचार के लिए तीन परिवारों ने 370 बचाए रखा

उन्होंने कहा कि कश्मीर में भ्रष्टाचार को बनाए रखने के लिए वहां के तीन परिवारों ने 370 को बचाए रखा। अब अनुच्छेद हटने के बाद इन परिवारवादी पार्टियों का सफाया होने वाला है।

याद दिलाया मुखर्जी का बलिदान

कश्मीर में 370 और 35-ए खत्म करने का विरोध करने वाली कांग्रेस पर निशाना साधा। शाह ने याद दिलाया श्यामाप्रसाद मुखर्जी 370 के विरोध में जब वहां गए थे, उन्हें गिरफ्तार किया गया था। जेल में उनकी मृत्यु हो गई थी। यह पहला बलिदान था।

नासूर था अनुच्छेद 370 : राजनाथ

पटना। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा हटाने को जायज ठहराते हुए कहा है कि अनुच्छेद 370 नासूर की तरह था, जिसने राज्य को लहूलुहान कर दिया। उनका दावा है कि राज्य की तीन चौथाई से ज्यादा आबादी अनुच्छेद 370 हटाने के पक्ष में थी।

पटना में भाजपा की 'जन जागरण सभा' में रक्षा मंत्री ने कहा, अनुच्छेद 370 पर पार्टी ने अपना रुख कभी नरम नहीं किया। इसे निष्प्रभावी किया जाना साबित करता है कि भाजपा ईमानदार और भरोसेमंद है। उन्होंने पाकिस्तान को एक बार फिर चेतावनी दी और कहा, पाक से तभी बातचीत होगी जब वह आतंकवाद को बढ़ावा देना छोड़ देगा। अब बात भी सिर्फ पीओके पर होगी। पड़ोसी को याद रखना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। रक्षामंत्री ने पाकिस्तान को 1965 व 1971 न दोहराने को लेकर भी चेताया। उन्होंने कहा, जिस तरह से वहां मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है, ऐसे में पाकिस्तान को टूटने से कोई नहीं रोक सकता है। एजेंसी



पटना में आयोजित सभा में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

ओसाका ने जीता सत्र का दूसरा डब्ल्यूटीए खिताब



टोक्यो। दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने रविवार को रूस की अनास्तासिया पाव्ल्यूचेंकोवा को 6-2,6-3 से मात देकर पहली बार पैन पेसिफिक ओपन टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। पिछले दो सत्र में उपविजेता रही 21 वर्षीय ओसाका की यह घर में पहली और इस सत्र की दूसरी डब्ल्यूटीए ट्रॉफी है। उन्होंने कहा कि वह घर में ट्रॉफी जीतकर बहुत खुश हैं।

न्यूज डायरी



सिंगापुर ग्रां प्रि फॉर्मूला वन की ट्रॉफी के साथ वीटल।

वीटल ने सिंगापुर ग्रां प्रि के रूप में जीती सत्र की पहली व करिअर की 53वीं रेस

सिंगापुर। चार बार के विश्व चैंपियन फेरारी के सबेस्टियन वीटल ने रविवार को 13 माह का सूखा खत्म करते हुए सिंगापुर ग्रां प्रि फॉर्मूला वन का खिताब जीत लिया। वीटल की यह इस सत्र की पहली और करिअर की 53वीं जीत है। मर्सिडीज के ड्राइवर लुईस हैमिल्टन चौथे और उनके साथी वल्टेरी बोटास पांचवें स्थान पर रहे। वीटल के फेरारी के साथी चार्ल्स दूसरे और रेड बुल के मैक्स वर्स्टापेन तीसरे स्थान पर रहे। इस सत्र की 15 में से अब तक आठ रेस जीतने वाले हैमिल्टन ड्राइवर्स अंक तालिका में 284 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। बोटास (221) दूसरे और वीटल (169) पांचवें नंबर पर हैं।

चोट से वापसी करने वाली मारिन ने जीता चाइना ओपन का खिताब



शंघाई। तीन बार की विश्व चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन ने करिअर को समाप्त करने वाली चोट से उबरने के बाद खिताब के साथ शानदार वापसी की। आठ माह बाद कोर्ट पर लौटी मारिन ने चाइना ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में ताईवान की दूसरी वरीयता प्राप्त ताई जु यिंग को 65 मिनट तक चले मुकाबले में 14-21, 21-17, 21-18 से मात देकर लगातार दूसरी बार यह ट्रॉफी जीती। पुरुष वर्ग में विश्व चैंपियन जापान के केंतो मोमोता ने फाइनल में इंडोनेशिया के सातवें वरीय एंथोनी सिनिसुका जिनटिंग को 19-21, 21-17, 21-19 से मात देकर खिताब जीता।

जूनियर फुटबॉल टीम एएफसी अंडर 16 चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई

ताशकंद (उज्बेकिस्तान)। भारत की जूनियर फुटबॉल टीम ने मेजबान उज्बेकिस्तान से 1-1 से ड्रॉ खेलकर ग्रुप बी में शीर्ष पर रहते हुए अगले साल बहरीन में खेली जाने वाली एएफसी अंडर-16 चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई कर लिया। भारत ने लगातार तीसरी और कुल नौवीं बार इस चैंपियनशिप का टिकट कटाया। भारतीय टीम के तीन मैच में सात अंक रहे जो उज्बेकिस्तान के बराबर थे लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण भारत शीर्ष पर रहा। भारतीय टीम को गोल अंतर 10 का रहा, जबकि उज्बेकिस्तान का तीन था।

शरण ने जीती सत्र की दूसरी व करिअर की पांचवीं युगल एटीपी ट्रॉफी



सेंट पीटर्सबर्ग (रूस)। भारतीय टेनिस खिलाड़ी दिविज शरण ने स्लोवाकिया के इगोर जीलेने के साथ मिलकर सेंट पीटर्सबर्ग ओपन का युगल खिताब जीत लिया। शरण की यह सत्र की दूसरी और करिअर की पांचवीं एटीपी ट्रॉफी है। शरण और जीलेने ने फाइनल में इटली के मैट्टो बेरेटीनी व सिमोन बोलेली की जोड़ी को एक घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 3-6,10-8 से पराजित किया। शरण ने सत्र के शुरुआत में पुणे में महाराष्ट्र ओपन जीता था। शरण ने यह ट्रॉफी मां को समर्पित की जिनका रविवार को जन्मदिन था।

पहलवान दीपक ने बिखेरी चांदी की चमक

फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा भारतीय पहलवान बने पुनिया चोट के चलते नहीं उतरे मैट पर, मिला रजत

महाराष्ट्र के राहुल अवारे ने कांस्य पदक के साथ खत्म किया भारत का अभियान

नूर-सुल्तान (कजाखस्तान)। युवा पहलवान दीपक पुनिया (86 किग्रा) का विश्व चैंपियनशिप में गोल्डन हैट्रिक का सपना अधूरा रह गया। सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा भारतीय पहलवान 20 वर्षीय दीपक खिताबी मुकाबले में चोट के चलते नहीं उतरे। इससे उन्हें रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा।

हरियाणा के झज्जर जिले के छारा गांव के दीपक को सेमीफाइनल के दौरान टखने में चोट लगी थी। वह स्विट्जरलैंड के स्टेफान रेचमुथ के खिलाफ शनिवार को सेमीफाइनल के दौरान मैच से लड़खड़ाते हुए आए थे और उनकी बायीं आंख भी सूजी हुई थी। इसके चलते वह ईरान के हजसान याजदानी के खिलाफ मुकाबले से हट गए। दीपक ने कहा,'बायां पैर वजन नहीं ले पा रहा है। इस हालत में लड़ना मुश्किल है। मैं जानता हूं कि याजदानी के खिलाफ यह बड़ा मौका था लेकिन मैं कुछ नहीं कर सकता।' राहुल अवारे (61) ने कांस्य पदक जीता। इससे भारतीय पहलवानों ने पांच पदकों के साथ अपना अभियान खत्म किया। यह किसी एक विश्व चैंपियनशिप में भारतीय पहलवानों का अब तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले भारतीय पहलवानों ने 2013 में तीन पदक जीते थे।

फाइनल में पहुंचने वाले पांचवें पहलवान : दीपक विश्व फ्री स्टाइल कुश्ती चैंपियनशिप के 68 के इतिहास में फाइनल में पहुंचने वाले पांचवें और रजत पदक जीतने वाले चौथे भारतीय हैं। अभी तक सिर्फ सुशील कुमार ही विश्व चैंपियन बन पाए हैं। उन्होंने 2010 में मास्को में यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की थी। 1967 में बिशंभर सिंह फाइनल में पहुंचने वाले भारतीय पहलवान बने थे। एजेंसी



05 पदक भारतीय पहलवानों ने विश्व चैंपियनशिप में जीते जो उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है

04 ओलंपिक कोटे (विनेश, बजरंग, दीपक और रवि) हासिल किए पहलवानों ने इस चैंपियनशिप से


विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक का मुकाबला नहीं लड़ने से मैं थोड़ा निराश जरूर हूं। लेकिन कुल मिलाकर मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। मैंने इसके लिए कड़ी मेहनत की है। मेरा लक्ष्य ओलंपिक में पदक जीतना है। -दीपक पुनिया

पिछले महीने बने थे जूनियर विश्व चैंपियन

दीपक पुनिया ने पिछले महीने ही एस्टोनिया में हुई जूनियर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। वह पिछले 18 वर्षों में जूनियर चैंपियन बनने वाले चौथे भारतीय पहलवान बने थे। इससे पहले वह 2016 में विश्व कैडेट वर्ग में भी चैंपियन बने थे। अगर वह यहां भी गोल्ड जीत जाते तो तीन साल में तीनों (कैडेट, जूनियर और सीनियर) वर्गों में चैंपियन बनने की उपलब्धि हासिल कर लेते।

अवारे ने ग्राफ को दी पटकनी

राहुल ने कांस्य पदक के मुकाबले में 2017 के पैन अमेरिकी चैंपियन टाइलर ली ग्राफ को 11-4 से पराजित किया। अवारे का अपने मुकाबले में पूरी तरह से नियंत्रण था और वह अपने करिअर का सबसे बड़ा पदक जीतने में सफल रहे। महाराष्ट्र के इस पहलवान ने राष्ट्रमंडल खेल 2018 में स्वर्ण और एशियाई चैंपियनशिप (2009 और 2011) में कांस्य पदक जीते थे। अवारे इससे पहले सेमीफाइनल में यूरोपीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता बेका लोमाताद्जे से हार गए थे। भारत की तरफ से दीपक पूनिया ने रजत जबकि बजरंग पूनिया, राहुल, रवि कुमार दहिया और महिला वर्ग में विनेश फोगाट ने कांस्य पदक जीते।



बंद आंख, सूजी एड़ी फिर भी पूछा, लड़ लूं

नई दिल्ली। दीपक पुनिया के लिए रविवार की सुबह किसी बुरे सपने से कम नहीं थी। एक आंख पूरी तरह से बंद थी और पैर की एड़ी बुरी तरह सूजी हुई थी। दीपक ने इस बारे में टीम मैनेजमेंट को सूचना तो दी ही साथ में छत्रसाल अखाड़े में अपने कोच विरेंदर सिंह को फोन लगा दिया। विरेंदर की मानें तो दीपक ऐसी स्थिति में भी फाइनल लड़ने की बात कर रहे थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं करने को कहा। कोच से लड़ने का आसरा नहीं मिला तो दीपक ने पिता सुभाष को फोन लगाया। पिता ने छूटते ही कहा सेहत से बढ़कर फाइनल थोड़े ही है। हालांकि बाद में टीम मैनेजमेंट और डॉक्टर ने ही उन्हें लडने से रोक दिया। कोच विरेंदर के अनुसार वह बेहद दुखी था और हर हाल में लड़ना चाहता था, लेकिन उन्होंने उससे कहा कि वह लड़ा तो चोट गहरा जाएगी और ऑपरेशन तक कराना पड़ सकता है।

पिता सुभाष नहीं बन पाए पहलवान तो बेटे को बनाया

झज्जर के रहने वाले दीपक के पिता सुभाष को अपने बेटे पर गर्व है। वह भावुक होते हुए कहते हैं कि कभी उन्होंने पहलवान बनने का सपना देखा था, लेकिन घर के हालात ऐसे नहीं थे कि पहलवानी कर पाता। जब घर में खाने के लाले होंगे तो पहलवानी कहां से होती। यही कारण था कि उन्होंने दो बेटियों के बाद जन्में दीपक को छोटी उम्र में ही अखाड़े की राह दिखा दी।

दीपक ने अपना हाल देख पिता और कोच से फोन पर ली सलाह

सुशील और बजरंग को देखकर सीखा

विरेंदर कहते हैं कि दीपक उनके पास 15 की उम्र में आया था, लेकिन इससे पहले वह मिट्टी की कुश्ती के दंगल लड़ता था। पांच सौ से लेकर पांच हजार की इनामी राशि दीपक के घर का बड़ा सहारा बनती थी, लेकिन उनके पास आने के बाद मिट्टी की कुश्ती बीते दिनों की बात हो गई। उसने छत्रसाल में सुशील कुमार, बजरंग समेत अन्य वरिष्ठ पहलवानों को देखकर कुश्ती के दांवपेच में महारत हासिल की।

गाय का दूध है ताकत

सुभाष कहते हैं कि दीपक को बचपन से ही गाय का दूध पसंद है। उन्होंने घर में गाय पाल रखी है और इसी का दूध वह रोजाना दीपक को भिजवाते हैं। ब्यूरो

केतली पहलवान के नाम से हैं मशहूर

दीपक के पिता सुभाष 2015 से रोज 60 किलोमीटर की दूरी तय करके उसके लिए झज्जर से दिल्ली दूध और फल लेकर आते थे। उन्हें बचपन से ही दूध पीना पसंद है। वह गांव में 'केतली पहलवान' के नाम से जाने जाते हैं। इसके पीछे भी दिलचस्प कहानी है। गांव के सरपंच ने एक बार केतली में दीपक को दूध पीने के लिए दिया और उन्होंने एक बार में ही उसे खत्म कर दिया। उन्होंने इस तरह एक-एक कर के चार केतली खत्म कर दी जिसके बाद से उनका नाम 'केतली पहलवान' पड़ गया। दीपक की सफलता का राज अनुशासित रहना है। उन्होंने कहा कि मुझे दोस्तों के साथ घूमना, मॉल जाना और शॉपिंग करना पसंद है। मुझे जूते, शर्ट और जींस खरीदना पसंद है। हालांकि उन्हें पहनने की जरूरत नहीं पड़ती क्योंकि मैं हमेशा ट्रैक सूट में रहता हूं। एजेंसी

हंपी ने जीता स्कोलकोवा फिडे ग्रां प्री खिताब

नई दिल्ली। भारतीय शतरंज खिलाड़ी कोनेरू हंपी ने मास्को में स्कोलकोवा फिडे महिला ग्रांपी में चीन की विश्व चैंपियन वेनजून जू के खिलाफ फाइनल राउंड में ड्रॉ खेलकर खिताब अपने नाम कर लिया। हंपी ने फाइनल राउंड से पहले लगातार चार गेम जीते थे और अंतिम बाजी में उन्हें केवल ड्रॉ की जरूरत थी। अंतिम राउंड में उनके पास लाभ की स्थिति यह भी थी कि उन्हें गत विश्व चैंपियन के खिलाफ सफेद मोहरों से खेलना था। उनके 11 राउंड में आठ अंक रहे। जबकि अन्य भारतीय डी हरिका छठे स्थान पर रही। यह ग्रां प्री चार टूर्नामेंटों की सीरीज का हिस्सा है। इस सीरीज से शीर्ष दो में रहने वाले कैंडिडेट मैच के लिए क्वालिफाई करेंगे जिससे यह तय होगा कि 2021 में विश्व चैंपियन का चैलेंजर कौन होगा। अन्य तीन ग्रां प्री मोनाको, लुसाने और सरदिनिया में खेले जाएंगे। एजेंसी



द. अफ्रीकी महिला टीम जीती

सूरत। दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम ने भारतीय दौरे की शुरुआत जीत के साथ की। दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को दूसरे टी20 अभ्यास मुकाबले में बोर्ड अध्यक्ष एकादश को 83 रन से शिकस्त दी। पहला अभ्यास मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 174 रन बनाए। विकेटीकपर बल्लेबाज लिजेली ली ने 65,मिगनोन डु प्रीज ने नाबाद 40, तजमिन ब्रिट्स ने 20 और नांदिने डि क्लार्क ने 29 रन बनाए। भारत की ओर से तरन्नुम ने दो विकेट झटके। जवाब में भारतीय टीम आखिरी गेंद पर महज 91 पर ढेर हो गई। भारती फुलमानी 23, मानसी 20, देविका 19 और तरन्नुम नाबाद 15 ही दहाई का आंकड़ा पार कर सकीं। शेफाली और कप्तान सुषमा खाता भी नहीं खोल पाईं। एजेंसी

टीम इंडिया ने गंवाया टी-20 सीरीज जीतने का मौका

दक्षिण अफ्रीका नौ विकेट से जीता, सीरीज 1-1 से बराबर, क्विंटन डिकॉक सीरीज के श्रेष्ठ खिलाड़ी

बंगलूरू। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम का मैदान ऐसा है जिस पर आमतौर पर कोई टीम लक्ष्य का पीछा करना पसंद करती है। बावजूद इसके कप्तान विराट कोहली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। यही दांव उल्टा पड़ गया। टीम इंडिया नौ विकेट पर 134 रन ही बना सकी। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान क्विंटन डिकॉक (79*) और रेजा हेंड्रिक्स (28) के बीच पहले विकेट पर हुई 76 रन की साझेदारी से अच्छी शुरुआत की और फिर 16.5 ओवरों में एक विकेट पर 140 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बावूमा (27*) ने छक्का मारकर जीत दिलाई। तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर रही। क्विंटन डिकॉक प्लेयर ऑफ द सीरीज जबकि हेंड्रिक्स (2/14) मैन ऑफ द मैच रहे।

हम इसी तरह का मुकाबला चाहते थे। वर्ल्ड टी-20 से पहले हम इस तरह के मुश्किल मैच खेलना चाहते हैं। हमें तब अपने-आपको परखना होगा जब हालात प्रतिकूल हों। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।
-विराट कोहली, भारतीय कप्तान

98 टी-20 खेलकर रोहित ने सबसे छोटे प्रारूप में धोनी के सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के भारतीय रिकॉर्ड की बराबरी की

भारत की ओर से शिखर ने 25 गेंदों पर 36 रन की पारी खेली। रोहित (09) दूसरे ही ओवर में लौट गए थे। पावरप्ले में स्कोर एक विकेट पर 54 रन था पर सातवें से 15 ओवर में 45 रन के अंदर पांच विकेट गंवा दिए। कोहली नौ रन बना पाए। श्रेयस (05) और क्रुणाल (04) भी जल्द आउट हो गए। ऋषभ (19) जडेजा (19) और हार्दिक (14) अन्य प्रमुख स्कोरर रहे। एजेंसी



धवन को आउट करने के बाद खुशी मनाते तबरेज शम्सी।

क्विटन के 37 पारियों में 1000 रन पूरे : क्विंटन डि कॉक ने टी-20 में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में 37 पारियों में हजार रन पूरे कर लिए। रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के ब्रेंडन मैककुलम (31) के नाम है।

50 वां कैच (हार्दिक) लेकर डेविड मिलर ने टी-20 में सर्वाधिक कैच लपकने के पाक के शोएब मलिक के रिकॉर्ड की बराबरी की

79* रन बनाए डिकॉक ने 52 गेंदों में जिसमें छह चौके और 5 छक्के थे

स्कोर बोर्ड

भारत : 134/9 (20 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
धवन का बाबुमा बो शम्सी	36	25	4/2
रोहित का रीजा बो बेयूरन	09	08	2/0
कोहली का फेहलुकवायो बो रबादा	09	15	0/0
पंत का फेहलुकवायो बो फोर्टिन	19	20	1/1
अय्यर स्टं डिकॉक बो फोर्टिन	05	08	0/0
हार्दिक का मिलर बो रबादा	14	18	1/0
क्रुणाल का डिकॉक बो बेयूरन	04	07	0/0
रविंद्र जडेजा का एंड बो रबादा	19	17	1/1
वाशिंगटन सुंदर रनआउट	04	01	1/0
दीपक चाहर नाबाद	00	00	0/0
नवदीप सैनी नाबाद	00	01	0/0

अतिरिक्त : 15, **विकेट पतन :** 1-22, 2-63, 3-68, 4-90,5-92,6-98,7-127,8-133,9-133, **गेंदबाजी :** ब्योर्न फोर्टिन 3-0-19-2, कैगिसो रबादा 4-0-39-3, बेयूरन हेंड्रिक्स 4-0-14-2, एंडिले फेहलुकवायो 4-0-28-0, तबरेज शम्सी 4-0-23-1, ड्वेन प्रिटोरियस 1-0-8-0,।

दक्षिण अफ्रीका : 140/1 (16.5 ओवर)

हेंड्रिक्स का कोहली बो हार्दिक	28	26	4/0
क्विंटन डिकॉक नाबाद	79	52	6/5
तेंबा बावुमा नाबाद	27	23	2/1

अतिरिक्त : 06, **विकेट पतन :** 1-76,**गेंदबाजी :** वाशिंगटन सुंदर 4-0-27-0, दीपक चाहर 3-0-15-0, नवदीप सैनी 2-0-25-0, क्रुणाल पंड्या 3.5-0-40-0, हार्दिक पंड्या 2-0-23-1, रविंद्र जडेजा 2-0-8-0।

मेसी का नहीं चला जादू बार्सिलोना की 0-2 से हार

मैड्रिड। बार्सिलोना को स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट के मुकाबले में ग्रेनाडा से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। बार्सिलोना के लिए लियोनल मेसी और 16 वर्षीय अंसू फाती ने शुरुआती एकादश में शुरुआत नहीं की। मेसी अब भी पूरी तरह फिट नहीं दिखते। दोनों हाफ टाइम में मैदान पर उतरे। लेकिन ग्रेनाडा ने रामोन अजीज के दूसरे ही मिनट में किए गए गोल से बढ़त बना ली। इसके बाद एलवारो वाडिलो ने 66वें मिनट में पेनाल्टी को गोल में तब्दील किया। बार्सिलोना ने अभी तक केवल दो ही मैच में जीत हासिल की है और उसके केवल सात ही अंक हैं। यह 1994 के बाद से उसकी सत्र में काफी खराब शुरुआत है। एजेंसी



मेसी और ग्रेनाडा के एंटोनियो गेंद पर कब्जे के लिए संघर्ष करते हुए।

ऐतिहासिक

हरियाणा के पंघाल ने विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर पुरुष मुक्केबाजी को दिलाई नई पहचान

भारतीय मुक्केबाजी के नए पोस्टर ब्वॉय बन गए अमित

नई दिल्ली। दिग्गज विजेंदर सिंह के बाद भारतीय पुरुष मुक्केबाजी को जिस चेहरे की तलाश थी वह अमित पंघाल के रूप में पूरी होती नजर आ रही है। हरियाणा के 23 वर्षीय पंघाल भले ही विश्व चैंपियन बनने से चूक गए लेकिन 45 साल के इतिहास में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर उन्होंने नई इबारत लिख डाली।

विजेंदर ने दस साल पहले कांसा जीतकर जो शुरुआत की थी अमित ने उससे एक कदम आगे जाकर भारतीय मुक्केबाजी को फिर नई उड़ान दे दी। 2017 एशियाई चैंपियनशिप में 49 किग्रा वर्ग में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक के रूप में अपना पहला पदक जीतने वाले अमित दो साल में ही भारतीय मुक्केबाजी के नए पोस्टर ब्वॉय बन गए। एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप के विजेता अमित अब टोक्यो ओलंपिक में देश की पदक की सबसे बड़ी उम्मीद बन गए हैं। विजेंदर 2008 बीजिंग ओलंपिक में कांसा जीतने वाले देश के एकमात्र पुरुष मुक्केबाज हैं।

अब अमित से ओलंपिक में भी विजेंदर से आगे जाने की उम्मीद की जा रही है। उन्होंने मात्र आठ माह में अपने नए 52 किग्रा भार वर्ग में यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली। अमित के इस प्रदर्शन से भारत ओवरऑल प्रदर्शन में कनाडा को पीछे छोड़कर 40वें नबर पर पहुंच गया। भारत के विश्व चैंपियनशिप में एक रजत और पांच कांस्य सहित कुल छह पदक हो गए हैं।

- दस साल पहले विजेंदर ने कांसा जीत जो शुरुआत की थी पंघाल ने उसे पहुंचा दिया बुलंदियों पर

मेरी जगह कोच को सम्मानित करें

नई दिल्ली। अमित का कहना है कि उन्हें व्यक्तिगत सम्मान नहीं चाहिए लेकिन वह चाहते हैं कि उनके पूर्व कोच अनिल धनखड़ को सम्मानित किया जाए। अर्जुन पुरस्कार के लिए उनके नाम को अनदेखी की गई क्योंकि 2012 में चिकन पाक्स के उपचार के लिए ली गई दवाई से वह डोपिंग उल्लंघन कर बैठे थे। डोपिंग परीक्षण में विफल होने के कारण उन पर एक साल का प्रतिबंध भी लगा था।

डोपिंग उल्लंघन के कारण अर्जुन अवॉर्ड के लिए हुई अनदेखी



अब ओलंपिक टिकट का लक्ष्य

भारतीय सेना के नायब सूबेदार पंघाल पिछले दो वर्षों से शानदार फॉर्म में हैं। अब वह अगले साल फरवरी में चीन में होने वाले एशियाई ओलंपिक क्वालिफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेंगे। उन्होंने कहा, 'यह एक और चुनौती है और मैं इसमें बेहतर करने की कोशिश करूंगा।'

हम जो लक्ष्य लेकर विश्व चैंपियनशिप में गए थे, हमने वो कर दिखाया है। हमने पदक जीते और पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन किया। चीन और अजरबेजान जैसे देश जो अच्छे हैं, वे बिना पदक के लौट रहे हैं जबकि हमने सुधार किया है। सैंटियागो निएवा, हाई परफोर्मेंस डायरेक्टर

यू मुंबा ने गुजरात को हराया

जयपुर। यू मुंबा ने आलराउंड खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) में रविवार को गुजरात फार्च्यूनजाइंट्स को 31-25 से पराजित किया। अभिषेक सिंह ने यू मुंबा के लिए सुपर 10 का स्कोर किया और कुल 11 अंक जुटाए। दूसरे मैच में बंगाल वारियर्स ने रोमांचक मुकाबले में जयपुर पिंक पैंथर्स को 41-40 से मात दी।

अमर उजाला

संस्थापक : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी
नवोन्मेषक : स्व. अतुल माहेश्वरी

अमर उजाला लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अशोक शर्मा द्वारा अमर उजाला लिमिटेड 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित व इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर- 59, नोएडा-201301 से मुद्रित।

संपादक : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली

फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHIN/2003/9919

हांगकांग में और हिंसक हुआ प्रदर्शन, तोड़फोड़

प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प, निगरानी कैमरे और सेंसर तोड़े

हांग कांग। हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शन चौथे महीने भी जारी है। रविवार को यह प्रदर्शन और उग्र हो गया। प्रदर्शनकारियों ने एक सबवे स्टेशन में तोड़फोड़ की, निगरानी कैमरे और इलेक्ट्रॉनिक टिकट सेंसर तोड़ डाले। वहीं शाटिन स्टेशन पर दोपहर बाद हमला किया गया। अपनी पहचान छुपाने के लिए काले रंग के मास्क का इस्तेमाल किया। हमले के बाद दंगा नियंत्रण पुलिस को स्टेशन पर तैनात किया गया है।

प्रदर्शनकारियों के एक कट्टर समूह का कहना है कि सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए सख्त कदम उठाया जाना जरूरी है। शनिवार की रात प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर गैसोलीन बम फेंके और गलियों में आगजनी की जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया। एजेंसी



चीनी झंडे को कुचला गया : चीन समर्थक की तरफ से सरकार विरोधी संदेशों के पोस्टर हटाए जाने के बाद प्रदर्शनकारी उग्र हो गए थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने चीनी झंडे को फाड़ने के बाद उसे पैरों से कुचला और फिर नदी में फेंक दिया। पुलिस ने कहा, कट्टरपंथी प्रदर्शनकारियों ने कि लाइट रेल टाउन सेंटर स्टेशन पर मेटल रॉड और अन्य चीजों को फेंककर नुकसान पहुंचाया है। आसपास के क्षेत्रों में बैरिकेड्स को गिराकर ट्रैफिक को बाधित किया।

पुलिस पर फेंका गया पेट्रोलियम बम : प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोलियम बम भी फेंके, जिससे पुलिस अधिकारियों और अन्य लोगों की सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हुआ। अधिकारियों ने इन हालातों को देखते क्षेत्र में रेल और बस सेवाओं को निलंबित कर दिया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में कुछ प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कि या गया है।

इस्राइल : नई सरकार के लिए बातचीत शुरू

येरुशलम। इस्राइल में आम चुनावों के बाद जारी गतिरोध के बीच राष्ट्रपति रुवन रिवलिन ने सरकार बनाने के लिए सभी निर्वाचित दलों के साथ दो दिन बातचीत शुरू कर दी है। इसके बाद ही वह प्रधानमंत्री पद के लिए किसी को नामित करेंगे।

सामान्य तौर पर प्रधानमंत्री पद के लिए नेता का चुनाव महज औपचारिकता होती है, लेकिन इस बार चुनाव परिणाम में मतांतर बहुत कम होने से राष्ट्रपति की भूमिका महत्वपूर्ण हो गयी है। 120 सदस्यीय संसद के लिए पिछले सप्ताह हुए मतदान में बेनी गैंट्ज की मध्यमार्गी 'ब्लू एंड व्हाइट' पार्टी को 33 सीटें मिली हैं जबकि मौजूदा प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की रूढ़िवादी 'लिकुद' को 31 सीटें हासिल हुई हैं। दोनों दलों में से किसी को भी जरूरी बहुमत नहीं मिल पाया है। एजेंसी

नीदरलैंड में गांधी मार्च के साथ भारत मनाएगा 150वीं जयंती

द हेग। नीदरलैंड में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मनाने के लिए अगले हफ्ते जनजागरण अभियान सहित अहिंसा के लिए गांधी मार्च का आयोजन किया जाएगा।



उस दौरान गांधी अहिंसा फाउंडेशन के सहयोग से भारतीय दूतावास द्वारा साइकिल रैली और गांधी के जीवन पर प्रदर्शनी सहित पूरे देश में स्कूलों तक उनका संदेश पहुंचाया जाएगा। भारतीय दूतावास ने एक बयान जारी कर कहा कि जन्मोत्सव की शुरुआत 29 सितंबर को साइकिल रैली से की जाएगी। कार्यक्रम के तहत सादगी को लेकर गांधी के दर्शन को लोगों तक पहुंचाया जाएगा। उसके बाद 1 से 4 अक्तूबर तक आयोजित प्रदर्शनी में महात्मा गांधी के जीवन के महत्वपूर्ण हिस्से के बारे में दर्शकों को बताया जाएगा। द हेग में यह रैली भारतीय दूतावास से शुरू होगी और प्रसिद्ध पीस पैलेस, पार्लियामेंट और प्रसिद्ध रिजॉर्ट स्केवेनीनगेन से गुजरेगी और भारतीय दूतावास वापस पहुंचेगी। एजेंसी

बहन मीना की किताब का हिंदी संस्करण जारी करेंगी लता



मुंबई। सुर सम्राज्ञी लता मंगेशकर अपनी बहन मीना के संस्मरणों पर आधारित किताब 'दीदी और मैं' का हिंदी संस्करण जारी करेंगी। लता अपने जन्मदिन के एक दिन बाद 29 सितंबर को अपने आवास पर इसे जारी करेंगी। एजेंसी

गोलीबारी में रोहिंग्या दस्यु दंपती की मौत

ढाका। बांग्लादेश पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद सीमावर्ती शहर स्थित शिविर में गोलीबारी के दौरान रोहिंग्या दस्यु दंपती दिल मोहम्मद व उनकी पत्नी जहेडा बेगम की मौत हो गई। एजेंसी



पाकिस्तान में बस दुर्घटना में 26 की मौत, 13 घायल

16 सैन्यकर्मियों समेत 40 यात्री थे सवार

इस्लामाबाद। उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक यात्री बस के दुर्घटना का शिकार होने से 26 लोगों की मौत हो गई और अन्य 13 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी रास्ते पर वाहन मोड़ते समय चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया था। उन्होंने बताया कि हादसा गिलगित-बाल्टिस्तान (जीबी) के पास खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की सीमा पर बाबुसर टोप इलाके में हुआ। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की एक खबर के अनुसार बस स्कार्दू से रावलपिंडी जा रही थी।



ड्राइवर के नियंत्रण खोने के बाद हुई दुर्घटना

बस में 16 सैन्य कर्मी सहित 40 यात्री सवार थे। गिलगित-बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री के प्रवक्ता राशिद अरशद ने मलबे से महिला और बच्चों सहित 26 लोगों के शव बरामद होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि 13 यात्रियों को चिलास जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनमें से कुछ की हालत गंभीर है। डायमर पुलिस प्रवक्ता मोहम्मद वकील के अनुसार बस एक निजी कंपनी की थी, जो स्कार्दू से रावलपिंडी जा रही थी। रविवार सुबह चालक ने एक मोड़ पर वाहन पर से संतुलन खो दिया और वह पहाड़ से जा टकराई। फिलहाल अभी यह स्पष्ट नहीं है कि चालक ने वाहन पर से संतुलन कैसे खोया। 'डॉन न्यूज' की खबर के अनुसार पुलिस ने बताया कि राहत एवं बचाव दलों को मौके पर भेज दिया गया है। एजेंसी

'एक राष्ट्र एक भाषा' की हिमायत पर कनाडा में गायक मान का विरोध

जालंधर (सुरिंदर पाल)। कनाडा में 'एक राष्ट्र एक भाषा' की हिमायत करने पर लोक गायक गुरदास मान का विरोध थम नहीं रहा है। ब्रिटिश कोलंबिया के एबॉट्सफोर्ड में भी अपना शो करने पहुंचे मान को विरोध का सामना करना पड़ा। लोगों ने 'गुरदास मुर्दाबाद' के नारे लगाए और आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया।



गुरदास के शो में सात हजार टिकट की व्यवस्था थी, लेकिन दो हजार टिकट ही बिकीं। शो से दो दिन पहले ही मान ने रेडियो में इंटरव्यू दिया कि वह 'एक राष्ट्र एक भाषा' के हिमायती हैं। इसके बाद कनाडा के वैंकुवर में उनका बड़े पैमाने पर विरोध शुरू हो गया। विभिन्न जत्थेबंदियों ने मान के खिलाफ नारेबाजी की और कहा कि मान ने मां बोली पंजाबी से गद्दारी की है। गुरदास मान व केपीएस गिल क रिश्तों को लेकर भी विरोध शुरू हो गया है। एजेंसी





सऊदी ने दिया भरोसा, भारत की तेल आपूर्ति नहीं होगी कम

नई दिल्ली। अपने तेल संयंत्रों पर आज तक के सबसे बड़े हमले के बावजूद सऊदी अरब का कहना है कि वह भारतीय ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत में सऊदी अरब के राजदूत डॉ. साउद बिन मोहम्मद अल साती ने रविवार को कहा, सऊदी अरब बाजार में तेल के दामों को स्थिर बनाए रखने के लिए ओपेक के सदस्य तेल उत्पादकों और संगठन से बाहर के उत्पादकों के साथ सकारात्मक तरीके से काम कर रहा है। उन्होंने कहा, उनका देश संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों को जमीनी स्तर पर हालातों की जांच करने और हमलों की जांच में हिस्सेदारी करने के लिए आमंत्रित करेगा। उन्होंने हमलों के बाद भारत की तरफ से मिले समर्थन की प्रशंसा भी की। एजेंसी

चीन से समझौता नहीं हुआ तो गहरा सकता है ट्रेडवॉर

बीजिंग। व्हाइट हाउस ने कहा है कि अगर चीन के साथ उसका कारोबारी समझौता नहीं हो सका तो हो सकता है कि अमेरिका मौजूदा टैरिफ की दरों में 50 से 100 प्रतिशत इजाफा करके चीन पर दबाव बढ़ा दे। राष्ट्रपति कार्यालय में कार्यरत और अमेरिका की चाइना पॉलिसी के सलाहकार माइकल पिल्सबरी ने कहा कि अगर समझौते पर नहीं पहुंचा गया तो ट्रंप मौजूदा टैरिफ को बढ़ा सकते हैं जिससे यह ट्रेडवॉर और गहरी हो सकती है। विश्व की यह दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं इस वक्त ट्रेडवॉर में उलझी हुई हैं। इस मामले की शुरुआत तब हुई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते साल मार्च में चीन से आयात पर टैरिफ 25 फीसदी बढ़ा दिया। चीन, अमेरिका को सालाना 250 अरब डालर का सामान भेजता है। चीन ने भी इसका जस का तस जवाब देते हुये इतना ही टैरिफ अमेरिकी सामान पर लगा दिया। एजेंसी

पीओके : चीन को चारागाह भूमि देने के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन

घांचे (पीओके)। चीन को खनन के लिए गिलगित-बाल्टिस्तान की चारागाह भूमि देने को लेकर पाक कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। पाकिस्तान सरकार के इस फैसले के खिलाफ घांचे जिले में बड़ी तादाद में लोगों ने प्रदर्शन किया। गिलगित-बाल्टिस्तान विधानसभा (जीबीएलए) के सदस्य मिर्जा हुसैन का कहना है कि हमारी जानकारी के बिना चीन को 300 खदानों की लीज सौंप दी गई हैं। वहीं, एक स्थानीय एक्टिविस्ट सेंग एच सेरिंग ने ट्वीट किया, लोगों ने चीन के विरोध में सियाचिन रोड बंद कर दिया। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) के तहत चीन-पाक, ईरान, अफगानिस्तान तक पहुंचने के लिए गिलगित-बाल्टिस्तान के रास्तों का इस्तेमाल कर रहा है। एजेंसी

रूहानी ने लगाया अमेरिका पर खाड़ी में असुरक्षा बढ़ाने का आरोप

तेहरान। ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने खाड़ी में विदेशी ताकतों की मौजूदगी की रविवार को निंदा की और कहा कि ईरान शांति के लिए संयुक्त राष्ट्र में एक क्षेत्रीय सहयोग योजना पेश करेगा। रूहानी का यह बयान क्षेत्र में और सैनिक तैनात करने की अमेरिका की हालिया घोषणा की पृष्ठभूमि पर आया है।



कहा, संयुक्त राष्ट्र में पेश करेंगे क्षेत्रीय शांति के लिए योजना

रूहानी ने वार्षिक सैनिक परेड से पहले राष्ट्र के नाम संदेश में कहा, विदेशी ताकतें हमारे क्षेत्र के लिए और हमारे लोगों के लिए समस्याएं और असुरक्षा पैदा कर सकती हैं। उन्होंने कहा, इस संवेदनशील और अहम ऐतिहासिक क्षण में हम अपने पड़ोसियों के लिए यह घोषणा करना चाहते हैं कि हम उनकी ओर मित्रता और भाईचारे का हाथ बढ़ाते हैं। ईरान और अमेरिका के संबंध इस वक्त बेहद तनावपूर्ण हैं और इसकी शुरुआत पिछले साल उस वक्त हुई, जब अमेरिका ने 2015 के परमाणु समझौते से खुद को अलग कर लिया और ईरान पर दबाव बनाने के लिए उस पर प्रतिबंध लगाए। उन्होंने अपने भाषण में खाड़ी क्षेत्र में विदेशी ताकतों को दूर रहने को कहा। रूहानी ने कहा, आपकी मौजूदी हमेशा हमारे क्षेत्र में पीड़ा और दुख लाई है। एजेंसी



रिपोर्ट जर्नल में प्रकाशित शोध में दवाओं के निष्प्रभावी होने का खतरा बताया

रूप बदल रहा डेंगू, इलाज का असर कम

ह्यूस्टन। डेंगू वायरस की संरचना में लगातार बदलाव से इस पर वैक्सीन और इलाज का असर कम होता जा रहा है। इसका खुलासा एक अमेरिकी जर्नल प्लोस पैथोजेंस में प्रकाशित शोध से हुआ है।



40 करोड़ लोग हर साल होते हैं इससे प्रभावित

हर साल दुनियाभर में मच्छर के काटने से होने वाला जानलेवा डेंगू करीब 40 करोड़ लोगों को प्रभावित करता है। जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, वायरस का एक प्रकार डेनवी2 29 डिग्री तापमान पर लगातार गोलाकार आकार में बढ़ता रहता है। जिससे डेंगू वायरस में खास किस्म का बदलाव आ जाता है जो 37 डिग्री तापमान पर भी इंसानों पर अपना खासा असर दिखाता है। इस बदलाव से यह इंसान की प्रतिरोधी क्षमता को बेअसर कर देता है। इसके चलते वैक्सीन और इलाज का डेंगू वायरस पर असर कम होता जा रहा है। इस शोध में टेक्सास मेडिकल शाखा के प्रोफेसर पेई-यांग शी भी शामिल थे। शोधकर्ताओं ने चेताते हुए कहा कि इस संरचनात्मक बदलावों के चलते इस वायरस के खिलाफ वैक्सीन और इलाज निष्प्रभावी हो जाएगा। एजेंसी